* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 302

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

उत्तराखंड के टिहरी में लैंडस्लाइड, तीन लोगों की हुई मौत






### ‘बदलते झारखंड की बात’ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# सरकार की सोच झारखंड की जड़ मजबूत हो : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने राज्य में विकास के खाका को खींचा और उठाये गये कदमों से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में वर्तमान सरकार के गठन होते ही वैश्विक महामारी कोरोना ने देश और दुनिया में दस्तक दी। हमारी सरकार ने बिना कोई अफरा-तफरी के कोरोना संक्रमण से राज्यवासियों को बचाने का काम किया। कोरोना संक्रमण के समय अन्य राज्यों की स्थिति भी हम सभी ने देखी थी। पिछले साढ़े तीन वर्ष में हमारी सरकार कई चुनौतियों के बीच मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ रही है। हमारी सोच है कि हम झारखंड की जड़ को मजबूत करें। हालात जैसे भी हों राज्य में विकास के कार्य अवरुद्ध नहीं होने चाहिए। झारखंड हर दिन विकास की नयी ऊंचाइयों को छुए इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए राज्यवासियों की भावना के अनुरूप हमारी सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को रांची में आयोजित ‘बदलते झारखंड की बात’ विजन 2024 कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**जन भावना के अनुरूप बन रही योजनाएं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में दो चरणों में ‘सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम काफी सफल भी रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की भौगोलिक संरचना के अनुसार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना था। राज्य में बहुत ऐसे दुर्गम गांव है जहां के लोग बीडीओ, सीओ, डीसी, एसपी को देखे तक नहीं हैं। हमने बंद कमरों में नहीं बल्कि लोगों के घरों तक पहुंच कर उनके आवश्यकता के अनुरूप कार्य योजना बनाने का काम किया है, जिससे वास्तविक तौर पर योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘सरकार आपके द्वार’ के दोनों चरणों में लगभग 90 लाख से अधिक आवेदन मिले। राज्य सरकार द्वारा आम जनता से प्राप्त हुए आवेदनों का लगभग शत प्रतिशत समाधान किया गया है।

**झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य:** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य है। झारखंड देश के अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग है। अलग झारखंड के लिए न जाने कितने वीर पुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इस राज्य के लिए कई क्रांतिकारी महिला-पुरुष ने अपना योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य को अलग हुए लगभग 22 साल हो गये हैं, फिर भी यहां के मूलवासी-आदिवासियों की पहचान धुंधला सा बना रहा है। हमारी सरकार ने राज्य में आदिवासी महोत्सव के उपलक्ष में भव्य आयोजन करने का कार्य किया है। आदिवासियों की संस्कृति को बचाने का पूरा प्रयास हमने किया है।

**पूर्व की सरकार ने अहम मुद्दों पर विचार नहीं किया:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति, सरना धर्म कोड इत्यादि विधानसभा से पारित कर आगे बढ़ाने का काम किया है। कानूनी अड़चनों की वजह से ये मामले कभी महामहिम राज्यपाल तो कभी केंद्र सरकार के यहां जाकर फंस जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्यवासियों की मूल भावना को ताकत मिले और हम इसी अनुरूप कार्य करने पर अड़े हैं। हेंमत सोरेन ने कहा कि झारखंड को हर चीज में संघर्ष करना पड़ा है। पिछले 20 वर्षों में आखिर राज्य में 1932 आधारित नियोजन नीति एवं सरना धर्म कोड क्यों नहीं पारित हो सका? ओबीसी, एसटी, एससी के आरक्षण में वृद्धि क्यों नहीं हो सकी? पूर्ववर्ती सरकारों ने इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार क्यों नहीं किया। हमारी सरकार ने इन मुद्दों को गंभीरता से लिया और आगे अपनी बात रखेंगे।

**शिक्षा व्यवस्था में हुआ सकारात्मक बदलाव:** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में सभी वर्ग के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त हो इस निमित्त कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनायी गयी हैं। शिक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व बदलाव लाते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरुआत की गयी है। सीबीएसइ पैटर्न की तर्ज पर उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षा दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या लगातार बढ़ायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ निजी विद्यालयों के तर्ज पर होनहार बच्चों को शिक्षा मिले इस निमित्त बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी सरकार की है। प्रतियोगिता परीक्षा से लेकर उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण करने हेतु कई योजनाओं को चलाकर प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सरकारी नियुक्तियां और स्वरोजगार के लिए सरकार गंभीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने हजारों की संख्या में सरकारी वैकेंसी पर नियुक्ति की है। जल्द बड़ी संख्या में और भी सरकारी नियुक्तियां की जायेंगी। झारखंड के इतिहास में पहली बार बड़ी संख्या में पशु चिकित्सक, फॉरेंसिक लैब साइंटिस्ट इत्यादि की नियुक्तियां की गयी हैं। हजारों की संख्या में और भी अलग-अलग क्षेत्रों में भी सरकारी नियुक्तियां हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समावेशी विकास के लिए सरकारी नौकरी की भूमिका के साथ-साथ स्वरोजगार की भूमिका भी महत्वपूर्ण हैं। हमारी सरकार ने ऐसे कानून भी बनाये हैं कि झारखंड में स्थापित उद्योग सेक्टर में 75% स्थानीय लोगों को ही नौकरी मिले यह सुनिश्चित किये जायें। हाल के दिनों में ही हमारी सरकार ने 10 हजार से ज्यादा स्थानीय युवक-युतियों को नामी-गिरामी औद्योगिक संस्थाओं में नियोजन हेतु ऑफर लेटर देने का काम किया है। स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 100 करोड़ से अधिक की राशि ऋण स्वरूप दिया गया है।

### झारखंड से जुड़ा तार, शर्मसार हुआ राज्य

# किस पर भरोसा करें: मरे हुए दोस्त की बेटी का वह नोचता रहा जिस्म



- हिरासत में दुष्कर्म का आरोपी डिप्टी डायरेक्टर और उसकी पत्नी को भी लिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उस बच्ची को अब जीवनभर 'अंकल' शब्द डराएगा। जिसे वह अपने पिता तुल्य मानती थी, भरोसा करती थी, उसी ने ऐसा घिनौना काम किया कि चाचा-भतीजी का रिश्ता शर्मसार हो गया। उसे पैनिक अटैक आने लगे। ये कहानी आपका रिश्तों से भरोसा उठा देती है। बच्ची के पिता इस दुनिया में नहीं हैं, पर जहां भी होंगे उनकी आत्मा आज खुद को कचोट रही होगी। ऐसे शैतान से उन्होंने कैसे दोस्ती कर ली? दोस्त की मौत के बाद संभव होता तो वह परिवार की मदद करता लेकिन उसने तो हालात का फायदा उठाया। वो भी उससे जो उसकी बेटी जैसी थी। वह कई महीनों तक बच्ची की आत्मा को नोचता रहा। उसकी पत्नी को भी शर्म नहीं आयीं। दरिंदगी में उसने भी पति का ही साथ दिया।

**परिवार झारखंड का रहने वाला :** 16 साल की छात्रा 12वीं में पढ़ती है। उसके साथ हुई हैवानियत दिल्लीवालों को तब पता चली जब 7 अगस्त को नाबालिग की तबीयत खराब हुई। अस्पताल ले जाने पर पीड़िता का दर्द आंसू बनकर छलक पड़ा। उसने डॉक्टर को पूरी घटना बतायी।

बुराड़ी थाना पुलिस ने पीड़िता का बयान लिया और रेप, पॉक्सो, जबरन अबॉर्शन, जान से मारने की धमकी, मारपीट का मामला दर्ज कर लिया। बच्ची बुरी तरह से सदमे में है। उसका परिवार दिल्ली यमुना पार इलाके में रहता है। उसके माता-पिता दोनों दिल्ली सरकार के स्कूल में प्रिंसिपल थे। परिवार झारखंड का रहने वाला है। वहीं, आरोपी भी झारखंड का ही रहने वाला है।

**कई महीनों तक किया दुष्कर्म:** पुलिस के मुताबिक, पिता की मृत्यु के वह अक्टूबर 2020 से बुराड़ी में अपने पिता के दोस्त के साथ रहती थी। वह फरवरी 2021 तक उसके साथ रही। पीड़िता के अनुसार, उसके पिता के दोस्त ने 2020-21 के बीच कई महीनों तक उसका यौन उत्पीड़न, शारीरिक उत्पीड़न और बार-बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि लड़की को घबराहट होने लगी और एक सप्ताह पहले उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। व्यापक मनोवैज्ञानिक परामर्श के बाद उसने डॉक्टरों, परामर्शदाताओं और पुलिस अधिकारियों के सामने खुलकर बात की और खुलासा किया कि आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया था। पुलिस ने कहा कि नाबालिग ने खुलासा किया कि वह गर्भवती हो गयी थी। आरोपी की पत्नी ने उसे गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया था। नाबालिग की मेडिकल जांच करायी गयी है।

### आरोपी दिल्ली सरकार में है अधिकारी

दिल्ली सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग में तैनात डिप्टी डायरेक्टर प्रेमोदय खाखा और उनकी पत्नी को बुराड़ी थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस दोनों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। वहीं, घटना के बाद लड़की को पैनिक अटैक का भी सामना करना पड़ा और उसके इलाज के दौरान ये बात सामने आयी। डॉक्टरों ने बताया कि लड़की बयान देने के लिए फिट नहीं है। लड़की का बयान दर्ज करने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उधर, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्य सचिव को जांच जारी रहने तक अधिकारी को निलंबित करने का निर्देश दिया है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाला दुष्कर्म पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंची, लेकिन पुलिस ने उन्हें मिलने से रोक दिया।

## न्यूज रील्स

### राहुल गांधी बाइक से खारदुंग ला पहुंचे

लद्दाख। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 25 अगस्त तक लद्दाख के दौरे पर हैं। सोमवार को वह बाइक राइड कर खारदुंग ला पहुंचे। यहां स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवायीं। इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। राहुल गांधी 25 अगस्त को होनेवाली 30 सदस्यीय लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद-कारगिल चुनाव की बैठक में भी शामिल होंगे।

### सीवीसी की रिपोर्ट: सीबीआइ के 6841 केस कोर्ट में पेंडिंग

नयी दिल्ली। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 2022 की एनुअल रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने भ्रष्टाचार के जिन मामलों की जांच पूरी कर ली है, उनमें से 6841 मामले कोर्ट में पेंडिंग हैं। इन पर अभी तक कोई फैसला नहीं आ सका है। इनमें से 313 मामले ऐसे हैं, जिन्हें कोर्ट में पहुंचे 20 साल से ज्यादा समय हो गया है। 31 दिसंबर 2022 तक सीबीआइ के पास 692 केस पेंडिंग थे, जिनकी जांच केंद्रीय एजेंसी को करनी थी।

### 370 हटाने को सही ठहराने की याचिका खारिज

नयी दिल्ली। कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35-ए हटाने को सही ठहराने की मांग करनेवाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सीजेआइ चंद्रचूड़ ने कहा कि ये कैसी याचिका है? हमें आपकी याचिका पर वह घोषणा क्यों करनी चाहिए? याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कोर्ट ने पूछा आपके क्लाइंट को किसने राय दी है? जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आर्टिकल 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता का मुद्दा पहले से ही शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के समक्ष लंबित है।

### ओबीसी महासम्मेलन में स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंका गया

लखनऊ। मऊ में स्याही कांड के बाद अब लखनऊ में जूता कांड हुआ है। सोमवार को सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को वकील की ड्रेस पहन कर आये युवक ने जूता फेंक कर मारा। स्वामी प्रसाद सपा के पिछड़ा वर्ग के महासम्मेलन में शामिल होने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे थे। कार से उतरकर वह अंदर जा रहे थे, तभी युवक ने जूते से उन पर हमला कर दिया। जूता स्वामी प्रसाद को छूता हुआ दूर गिरा। सपा कार्यकर्ताओं ने हमलावर युवक को पकड़ लिया। उसको पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। बमुश्किल युवक को पुलिस ने सपा कार्यकर्ताओं से छुड़ाया।

# लालपुर थाना में पदस्थापित रहे दारोगा शशांक ने जहर खाकर आत्महत्या की

- साल 2022 में शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगा था
- सीआइडी की रिपोर्ट के बाद विभागीय कार्रवाई चलाने की अनुमति मिली थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लालपुर थाना में पदस्थापित रहे 2018 बैच के दारोगा शशांक कुमार ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। शशांक कुमार ने चतरा जिले के हंटरगंज स्थित अपने घर पर जहर खाकर सोमवार की देर शाम आत्महत्या कर ली। शशांक कुमार के ऊपर साल 2022 में शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगा था। इस मामले में सीआइडी की रिपोर्ट पर पुलिस मुख्यालय ने शशांक कुमार के ऊपर विभागीय कार्रवाई चलाने की अनुमति दी थी।

लालपुर थाना में पदस्थापित रहने के दौरान दारोगा शशांक कुमार से पीड़ित युवती की बातचीत मोबाइल फोन खो जाने से संबंधित केस को लेकर शुरू हुई थी। इसके बाद वह हमेशा उसे फोन करने लगा। फिर उसने शादी का प्रलोभन देकर कई बार उसका यौन शोषण किया। जब युवती गर्भवती हो गयी, तब शशांक ने युवती से लालपुर थाना परिसर स्थित मंदिर में शादी कर ली। बाद में उसने बहाना बना कर युवती को अपने साथ नहीं रख कर वापस हॉस्टल छोड़ दिया और दूसरी युवती से शादी कर ली। तब युवती ने दुष्कर्म के आरोप में शशांक के खिलाफ 8 दिसंबर 2022 को लालपुर थाना में केस दर्ज कराया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी, तब पीड़ित युवती ने आरोपी दारोगा द्वारा केस उठाने की धमकी देने से संबंधित मामले को लेकर सीआइडी मुख्यालय में शिकायत की। सीआइडी की रिपोर्ट के बाद लालपुर थाना में पदस्थापित रहे दारोगा शशांक कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई चलनेवाली थी। इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने रांची एसएसपी पत्र लिखा था, लिखे पत्र में कहा गया था कि लालपुर थाना में दर्ज कांड संख्या 255/2022 का सुपर विजन डीएसपी या एसपी स्तर से कराना सुनिश्चित करें। इस कांड में संबंधित विभागीय कार्यवाही संभवतः डीएसपी बुंडू द्वारा की जा रही है। शशांक कुमार को बुंडू डीएसपी के कार्यालय से टैग करते हुए विभागीय कार्रवाई का निष्पादन 15 दिनों के अंदर कराना सुनिश्चित करें। प्रथम द्दष्टया पाया गया है कि दारोगा शशांक ने दो शादी की है।

### ‘पढ़ेगा सिल्ली, बढ़ेगा सिल्ली' अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत

# ‘स्टूडेंट एक्सप्रेस’ में फ्री में सवारी कर सकेंगे छात्र

- विधायक सुदेश महतो ने सोनाहातू से रांची के लिए शुरू की बस सेवा
- छात्रों को फ्री में वाइफाई की सुविधा भी मिलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधायक अगर सोच ले तो वह अपने क्षेत्र में विकास के नये-नये आयाम को गढ़ सकता है। लोगों को हर सुविधा उपलब्ध कराया जा सकता है। जरूरत है केवल दृढ़ संकल्पित होने की। ऐसा ही कुछ सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने किया है। सोनाहातू-सिल्ली में स्थानीय विधायक सुदेश महतो की पहल पर 'पढ़ेगा सिल्ली, बढ़ेगा सिल्ली' अभियान के पहले चरण के तहत हाइस्कूलों में स्मार्ट क्लास की शुरुआत की थी। अब अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत छात्रों के लिए 'स्टूडेंट एक्सप्रेस' की शुरुआत की है। सुदेश सोमवार को सोनाहातू ब्लॉक के छात्रों के लिए ‘स्टूडेंट एक्सप्रेस’ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

**छात्रों के लिए फ्री में बस सेवा :** सुदेश महतो 'स्टूडेंट एक्सप्रेस' की शुरुआत के दौरान छात्रों के बीच कार्ड का वितरण भी किया। इस स्टूडेंट एक्सप्रेस के जरिए स्टूडेंट फ्री में बस सेवा का लाभ उठा पायेंगे। इसके साथ ही छात्रों को फ्री वाईफाई भी उपलब्ध करायी जायेगी। वहीं उनकी सुविधा और सुरक्षा के द्दष्टिकोण से बस में महिला गार्ड भी मौजूद रहेंगी। बस के अंदर सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं।

**सोनाहातू से रांची के लिए चलेंगी बस :** बता दें, स्टूडेंट एक्सप्रेस बस सोनाहातू से रांची के लिए चलेगी। यह बस छात्रों को सोनाहातू से रांची लेकर जायेगी और फिर रांची से वापस सोनाहातू लेकर आयेगी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# कांग्रेस आलाकमान के नक्शे से झारखंड-बिहार गायब

## ■ खड़गे की नयी टीम में आदिवासियों और पिछड़ों की पूरी तरह अनदेखी

## ■ डॉ अजय और कन्हैया हैं इन दोनों राज्यों में पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा

## ■ यूपी के साथ इन दोनों राज्यों में पार्टी की कमान अगड़ी जाति के नेताओं को

**आजाद सिपाही विशेष**

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी, कांग्रेस ने अपनी नयी कार्यसमिति गठित कर एक ऐसे विवाद को जन्म दे दिया है, जिसके कारण इसकी चुनावी संभावनाएं धूमिल पड़ सकती हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो नयी कार्यसमिति बनायी है, उसमें झारखंड और बिहार की पूरी तरह उपेक्षा कर दी गयी है। इन दोनों राज्यों, जहां लोकसभा की कुल 54 सीटें हैं और दोनों ही राज्यों में कांग्रेस सत्ता में साझीदार है, का कोई आदिवासी या पिछड़ा नेता पार्टी की शीर्ष समिति में जगह नहीं पा सका है। इसको लेकर दोनों राज्यों में पार्टी के अंदर फुसफुसाहट शुरू हो गयी है। कार्यसमिति को छोड़ भी दिया जाये, तो इन दोनों राज्यों के साथ यूपी में पार्टी की कमान अगड़ी जाति के नेताओं को सौंप दी गयी है। इसका सीधा असर आदिवासियों और पिछड़ों पर पड़ेगा। वैसे भी हिंदी पट्टी के ये तीन राज्य हमेशा से जातीय राजनीति के लिए पूरी दुनिया में चर्चित रहे हैं। ऐसे में कभी देश की सियासत के केंद्र में रही और करीब साढ़े छह दशक तक देश की सत्ता पर बिना किसी चुनौती के राज करनेवाली सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस में इनकी उपेक्षा से साफ हो गया है कि पार्टी आलाकमान आज भी संगठन को अपने हिसाब से चलाना चाहता है। उसे न तो पार्टी की वास्तविक हालत का अंदाजा है और न ही धरातल की असलियत का। 2014 के आम चुनाव में कांग्रेस के पराभव का सिलसिला शुरू होने के बाद से वह अब अपना अस्तित्व बचाने की जद्दोजहद में लगी हुई दिख तो रही है, लेकिन इसका शीर्ष नेतृत्व, जिसे आलाकमान कहा जाता है, ही इस दिशा में गंभीर नहीं दिख रहा है। कांग्रेस की नयी कार्यसमिति में झारखंड और बिहार की इसी उपेक्षा के संभावित असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह




अगले आम चुनाव के सहारे देश की राजनीति की मुख्यधारा में लौटने और पिछले दो चुनावों में अपनी ऐतिहासिक पराजय का दर्द भूलने की जद्दोजहद में जुटी देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की नयी कार्यसमिति का गठन कर लिया गया है। कई दौर की मुलाकात और लंबी चर्चा के बाद आखिरकार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस नयी कांग्रेस कार्यसमिति का गठन कर दिया। इस नयी कार्यसमिति के गठन पर पार्टी अध्यक्ष की छाप साफ नजर आती है। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के अनुभव के साथ युवाओं के जोश को शामिल करने का प्रयास किया है। कहा तो जा रहा है कि सामाजिक तालमेल बनाते हुए नयी टीम में कई नये लोगों को मौका दिया गया है। लेकिन हकीकत इससे पूरी तरह अलग है। कांग्रेस आलाकमान ने नयी कार्यसमिति में झारखंड और बिहार की पूरी तरह उपेक्षा कर दी है। झारखंड से डॉ अजय कुमार और बिहार के कन्हैया कुमार को नयी कार्यसमिति में जरूर जगह मिली है, लेकिन ये दोनों नेता इन राज्यों से अधिक दूसरे राज्यों में सक्रिय हैं। इनमें डॉ अजय कुमार तो नौकरी करने 1984 में यहां आये। नौकरी की, जेवीएम ज्वाइन की, फिर पाला बदलते हुए कांग्रेस की चादर ओढ़ ली। कुछ दिन यहां रहे, फिर झारखंड से नाता तोड़ लिया और दिल्ली के हो गये। झारखंड में उनके दर्शन कभी कभार ही होते हैं। इतना ही नहीं, इन दोनों राज्यों से किसी आदिवासी, अल्पसंख्यक या पिछड़े वर्ग के नेता को भी नयी कार्यसमिति में जगह नहीं दी गयी है, जबकि इन राज्यों में लोकसभा की 54 सीटें हैं और दोनों ही राज्यों में कांग्रेस सत्ता में साझीदार है।

### किसे मिली है नयी कार्यसमिति में जगह

कांग्रेस कार्यसमिति में पार्टी अध्यक्ष ने सभी को साथ लेकर चलने की बात कही है। कुछ नेताओं को छोड़ कर उन्होंने पुरानी कार्यसमिति के लगभग सभी सदस्यों को नयी समिति में जगह दी है। सबको खुश करने के लिए पार्टी की सर्वोच्च नियामक समिति के सदस्यों की संख्या 23 से बढ़ा कर 35 कर दिया गया, लेकिन सचमुच में झारखंड और बिहार से जिन तपे-तपाये नेताओं को पार्टी में जगह दी जानी चाहिए थी, उन्हें नहीं मिली। उनकी जगह पर आयातित नेताओं को जगह दे दी गयी, जिनके दिल में दिल्ली बसती है।

### चुनावी राज्यों पर अधिक ध्यान

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नयी कार्यसमिति में चुनावी राज्यों का खास ध्यान रखा है। राजस्थान से सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, महेंद्रजीत सिंह मालवीय और हरीश चौधरी सहित पांच नेताओं को शामिल किया गया है। मालवीय आदिवासी पट्टी से आते हैं और मानगढ़ धाम रैली की सफलता में उनकी भूमिका अहम थी। छत्तीसगढ़ से ताम्रध्वज साहू और सांसद फूलो देवी नेताम को शामिल किया गया है। टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाने के बाद साहू को कार्यसमिति में शामिल कर पार्टी ने उनकी नाराजगी दूर करने का प्रयास किया है। मध्यप्रदेश में भी कमलेश्वर पटेल और मीनाक्षी नटराजन सहित कई नेताओं के जरिये पार्टी ने सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश की है।

### झारखंड-बिहार की उपेक्षा पर सवाल

नयी कार्यसमिति के गठन के साथ ही झारखंड और बिहार की उपेक्षा पर सवाल भी उठने लगे हैं। पार्टी के कुछ लोग कह रहे हैं कि इन दोनों राज्यों में पार्टी सत्ता में साझीदार भी है, फिर यहां के नेताओं की अनदेखी क्यों की गयी है। झारखंड और बिहार के कई दिग्गज कांग्रेसी अब भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचाने जाते हैं। इतना ही नहीं, आदिवासियों और पिछड़ों के बीच भी इन नेताओं की अलग पहचान है। ऐसे में इन दोनों राज्यों की अनदेखी पार्टी के लिए महंगी पड़ सकती है। सवाल तो यह भी उठ रहा है कि क्या झारखंड की 14 सीटों पर चुनाव लड़ने और जीतने का दावा करनेवाले कांग्रेस नेताओं की पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के सामने कोई पहचान ही नहीं है। क्या झारखंड और बिहार की माटी में तपा-तपाया नेता पार्टी की इस सर्वोच्च समिति में जगह पाने के काबिल नहीं है।

### झारखंड-बिहार के साथ यूपी में भी पिछड़ों की अनदेखी

कांग्रेस कार्यसमिति के अलावा पार्टी की प्रदेश इकाइयों में भी पिछड़े वर्ग की घनघोर अनदेखी की गयी है। झारखंड-बिहार के साथ यूपी में भी प्रदेश की कमान अगड़ी जाति के नेताओं के हाथों में है, जबकि दुनिया जानती है कि इन तीन राज्यों में जाति आधारित राजनीति सबसे ऊपर रहती है। कांग्रेस आलाकमान शायद इस हकीकत से वाकिफ नहीं है।

### क्यों कमजोर हो गयी है कांग्रेस

आज से 137 साल पहले 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में जब एलेन ऑक्टेवियन ह्यूम, दादाभाई नौरोजी और दिनशॉ एडुलजी वाचा ने कांग्रेस की नींव रखी थी, तब किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह पार्टी अगले एक सौ साल तक भारतीय राजनीति के केंद्र में रहेगी। लेकिन यह हुआ और कम से कम 20वीं शताब्दी में एकाध अवसरों को छोड़ कर कांग्रेस को कभी कहीं से गंभीर चुनौती नहीं मिली। लेकिन 2014 के आम चुनाव में शर्मनाक पराजय के बाद से कांग्रेस के पराभव का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह आज तक थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। आखिर ऐसा क्यों है कि जिस पार्टी ने देश के राजनीतिक इतिहास को नया आयाम दिया, वह नेपथ्य में चली गयी और आज वह न तो किसी को चुनौती देने की स्थिति में है और न ही अपने कमजोर हो चुके घर को संभालने में।

इसका एकमात्र कारण यह है कि 2014 के आम चुनाव में अब तक की सबसे करारी पराजय झेलने के बावजूद पार्टी ने अपनी पुरानी लीक नहीं छोड़ी। इंदिरा गांधी के बाद कांग्रेस ने जिनके हाथ में नेतृत्व की चॉबी सौंपी, उनके लिए राजनीति में तपे-तपाये नेताओं की जगह ब्यूरोक्रेट्स और टेक्नोक्रेट्स अहम हो गये। वह सिलसिला आज तक जारी है। उसके नेतृत्व पर, नीतियों पर और रणनीति पर लगातार सवाल उठते रहे हैं, लेकिन पार्टी के भीतर कुछ नहीं बदला। 2019 में कमोबेश यही स्थिति रही। हालांकि बीच में दिसंबर 2018 में तीन राज्यों की सत्ता में वापसी से कांग्रेस को कुछ हौसला मिला। लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड में पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। उसका एक कारण यह था कि झामुमो को भाजपा के विकल्प के रूप में झारखंड के लोगों ने मान लिया और उसका परिणाम यह हुआ कि झामुमो के साथ ही कांग्रेस भी राजनीतिक बेड़ा पार कर लिया। एक कारण यह भी था कि तब यहां के प्रदेश अध्यक्ष की कमान झारखंड के हाथ में थी। तब तक पार्टी में बहुत कुछ बदलने का दौर शुरू हुआ था, लेकिन लगातार दो आम चुनावों में हार से कांग्रेस के भीतर खलबली मच गयी। पार्टी के पुराने नेताओं ने इस हार के लिए नयी परिपाटी को जिम्मेदार ठहराया। इसका सीधा परिणाम यह हुआ कि पार्टी नेताओं की नयी पौध मुरझाने लगी। पुराने और बुजुर्ग कांग्रेसी एक बार फिर नेतृत्व की भूमिका में आ गये। इसी संक्रमण ने कांग्रेस का बड़ा नुकसान किया।

### 'केवल मैं' से पार्टी का बेड़ा पार नहीं लगाया जा सकता

कांग्रेस की परंपरा रही है कि यह दिल्ली से चलती है और दिल्ली से ही रुकती है। कांग्रेस की नयी पौध ने इसे बदलने का बीड़ा उठाया था, लेकिन यह प्रभावी नहीं हुआ। पार्टी के पुराने लोग भूल गये कि सूचना क्रांति और तकनीकी के इस दौर में पार्टी पुरानी परिपाटी से नहीं चल सकती है। आक्रामक राजनीति के युग में 'केवल मैं' से पार्टी का बेड़ा पार नहीं लगाया जा सकता। नयी कार्यसमिति में इसी 'मैं' की छाप दिखती है, जो पार्टी के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। कहने को तो कांग्रेस कहती है कि उसकी प्राथमिकता सूची में झारखंड, बिहार और यूपी के पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक हैं, लेकिन नेतृत्व की मुख्य कतार में इन्हें जगह नहीं देना क्या कथनी और करनी में फर्क को नहीं दर्शाता।

---

# लातेहार में जेएलटी उग्रवादी संगठन ने डीवीसी कांटाघर में उत्पात मचाया

## धीरज के नाम का पर्चा फेंका, लेवी की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार डीवीसी द्वारा संचालित लातेहार सुबोध कोलमाइंस में बीती रात्रि हथियारबंद अपराधियों ने जम कर उत्पात मचाया है। अपराधियों ने माइंस के कांटाघर को पेट्रोल छिड़क कर आग के हवाले कर दिया। उसके साथ ही कांटा कर्मी और अन्य लोगों की पिटाई भी की। घटना की जानकारी जब कांटा के पास स्थित माइंस कैंप में ड्यूटी पर तैनात एक्स आर्मी मैन को हुई, तो उसने 10 राउंड फायरिंग की। जवाब में अपराधियों ने भी फायरिंग की। बताया जाता है कि अपराधियों की संख्या नौ थी। उन्होंने अपने चेहरे को कपड़े से ढंक रखा था। यह घटना बीती रात लगभग 1:30 बजे की है। अपराधियों ने जेएलटी झारखंड लाल टाइगर के सुप्रीमो धीरज के नाम पर्चा फेंका है। इधर, घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस घटना के तुरंत बाद लातेहार इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। छापेमारी दल का गठन कर अग्रेतर कार्रवाई में लग गये। वहीं आशुतोष कुमार ने कहा कि घटना को अंजाम देनेवाला कोई भी हो, पुलिस से नहीं बचेगा।

जानकारी मिल रही है कि लेवी के लिए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना को अंजाम के दौरान अपराधियों ने जेएलटी लाल टाइगर सुप्रीमो धीरज के नाम से जो पर्चा फेंका है, उसमें साफ लिखा गया है कि बिना संगठन को मैनेज किये काम किया, तो इससे भी बुरा अंजाम होगा। बताते चलें कि जेएलटी ने इस क्षेत्र में बहुत दिनों बाद दस्तक दी है।

---

# 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट रेप विक्टिम को अबॉर्शन की दी इजाजत

**गुजरात हाइकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब केस हमारे पास है तो आपने फैसला कैसे सुनाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** गुजरात की रहने वाली 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट रेप विक्टिम को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अबॉर्शन की इजाजत दे दी। महिला ने पहले हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने बिना कारण बताये 17 अगस्त को उसकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद पीड़ित 19 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट पहुंची। उसी दिन गुजरात हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एक ऑर्डर जारी किया। जिसमें लिखा कि उन्होंने पीड़ित पक्ष की याचिका खारिज करते हुए उनसे पूछा था कि क्या वह बच्चे को जन्म देकर उसे स्टेट को सौंपना चाहती हैं।

गुजरात हाइकोर्ट का यह ऑर्डर देख सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना काफी नाराज हुईं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के किसी आदेश के जवाब में हाइकोर्ट से कुछ ऑर्डर आता है, इसे हम सही नहीं मानते। गुजरात हाइकोर्ट में यह क्या हो रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि एक महिला का दुष्कर्म होना, अपने आप में कष्टदायक है। इसके बाद अगर वह प्रेग्नेंट हो जाये तो यह पुराने घावों की याद दिलाता रहता है। ऐसे में हम मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, विक्टिम को अबॉर्शन की इजाजत देते हैं। कोर्ट पीड़ित को मंगलवार को अस्पताल जाने की निर्देश देती है, ताकि अबॉर्शन की प्रोसेस को पूरा किया जा सके।

---

## मानगो नाबालिग दुष्कर्म मामले में हाइकोर्ट का फैसला

# स्वास्थ्य मंत्री के भाई सहित 22 पर चलेगा मुकदमा

**सभी को निचली अदालत में ट्रायल फेस करना होगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्री के भाई सहित अन्य 22 की याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें निचली अदालत के मानगो नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपित बनाये जाने के आदेश को चुनौती दी गयी थी।

### हाइकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को सही ठहराया

अदालत ने सभी को सीआरपीसी धारा 319 (आरोपित बनाने) के तहत नोटिस जारी कर आरोपित बनाने का आदेश दिया था। पूर्व में सभी की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि निचली अदालत का आदेश बिल्कुल सही है। इसमें हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है। सभी को निचली अदालत में ट्रायल फेस करना होगा।

### कोर्ट में पीड़िता ने सभी आरोपितों का लिया था नाम

पिछली सुनवाई के दौरान पीड़िता के अधिवक्ता देवेश आजमानी की ओर से कहा गया कि पीड़िता ने जमशेदपुर एसएसपी को नवंबर 2017 में आवेदन दिया था, लेकिन दो माह बाद जनवरी 2018 में प्राथमिकी दर्ज की गयी। प्राथमिकी के बाद बयान में पीड़िता ने सभी आरोपितों का नाम लिया था। इसके अलावा कोर्ट में गवाही के दौरान भी पीड़िता ने पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। ऐसे में निचली अदालत का आदेश बिल्कुल सही है।

### बन्ना गुप्ता का भाई भी है आरोपित

इस मामले में आरोपित स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता सहित अन्य की ओर से अदालत को बताया गया कि उनका नाम न तो प्राथमिकी में था और न ही पीड़िता के बयान में आया था, लेकिन अदालत ने दो साल बाद उन्हें सीआरपीसी की धारा 319 (आरोपित बनाना) के तहत नोटिस जारी कर आरोपित बनाया है। उक्त आदेश को निरस्त कर देना चाहिए।

### नाबालिग संग कई लोगों ने किया था दुष्कर्म

बता दें कि पीड़िता की मां ने गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेट्टा और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी सहित 22 लोगों को आरोपित बनाने के लिए जमशेदपुर की अदालत में आवेदन दिया था। कोर्ट ने आवेदन को स्वीकार करते हुए सभी 22 को मामले में आरोपित बनाते हुए मुकदमा चलाने का आदेश दिया है।

इसके खिलाफ स्वास्थ्य मंत्री के भाई गुड्डू गुप्ता सहित 16 आरोपितों ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। बता दें कि यह घटना 19 जनवरी 2018 की है। पीड़िता ने अदालत में दर्ज कराये गये बयान में कहा था कि उसके साथ डीएसपी और थानेदार सहित कई लोगों ने दुष्कर्म किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.2 °c | 24.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.27 बजे |

## पहल : झारखंड पुलिस और एसबीआइ के बीच एमओयू

# दुर्घटना में पुलिसकर्मियों की मौत पर परिजनों को मिलेगा 50 लाख रुपये

**वायुयान दुर्घटना पर एक करोड़ रुपया दिया जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस मुख्यालय में सोमवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में भारतीय स्टेट बैंक के बीच पुलिस सैलरी पैकेज के लिए एक एमओयू किया गया। इस एमओयू में डीजीपी की ओर से डीआइजी बजट डॉ शम्स तबरेज और एसबीआइ की ओर से रांची जोन के डीजीएम देवेश मित्तल ने हस्ताक्षर कर एक दूसरे को एमओयू के दस्तावेज सौंपे। इस सैलरी पैकेज से पुलिस कर्मियों को निम्न सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी।

इसमें व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा 50 लाख, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी आंशिक विकलांगता पर 30 लाख, वायुयान दुर्घटना पर एक करोड़ रुपया दिया जायेगा। साथ ही व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित बच्चों की उच्चतर शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख तथा अविवाहित बच्चियों के विवाह के लिए भी बीमा राशि अधिकतम 10 लाख दिये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा नक्सल हिंसा, उग्रवादियों, अपराधियों की ओर से घात लगा कर किये गये हमलों में शहीदों के आश्रित को अतिरिक्त 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को प्लेटिनम कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा, इसके तहत दुर्घटना आदि में मौत होने पर 10 लाख रुपये का अतिरिक्त बीमा कवर उपलब्ध होगा। ये सभी बीमा सुविधाएं भारतीय स्टेट बैंक की ओर से पुलिस सैलरी पैकेज के तहत खाता धारक को निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। इस अवसर पर एडीजी मुरारी लाल मीणा, एडीजी डाक्टर संजय आनंद राव लाटकर, आइजी मनोज कौशिक, आइजी अखिलेश, आइजी अमोल वी होमकर, आइजी प्रभात कुमार, भारतीय स्टेट बैंक की ओर से पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित, प्रभाष बोस और आलोक रंजन उपस्थित थे।

## 14 आइएएस अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग

# रांची के नये नगर आयुक्त बने अमित कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के 14 आइएएस अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। इसमें कई पदस्थापन की प्रतीक्षा में थे। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी की है।

### आइएएस अधिकारी : कहां थे : कहां गये

**अरवा राजकमल :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारतः खान निदेशक (निदेशक, उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार)

**अमित कुमारः** खान निदेशक : नगर आयुक्त, रांची (उपाध्यक्ष, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार का अतिरिक्त प्रभार)

**संजय सिन्हा :** डीडीसी, गोड्डा : निदेशक, कृषि

**शशि प्रकाश झा :** अपर सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग : निदेशक, समाज कल्याण विभाग

**संदीप सिंह :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारतः सीइओ, जेएसएलपीएस

**भुवनेश प्रताप सिंहः** निदेशक, समाज कल्याण : सीइओ, जैप आइटी

**घोलप रमेश गोरख :** संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग : संयुक्त सचिव, वित्त विभाग

**अजयनाथ झा :** अपर सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग : आदिवासी कल्याण आयुक्त

**सूरज कुमार :** सीइओ, जेएसएलपीएस : निबंधक, सहयोग समितियां, झारखंड

**सुशांत गौरव :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत : निदेशक, खेलकूद

**फैज अहमद मुमताज :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत : उत्पाद आयुक्त, झारखंड (प्रबंध निदेशक, झारखंड विभरेज कॉरपोरेशन का अतिरिक्त प्रभार)

**भोर सिंह यादव :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत : वाणिज्य कर आयुक्त, रांची

**माधवी मिश्रा :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत : प्रबंध निदेशक, झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम

**आदित्य रंजन :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत : निदेशक, पशुपालन।

# हाइकोर्ट ने आइएएस मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में चुनाव आयोग से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने देवघर के उपायुक्त रहते मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में चुनाव आयोग को तीन सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 20 सितंबर निर्धारित की है।

मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (इसीआइ) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर हाइकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। ईसीआइ की ओर से अधिवक्ता एके सिंह और शिवम कुमार ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार ने पक्ष रखा।

डीसी देवघर मंजूनाथ ने याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें पद से हटाने का आदेश राज्य के मुख्य सचिव को भेजा है, जबकि किसी भी अधिकारी के पदस्थापन और तबादले का अधिकार राज्य सरकार के पास है। चुनाव आयोग को सरकार के अधिकारी को इस तरह का आदेश देने का अधिकार नहीं है।

दरअसल, चुनाव आयोग ने 6 दिसंबर, 2021 को झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा था, जिसमें मंजूनाथ को पद से हटाने और उन्हें चुनावी कार्य में नहीं लगाने का आदेश दिया था। मुख्य सचिव को मंजूनाथ के खिलाफ आरोप पत्र गठित करते हुए कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया था। साथ ही सांसद के खिलाफ छह माह में विलंब से आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज करने पर जवाब मांगा था। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को मंजूनाथ को डीसी के पद से हटाने का आदेश दिया था।

# डीएसपी राजेंद्र दुबे को इडी ने फिर भेजा समन

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज में 1000 करोड़ का अवैध खनन मामला**

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अब वहां के डीएसपी राजेंद्र दुबे को फिर से समन किया है। पूर्व में उनसे इसी मामले में गत वर्ष 9 दिसंबर को पूछताछ हुई थी। अब इडी ने उन्हें 4 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है।

बताया जा रहा है कि अवैध खनन मामले में इडी के अहम गवाह रहे विजय हांसदा की गवाही से मुकरने के मामले में भी डीएसपी राजेंद्र दुबे की अहम भूमिका रही है। इन सभी बिंदुओं पर इडी उनका बयान लेगी। राजेंद्र दुबे को बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का करीबी बताया गया है। पंकज मिश्रा अवैध खनन मामले के आरोपित हैं, जिन्हें इडी ने गत वर्ष 19 जुलाई को गिरफ्तार किया था।

राजेंद्र दुबे पर पूर्व में यह आरोप लग चुका है कि वह पंकज मिश्रा के इशारे पर काम करते थे। रिम्स में पंकज मिश्रा के इलाजरत रहते हुए उनसे मुलाकात भी की थी और फोन पर बातचीत भी की थी। राजेंद्र दुबे पर यह भी आरोप है कि पंकज मिश्रा के कहने पर उन्होंने इडी के गवाहों को जेल भी भेजा था। अवैध खनन में पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों को नियम विरुद्ध जाकर मदद भी की थी। पूछताछ के बाद इडी ने उनसे उनकी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा भी मांगा था। गत वर्ष 9 दिसंबर को इडी की पूछताछ में डीएसपी राजेंद्र दुबे ने यह स्वीकार किया था कि उन्होंने नियम विरुद्ध जाकर रिम्स के पेइंग वार्ड में पंकज मिश्रा से मुलाकात की थी। पंकज मिश्रा और अन्य वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर उन्होंने इडी के गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी।

### विजय हांसदा के मुकरने के मामले में भी इडी लेगी बयान

इडी सूत्रों के अनुसार, डीएसपी राजेंद्र दुबे से विजय हांसदा प्रकरण में भी पूछताछ की जायेगी। विजय हांसदा इडी का गवाह रहा है, जो वर्तमान में अपनी गवाही से मुकरा है। इडी को यह सूचना है कि विजय हांसदा को डराया-धमकाया गया है और प्रलोभन दिया गया है, जिसके बाद ही वह गवाही से मुकरा है। अब इडी डीएसपी राजेंद्र दुबे से विजय हांसदा प्रकरण पर सख्ती से पूछताछ करेगी। इडी यह जानना चाहेगी कि विजय हांसदा को गवाही से मुकरने के लिए कौन-कौन लोग दोषी हैं और उनकी क्या भूमिका है।

# हाइकोर्ट ने छवि रंजन की जमानत याचिका पर इडी से कहा- जल्दी पूरी करें जांच

**मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने लैंड स्कैम मामले में निलंबित आइएएस छवि रंजन की जमानत अर्जी पर इडी से जवाब मांगा है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को करेगी। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने छवि रंजन की याचिका पर इडी से मौखिक रूप से पूछा है कि क्या अभी इस केस में जांच जारी है। कोर्ट ने इडी को निर्देश दिया है कि अगर जांच जारी है, तो इसे जल्द पूरा किया जाये। छवि रंजन ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) कोर्ट के आदेश को हाइकोर्ट में चुनौती दी है। हाइकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अभिषेक सिंह और अभिषेक चौधरी ने बहस की।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीनों सहयोगियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद के खिलाफ इडी ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र सोमवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दाखिल किया गया है। सीए नीरज मित्तल पर टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संलिप्त रहने का आरोप है। नीरज मित्तल को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद पर वीरेंद्र राम की काली कमाई को सफेद करने के तहत पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। नीरज मित्तल पेशे से एक चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। तीनों आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।

**वृष** लोकप्रियता का विस्तार,अधूरा कार्य पूरा होगामान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** गृहपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**सिंह** परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे, आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

**वृश्चिक** चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**धनु** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**कुंभ** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी,नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा

**मीन** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर, परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

## पांच डीएसपी की पोस्टिंग

**रांची।** राज्य में पांच डीएसपी को पोस्टिंग दी गयी है। इनमें चार डीएसपी को एटीएस और एक डीएसपी को झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में पदस्थापित किया गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदीप कुमार, रोहित रंजन सिंह, सुरेश प्रसाद यादव और रोहित कुमार रजवार को झारखंड एटीएस और धनंजय कुमार राम को झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में पदस्थापित किया गया है।

# दुमका में जल्द खुलेगा सूबे का दूसरा सैनिक स्कूल, 50 एकड़ जमीन चिह्नित

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** जल्द ही झारखंड में दूसरा सैनिक स्कूल स्थापित होने जा रहा है। वह भी दुमका जिला अंतर्गत जरमुंडी प्रखंड के विशुनपुर में। इसके लिए आवश्यक 50 एकड़ जमीन की उपलब्धता काफी पहले ही सुनिश्चित करायी जा चुकी है और राज्य सरकार के स्तर से आवश्यक कागजात भी आगे बढ़ाया जा चुका है। माना जा रहा है कि जल्द ही केंद्रीय टीम इसको लेकर जरमुंडी के विशुनपुर मौजा का दौरा कर सकती है। जिले के अपर समाहर्ता राजीव कुमार ने बताया कि विशुनपुर के खाता संख्या 32, थाना संख्या 16 में दाग नंबर 455 के प्लॉट को इसके लिए चयनित किया गया है।

**तीन और केंद्रीय विद्यालय खोला जाना भी है प्रस्तावित**

दुमका में जामा, रानीश्वर और जरमुंडी प्रखंड में केंद्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव आया है। दुमका सदर प्रखंड के धाधकिया गांव में एक केंद्रीय विद्यालय संचालित है। इसका भव्य भवन बन चुका है और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित परिसर विकसित किया जा चुका है। इन तीन केंद्रीय विद्यालयों के लिए भी जमीन से संबंधित प्रस्ताव को लेकर जिलास्तर से प्रयास किये जा रहे हैं। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों से इस बाबत रिपोर्ट की भी मांग की गयी है।

### रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित होता है सैनिक स्कूल

सैनिक स्कूल रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित होता है और पूर्णतः आवासीय होता है। सीबीएसइ पाठ्यक्रम में यहां पढ़ाई होती है। देश के अधिकांश राज्यों में सैनिक स्कूल हैं। देशभर में अभी कुल 33 सैनिक स्कूल संचालित हैं। बिहार, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, ओड़िशा, राजस्थान ऐसे राज्य हैं, जहां दो-दो सैनिक स्कूल हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में तीन सैनिक स्कूल हैं। झारखंड में तिलैया में सैनिक स्कूल है। सैनिक स्कूल मूल रूप से देश की रक्षा सेवाओं में योग्य अधिकारी तैयार करने के ध्येय से स्थापित किये जाते हैं। यह स्कूल राष्ट्रीय डिफेंस एकेडमी और भारतीय नौसेना अकेडमी में अधिकारी वर्ग की पदों के लिए विद्यार्थियों को तैयार करते हैं। सेना में अनुशासन और दक्षता की बहुत आवश्यकता होती है। इसके लिए ऐसे बच्चों को तैयार करना होता है, जो बचपन से ही अनुशासित और तेज-तर्रार हों। इसके लिए कम आयु से ही बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना होता है। यह देश के सामान्य स्कूलों में इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि वहां पर अच्छी आधारभूत संरचना और योग्य प्रशिक्षक नहीं होते हैं, जो सेना की आवश्यकताओं के अनुसार छोटे बच्चों को योग्य सैनिक अधिकारी बनने के लिए तैयार कर सकें।

# पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों ने अर्जुन सुरीन को मार कर फांसी पर लटकाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने पुलिस का मुखबिर होने के शक में एक व्यक्ति की हत्या कर दी है। घटना घोर नक्सल प्रभावित गोईलकेरा थाना क्षेत्र के लावाबेड़ा वन ग्राम की है। यह गांव गोईलकेरा थाना से 35 किलोमीटर दूर है। घोर जंगल में बसे इस गांव में अब तक पुलिस नहीं पहुंची है। इस बात की अब तक पुष्टि नहीं हो पायी है कि उसकी हत्या क्यों और किसने की। लेकिन, बताया जा रहा है कि भाकपा माओवादी के सदस्यों ने उसकी हत्या की है। नक्सलियों को अर्जुन पर शक था कि वह पुलिस का मुखबिर है।

### दो दिन में दो की हत्या से गोइलकेरा में दहशत

पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में दो दिन में दूसरा शव बरामद हुआ है। रविवार को रामदो सुरीन का शव बरामद हुआ था और सोमवार को अर्जुन सुरीन का शव फांसी के फंदे से झूलता मिला है। आशंका व्यक्त की जा रही है नक्सलियों ने ही अर्जुन सुरीन को मारकर फांसी के फंदे से लटका दिया है। एक दिन पहले रामदो सुरीन की गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी। उसके शव के पास तीन पर्चे मिले थे, जिसमें कहा गया था कि रामदो सुरीन पुलिस का मुखबिर था। इसलिए उसे सजा दी गयी है। दो दिन में दो लोगों की हत्या से गोइलकेरा में दहशत है।

### अर्जुन सुरीन के शव के पास नहीं मिला कोई पर्चा

हालांकि, अर्जुन सुरीन के शव के पास ऐसा कोई पर्चा बरामद नहीं हुआ है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस भी वहां नहीं पहुंची थी। अर्जुन सुरीन की पत्नी ने ग्रामीणों को सूचना दी कि उसके पति का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। ग्रामीणों ने उसे थाने में इसकी शिकायत करने की सलाह दी। अर्जुन सुरीन का शव लावाबेड़ा वन ग्राम में मिला था। बताया जा रहा है कि उसका परिवार लावाबेड़ा वन ग्राम में रहता है, इसलिए उसे वहीं फांसी के फंदे से टांग दिया गया।

### 6 दिन पहले रामदो और अर्जुन सुरीन को नक्सलियों ने उठाया

सूत्र बता रहे हैं कि छह दिन पहले मंगलवार (15 अगस्त 2023) को रामदो सुरीन (62) और अर्जुन सुरीन (45) को लावाबेरा वन ग्राम से भाकपा माओवादी के सदस्यों ने उठाया था। रविवार (20 अगस्त) को सुबह रामदो सुरीन का शव मिला। अब सोमवार को अर्जुन सुरीन का शव मिला है।

### जहां रहता है परिवार, वहीं पर फेंका शव

रामदो सुरीन की गला रेतकर हत्या करने के बाद उसके शव को गितिलिपि में फेंक दिया गया था। बताया जा रहा है कि रामदो सुरीन का परिवार गितिलिपि में रहता है, इसलिए उसके शव को उसके गांव के पास फेंका गया। वहीं, अर्जुन सुरीन का परिवार लावाबेड़ा वन ग्राम में रहता है। इसलिए उसके शव को वहां टांग दिया गया।

बताया जा रहा है कि इलाके में नक्सलियों का दबदबा कायम रखने के लिए भाकपा माओवादी के सदस्य इलाके में हत्या को अंजाम दे रहे हैं। दरअसल, नक्सल प्रभावित गोइलकेरा में 6 पुलिस कैंप स्थापित हो चुके हैं। इससे नक्सलियों की मुश्किलें बढ़ गयीं हैं। वे स्वच्छंद कहीं भी आने-जाने की स्थिति में नहीं हैं। यही वजह है कि निरीह लोगों की हत्या करके इलाके में अपना दबदबा कायम रखना चाहते हैं।

### क्या है वन ग्राम

अर्जुन सुरीन को जहां फांसी के फंदे पर लटकाया गया है, वह लावाबेड़ा वन ग्राम है। वन ग्राम ऐसे गांवों को कहते हैं, जो जंगल में बसे होते हैं। बड़ी संख्या में लोग अपने मूल निवास को छोड़कर जंगलों में घर बनाकर रहने लगते हैं। उन्हें उम्मीद होती है कि कुछ दिन रहने के बाद सरकार जंगल की जमीन का पट्टा उनके नाम कर देगी। वे जमीन के मालिक बन जायेंगे।

**AFFIDAVIT**



As per affidavit Ref. No. 80 dated 14.08.2023 **I, Arun Kumar Ram,** S/o Moti Ram, aged about 49 years, by faith-Hindu, by occupation-Business, by Nationality Indian, resident of Village H.No. 134, Harijan Mohalla Ambedkar Nagar Sankul, P.O.-Patratu, P.S. Patratu, Distt. Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That my daughter's actual and correct name is **PRIYANKA KUMARI** which has been mentioned in her educational certificate and Correct Date of Birth 18.03.2008.
2. That due to mistake my daughter's name is **KHUSHI KUMARI** has been mentioned in her UID Card bearing UID No.-4362 7557 7911 and Date of Birth 18.03.2007.
3. That this affidavit is required for authority concern for doing rectification my daughter **PRIYANKA KUMARI and her date of birth 18.03.2008 in place of my daughter name KHUSHI KUMARI and her date of birth** 18.03.2007 for Aadhar Card.

**शपथ पत्र**



शपथ पत्र संख्या 38 दिनांक 20.05.2023 के अनुसार मैं, **सैरा बानो** पति अब्दुल रजाक उम्र करीब 45 वर्ष, धर्म-ईस्लाम राष्ट्रीयता - भारतीय निवासी ग्राम- तेतरौन पोस्ट- परसबाद थाना-जयनगर जिला- कोडरमा, (झारखंड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूं कि:-

1. यह कि उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं.- 3961 0217 1347 में मेरा नाम कैलाश्वरी देवी और मेरे पति का नाम राजेन्द्र राणा दर्ज हो गया है, जो गलत है।
3. यह कि मेरा पहचान पत्र सं.- BMH1169416 एवं राशन कार्ड नं.- 202000419498 एवं पैन कार्ड सं- AXKPB8957C में मेरा नाम सैरा बानो और मेरे पति का नाम अब्दुल रजाक दर्ज है जो सही है,
4. यह कि मेरा आधार कार्ड सं.- 3961 0217 1347 में मेरा नाम सैरा बानो पति अब्दुल रजाक उम्र 45 वर्ष होना चाहिए था। जो मेरा नाम के स्थान पर किसी और का नाम अंकित हो गया है इसे हटाते मेरा हुए उपरोक्त आधार कार्ड सं.- 3961 0217 1347 में अंकित किया जाए। जिसमें मेरा आधार कार्ड के बिना कोई भी कार्यालय में मेरा काम नहीं हो रहा है।
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपना आधार कार्ड में अपना नाम और मेरे पति का नाम सुधारवाने हेतु यह शपथ पत्र बना रही हूं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# भाजपा ने झारखंड के विधायकों को छत्तीसगढ़ चुनाव में लगाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ में जीत का पताका लहराने को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में झारखंड के भाजपा विधायकों को चुनावी मोर्चे पर लगाया गया है।

इनमें राज सिन्हा, नीलकंठ सिंह मुंडा, अमित मंडल, समरी लाल, अमर कुमार बाउरी, कोचे मुंडा, आलोक चौरसिया सहित अन्य विधायक भी शामिल हैं। विधायक अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी के तौर पर चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। सत्तारूढ़ कांग्रेस

### प्रभारी के तौर पर चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे

सरकार के खिलाफ भाजपा के पक्ष में कैसे माहौल बनाते हुए चुनाव प्रचार अभियान और दूसरे कामों को गति दी जायेगी, इसके लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से सोमवार को रायपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रवासी विधायक कार्यशाला सह विधायक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं के स्तर से भाजपा विधायकों और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया।

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को करेंगे सुनवाई

# कांग्रेस कोटे के मंत्री महीने में दो जिलों में करेंगे जनसुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की बैठक में हुई चर्चा के आलोक में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता एवं बादल पत्रलेख की बैठक हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंत्री प्रत्येक माह सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करेंगे, जिसकी सूचना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, संबंधित जिले के कार्यकारी अध्यक्ष, जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी को सूचना दी जायेगी।



बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंत्री प्रत्येक माह दो-दो जिलों में जन-सुनवाई करेंगे। मंत्री को विधायक के तौर पर जो विधानसभा क्षेत्र का कार्य सौंपा गया है, प्रत्येक माह में एक विधानसभा में जन-सुनवाई सुनिश्चित करेंगे। साथ ही साथ बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन विधायकों को विधानसभा की जिम्मेवारी दी गयी है वो सभी अपने-अपने प्रभार के विधानसभा क्षेत्र में जन-सुनवाई सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई, जिसमें तय हुआ कि सभी नेता डुमरी विधानसभा में गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर जीत सुनिश्चित करने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे।

# लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल के सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल के सदस्यों ने शहीद चौक रांची स्थित पांडे गणपत राय जी के शहीद स्थल सह स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं बच्चों के बीच में झंडा वितरण करते हुए भारत को स्वतंत्रता दिलाने में शहीद हुए वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सैलेश अग्रवाल, सचिव आस्था किरण, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा और संतोष अग्रवाल, विकास झंझरिया व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# स्वाति सिंह बनीं सावन क्वीन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

### विक्रमशिला वाटिका अपार्टमेंट सोसायटी में सावन मिलन महोत्सव

**रांची।** विक्रमशिला वाटिका अपार्टमेंट सोसायटी के कम्युनिटी हॉल में सोसायटी की आवासी महिलाओं द्वारा सावन मिलन महोत्सव मनाया गया। ग्रुप की महिलाओं के बीच अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की सफलता में सुष्मिता अग्रवाल एवं मुनमुन की भूमिका अत्यंत प्रशंसनीय रही। विक्रमशिला वाटिका सोसायटी की समस्त महिलाएं इस सावन मिलन कार्यक्रम में मौजूद थीं।

# राज्यपाल से मिले झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) टीएन साहू ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा हुई।

## पीएसआर ट्रांस लॉजिस्टिक्स की प्रीमियम सर्विस का एक साल पूरा

# हमसे बेहतर सर्विस कोई नहीं दे सकता: प्रवीण जैन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पीएसआर ट्रांस लॉजिस्टिक्स की प्रीमियम सर्विस के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में रांची में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रांची के कपड़ा व्यापारी उपस्थित रहे। कानपुर के रहने वाले प्रवीन जैन पीएसआर ट्रांस लॉजिस्टिक्स के चेयरमैन ने कहा कि हमारा हेड ऑफिस कानपुर में है। वर्तमान में तीन स्टेशन पर



हमारी प्रीमियम सर्विस है अगर लोग 8 दिन में माल पहुंच आते हैं तो हम 5 दिन में माल पहुंचाने की गारंटी देते हैं। मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर और सूरत के अंदर अभी कोई नहीं हम से बेहतर सर्विस दे सकता है। प्रवीण जैन ने बताया कि हमारी पॉलिसी क्लेम 48 घंटे के अंदर हमने सर्विस देने का काम किया है। इस कार्यक्रम में कंपनी के मालिक प्रवीण जैन, पार्टनर, डी. सम्यक जैन, ऑल इंडिया मार्केटिंग हेड, केपी सिंह रीजनल हेड संजीव मिश्रा एवं प्रबंधक, सुशील सिंह उपस्थित थे।

# प्रिंस खान गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गिरोह के सक्रिय सदस्य लक्की खान को धनबाद से गिरफ्तार किया है। झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों की फंडिंग और अपराध से अर्जित की गयी संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने को लेकर पुलिस मुख्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में धनबाद पुलिस के सहयोग से एटीएस की टीम ने प्रिंस खान गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी लक्की खान प्रिंस खान के निर्देश पर लेवी नहीं देनेवाले कारोबारियों पर फायरिंग करने की घटना में शामिल रहा है।

# आइएसएम पुंदाग में नये सत्र का इंडक्शन प्रोग्राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट (आइएसएम), रांची में एमबीए, बीबीए और होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में प्रवेश लिए छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम की शुरूआत हुई। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. प्रभात कुमार, सिविल सर्जन-सह-चीफ मेडिकल ऑफिसर, सदर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रांची ने अपने उद्घाटन भाषण में छात्र-छात्राओं को अपने भावी कैरियर के प्रति जागरूक रहने और कार्यों को समयबद्ध तरीके से संकल्प के साथ निष्पादित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में भी प्रबंधन अध्ययन की संभाव्यता असीमित है। विशिष्ट अतिथि डॉ. हरि हरण, पूर्व निदेशक, मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, सेल, रांची ने कहा कि युवाओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में अपने प्रबंधकीय गुणों को सदैव विकसित करने की आवश्यकता है। संस्थान के निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने नये छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर आर. एके वर्मा और प्रोफ (डॉ.) सुशील कुमार ने इंडक्शन प्रोग्राम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अनिमेष सरकार, सहायक अध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रुद्राभिषेक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रुद्राभिषेक यज्ञ धूमधाम से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम बाबा विद्यापति की प्रतिमा पर लोकार्पण कर जय जय भैरवी असुर भयावनी पशुपति भामिनि माया बाबा विद्यापति रचित आरती गाकर सभी भक्तजन और मुकेश झा शास्त्री द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

तत्पश्चात पंडित शास्त्री जी के द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यजमान जयंत झा के साथ विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक यज्ञ आरंभ किया गया। रुद्राभिषेक यज्ञ समाप्ति के बाद मुकेश झा शास्त्री की टीम द्वारा शिव नाचारी बाबा भोलेनाथ का भजन सुन कर श्रोता झूम उठे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष जयंत झा, मृत्युंजय झा, केतन कुमार झा, डॉ पंकज राय, संतोष कुमार, अमरनाथ झा, भावेश चंद्रा, गोपाल जी ठाकुर, दयानंद झा, अशोक पांडेय, राधेश्याम यादव, रितु नाथ झा, रंजीत लालदास, रमेश भारती, भानु कच्छप, दीपक जायसवाल, महिला मंडली की अध्यक्ष बिंदु झा, माला झा, नीतू झा आदि ने बाबा भोलेनाथ का भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रुद्राभिषेक यज्ञ समाप्ति के बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम की समाप्ति की गयी। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष जयंत झा ने दी।

# झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन ने श्रद्धांजलि दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में सोमवार को ऑड्रे हाउस रांची में एक शोक और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें रांची शहर के दो बेशकीमती दिवंगत कलाकारों स्वर्गीय ताहिर हवारी उर्फ छोटू भाई (उद्घोषक) और स्वर्गीय शिव कुमार महली उर्फ डब्बू महली (गीतकार) को श्रद्धांजलि देने के लिए काफी संख्या में कलाकार एवं संगीत प्रेमी जन उपस्थित हुए। दोनों दिवंगत कलाकारों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित हुए थे। इस मौके पर जेसीएए के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी ने सभा का प्रारंभ दोनों दिवंगत कलाकारों के नाम पर मौन धारण कराकर किया। इस मौके पर झारखंड कल्चरल आर्टिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक पद्मश्री मुकुंद नायक, अध्यक्ष मोनू राज, सचिव डॉ. जयकांत इंदवार, कोषाध्यक्ष राज मौर्य, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार नागवंशी, पूर्व उपाध्यक्ष राजीव सिन्हा, राजू केरकेट्टा, पूनम सिंह, सुमन गाड़ी, सुधीर महली, श्रीकांत इंदवार के अलावा काफी संख्या में कलाकार, निर्माता एवं संगीत प्रेमी रमन गुप्ता, कैलाश जैक्शन, राजू तिर्की, वर्षा लकड़ा, सलोनी तिर्की, राजेश कश्यप सहित कई अन्य कलाकार और फिल्म प्रेमी मौजूद थे। उक्त जानकारी एसोसिएशन के सचिव डॉ जयकांत इंदवार ने दी ।

## हर-हर महादेव : नागपंचमी पर पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

# सातवीं सोमवारी पर पहाड़ी बाबा की हुई भव्य संध्या महाआरती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि श्रावण मास के सातवीं सोमवारी के दिन रांची के पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास रांची शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा संध्या 5:00 बजे पहाड़ी बाबा सहित तमाम देवी देवताओं की दियों एवं अगरबत्ती से संध्या महाआरती की गयी। महाआरती के बाद बोल बम के नारों से पूरा पहाड़ी परिसर गूंज गया। उसके बाद सैकड़ों भक्तों के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया साथ ही बाबा भोलेनाथ के गानों में सभी भक्त गण झूम कर पहाड़ी बाबा को नमन करते हुए पहाड़ी बाबा से प्रार्थना किए कि पूरे भारत में सुख शांति और समृद्धि व्याप्त हो।



### संध्या महाआरती में विशेष रूप से इनका योगदान रहा

श्री भारतेंदु कुमार, नंद किशोर सिंह चंदेल, उज्जवल कुमार सिन्हा, बंटी सिंह, विनय सिंह, सुनील यादव, सचिन कुमार, जितेंद्र सिंह, अमित सिंह चंदेल, विपिन कुमार सिंह, दिलीप सिंह, अशोक यादव, शुभाशीष चटर्जी, रोनित साहू, विजय पाठक, कमलेश यादव, विकास सिंह, शुभम चौधरी महिलाओं में- सुचित्रा सिंह, संजना शर्मा, पूजा कुमारी, शिल्पी कुमारी वर्मा, नीतू सिंह, रिषिता बजाज, स्वप्ना चटर्जी, बेबी गाड़ी, एस बबली, गोपा मुखर्जी, मौसमी सिंह, मीना सिंह, बबीता झा, बबीता सिंह, नीतू बजाज, पिंकी देवी, शोभा देवी, किरण कुमारी, रंजीता पांडे, विक्की, स्वस्तिका मिश्रा, सरोज शर्मा, प्रिया सिंह, ममता मिश्रा, मोनी मुखर्जी, प्रिया मुखर्जी, नोट - आने वाले सोमवारी को बहुत ही भव्य संध्या महाआरती की जायेगी कुछ कार्यक्रमों के साथ।

### सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी

**रांची।** रांची में सावन मास के सातवें सोमवार और नागपंचमी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित अन्य सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। अन्य दिनों की अपेक्षा आज भक्तों की कुछ ज्यादा ही भीड़ है। ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से सभी मंदिर के पास पूरा वातावरण गूंज रहा है। जिले के कांके, कोकर, बूटी मोड़, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से कर रहे हैं।

लोग पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जल, दूध और बेलपत्र अर्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना कर रहे हैं। अहले सुबह से ही पहाड़ी मंदिर का गेट खुलने के बाद से ही नामकुम के स्वर्ण रेखा नदी से जल लेकर पैदल पहुंचे श्रद्धालु बाबा को जल चढ़ा रहे हैं। पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि यह नाग पंचमी खास है, क्योंकि पुरुषोत्तम माह की सातवीं सोमवारी है और इस दिन नाग पंचमी भी है। उन्होंने बताया कि नागपंचमी के दिन सर्प दोष से मुक्ति पाने के लिए उन्हें विशेष पूजा करनी चाहिए, जिनकी कुंडली में कालसर्प दोष है। उन्हें विधि-विधान के साथ राहु काल में इस पंचमी को कालसर्प दोष की पूजा करनी चाहिए। राहु को सर्प माना गया है, जिनकी कुंडली में राहु अशुभ है। उन्हें आज के दिन भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए और दोष को शांत करनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर पहाड़ी मंदिर में भीड़ को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार सुबह से ही मॉनिटरिंग कर रहे थे।

# एक सौ कैदियों को इलेक्ट्रिशियन का प्रमाणपत्र किया वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में सोमवार को श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम ट्रस्ट के द्वारा चलाये जा रहे स्किल डेवलपमेंट सेंटर में एक सौ कैदियों को इलेक्ट्रिशियन का प्रमाणपत्र वितरित किया गया। जेल में संस्था द्वारा पिछले 4 सालों से स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर चलाया जा रहा है।

अब तक लगभग एक हजार कैदियों को इलेक्ट्रिशियन और गार्डनिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें से बहुत से लोग जेल से बाहर निकलने के बाद नौकरी या स्वरोजगार कर रहे हैं। साथ ही यहां स्मार्ट कोर्स के माध्यम से योग, प्रणायाम और सुदर्शन क्रिया के द्वारा कैदियों को अवसाद से निकल कर खुशी का अनुभव कराया जा रहा है।

आर्ट ऑफ लिविंग के जेल स्किल सेंटर हेड रूपेश कुमार ने कहा कि इस सर्टिफिकेट से कैदियों को मदद मिल रही है। बाहर निकलने के बाद उन्हें आसानी से काम मिल रहा है। उनके जीवन में सकरात्मक



बदलाव हो रहा है। वो अपने परिवार के साथ सुखी जीवन बिता रहे हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के सुनील गुप्ता ने कैदियों को बाहर निकल कर जीवन में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। जेल सुप्रिटेंडेंट हामिद अख्तर ने ट्रेनिंग की सराहना की और ट्रेनिंग से ज्यादा फायदा उठाने के लिए कैदियों को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो कैदी बाहर निकलकर अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें जेल ऑथोरिटीज की ओर से सम्मानित किया जायेगा। जेलर मोहम्मद नसीम ने आर्ट ऑफ लिविंग के इस प्रयास की सराहना की और कैदियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दी। प्रमाणपत्र पाकर कैदियों में काफी उत्साह था। उन्होंने अपराध को छोड़ जीवन में अपने परिवार और समाज के लिए अच्छा करने का संकल्प लिया।

## डीएमएफटी और पर्यटन विकास के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

# अवैध खनन पर सीसीटीवी और चेक पोस्ट से करें निगरानी: चंदन कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** डीएमएफटी और पर्यटन विकास के तहत हो रहे कार्यों को लेकर सोमवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीसी ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएमएफटी टीम को वर्तमान में संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना से आम जनों को हो रहे फायदों से संबंधित प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने वर्तमान में संचालित एमटीसी वाहन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से रोस्टर व रूट चार्ट निर्धारित करने का निर्देश दिया।

### हेल्थ वेयरहाउस स्थापित करने का निर्देश

सदर अस्पताल के समीप हेल्थ वेयरहाउस स्थापित करने, दुलमी व चितरपुर के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा दुलमी चितरपुर और पतरातू के लिए एमटीसी केंद्र निर्मित करने के मद्देनजर उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को राज्य स्तर से समन्वय करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की रिक्तियों की जानकारी लेते हुए डीएमएफटी टीम के सदस्यों को सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की रिक्ति से संबंधित प्रस्ताव तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के माध्यम से संचालित गोट बैंक परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लाभुकों को बेहतर तरीके से लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण आयोजित करने और लाभुकों को एक्सपोजर विजिट पर भेजने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

### अवैध खनन पर कसें नकेल

अवैध खनन पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर सीसीटीवी, चेक पोस्ट आदि के माध्यम से निगरानी रखने हेतु प्रस्ताव तैयार करते हुए जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराये गये बर्तनों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी केंद्रों में बर्तनों का नियमित इस्तेमाल सुनिश्चित करते हुए लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराये गये बर्तनों से संबंधित फोटोग्राफ व प्रतिवेदन तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत जिले के सभी प्रखंडों में 15- 15 एकड़ भूमि पर संचालित ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को 5 सितंबर तक चिन्हित सभी एफपीओ का पंजीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

### पर्यटन संभावित क्षेत्रों को करे चिह्नित

पर्यटन विकास संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी से जिले के विभिन्न पर्यटन संभावित क्षेत्रों को विकसित करने के मद्देनजर राज्य स्तर पर भेजे गये प्रस्ताव की जानकारी लेते हुए टूरिज्म फेलो को एक हफ्ते के अंदर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 25 ऐसे स्थलों जिन्हें पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया जा सकता है। उसका निरीक्षण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## इक्कीसों महादेव और स्वर्णरेखा को बचाने के लिए अनूठी पहल

# अब जल सत्यग्रह, कांवर यात्रा के बाद पोस्टकार्ड बनेगा हथियार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वर्णरेखा उत्थान समिति विगत सात वर्षों से स्वर्णरेखा नदी और स्वर्णरेखा और हरमू नदी के संगम पर स्थित नागवंशी धरोहर इक्कीसो महादेव को बचाने के आंदोलनरत है। इसी क्रम में पूर्व में समिति के द्वारा स्वर्णरेखा नदी की स्वच्छता के लिए जल सत्याग्रह किया गया था। तत्पश्चात स्वर्णरेखा नदी की सफाई और इक्कीसो महादेव के संरक्षण के लिए सरकार और आम लोगों का ध्यान खींचने के लिए स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल रानीचुआं से लेकर इक्कीसो महादेव तक की कांवर यात्रा सैकड़ों लोगो के संग की गयी। इसी कड़ी में अब स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा स्वर्णरेखा नदी की सफाई और इक्कीसो महादेव के संरक्षण के लिए पूरे राज्य में एक पोस्टकार्ड 'प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम' लिखने का अभियान चलाया जा रहा है। समिति के सदस्य के द्वारा हरेक परिवार से स्वर्णरेखा नदी और इक्कीसो महादेव को बचाने के लिए पोस्टकार्ड लिखने की अपील की जा रही है। इस अभियान की शुरूआत सोमवारक ो चुटिया स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल की गयी। इस अभियान में स्कूल के 545 भैया, बहनों ने स्वर्णरेखा नदी को बचाने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिखा। इस अभियान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव मदन केशरी, सदस्य छत्रधारी महतो, स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रजीत झा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अभियान को सफल बनाने में समिति के सदस्य मनोज महतो, राजदीप किशोर, रवि सिंह, सतेन्द्र रजक, नंदकिशोर साहू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा आनेवाले दिनों में यह अभियान व्यापक स्तर पर पूरे राज्य में चलाया जायेगा। उक्त जानकारी समिति के सदस्य गौतम देब ने दी।

समिति के इस पोस्टकार्ड अभियान से जुड़ने के लिए 9031759056, 9798149221, 7004926463, 9334712432, 7979927920 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पतरातू बीडीओ ने भुरकुंडा के शौचालय और जर्जर यात्री शेड का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा सब्जी बाजार में बने शौचालय, ट्रेकर स्टैंड पुरन राम चौक स्थित यात्री शेड और रेलवे लाईन के आसपास कचरे के अंबार का पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने सोमवार को निरीक्षण किया। बीडीओ सबसे पहले बाजार में बने सार्वजनिक सुलभ शौचालय स्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने वहां काम कर रहे कर्मियों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। इसके बाद रेलवे लाईन और सब्जी बाजार के पास जमा कचरे के अंबार को देखा। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कचरा जमा होने के कारणों की विस्तार से जानकारी ली। वहीं पुरनराम चैक के पास ट्रेकर स्टैंड में बने जर्जर यात्री शेड का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आसपास के लोगो ने बीडीओ को बताया कि साप्ताहिक सब्जी बाजार के दिन मीट, मुर्गा, मछली बेचने वाले दुकानदार अपने-अपने दुकान का कचरा यहां फेक देते हैं। इसके साथ ही बाजार के दुकानदार अपने दुकानों का कचरा भी उक्त स्थान पर फेंकते है। जिसके कारण कचरे का अंबार लग गया है। कचरे का अंबार लगने से आसपास में काफी दुर्गंध आता है। यहां से लोगो को आने जाने मे काफी मुश्किल होता है। निरीक्षण के बाद बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि विधायक मद से यात्री शेड और पीसीसी सडक का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। उन्होने बताया कि जल्द ही भुरकुंडा के व्यवसायियों के साथ एक बैठक करेंगे। इसके बाद कचरे को दुसरे जगह फेंकने और इसकी साफ-सफाई पर विचार-विमर्श कर इसका निपटारा किया जायेगा। मीटिंग के बाद सब्जी बाजार के किनारे रेलवे लाईन पर जमा कचरे के अंबार को हटाने का प्रयास किया जायेगा। जिससे लोगो को बाजार आने जाने में सुविधा हो सके। मौके पर पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, संजय अग्रवाल, सुरेन्द्र यादव, संजू यादव, चंदन साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि संजय मिले बीआरएल फैक्ट्री प्रबंधन से

# मजदूरों की समस्याओं को दूर करने की रखी मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** मांडू भाजपा विधायक प्रतिनिधि संजय शाह के अगुवाई में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल रांचीरोड स्थित बीआरएल एसआरयू फैक्ट्री प्रबंधन से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने फैक्ट्री के डीजीएम आनंद सिन्हा से मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द पहल करने की अपील की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई कर रहे हैं संजय शाह ने डीजीएम आनंद सिन्हा से जून माह का दो दिनों व जुलाई माह का बकाया वेतन जल्द भुगतान कराने, पीएफ के दो अकाउंट के बदले

एक अकाउंट करने व प्रत्येक माह का वेतन महीने के सात तारीख तक भुगतान करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। वही, डीजीएम आनंद सिन्हा ने मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सभी मांगों को सात दिनों के अंदर पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय शाह ने बताया कि विधायक जेपी पटेल के निदेर्शानुसार प्रबंधन से मुलाकात किया। फैक्ट्री के मजदूरो ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक जेपी पटेल से मुलाकात किया था।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय शाह, सुबोध साहू मधु प्रसाद, गुलटन यादव, जगदीश प्रसाद, संजय प्रसाद, अनीता देवी, प्रमिला देवी शामिल रहे।

# राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 2500 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**रांची (आजाद सिपाही)।** खेलगांव में 24 से 27 अगस्त तक झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता होगी। इसी को लेकर सोमवार को विधायक आवास पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद महतो ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होने कहा कि खेलगांव के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में प्रतियोगिता होगी। इसमें देश के 2500 खिलाड़ी एवं 500 टेक्निकल ऑफिशियल भाग ले रहे है। यह अब तक का सबसे बड़ा किक वॉक्सिंग का आयोजन होने जा रहा है। राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश के सात साल से लेकर 18 साल के बालक एवं बालिका भाग लेंगे। सभी खिलाड़ियों का 23 अगस्त को मेडिकल होगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 24 अगस्त को सुबह 11 बजे विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री हफीजुल हसन मौजूद रहेंगे। समापन समारोह में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रित किया गया है। झारखंड से 150 खिलाड़ी भाग लेंगे इस प्रतियोगिता में सात इवेंट्स में 1450 मेडल के लिए खिलाड़ी अपनी दावेदारी करेंगे। इसमं 360 गोल्ड, 360 सिल्वर और 730 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के रहने तथा खाने का प्रबंध एसोसिएशन द्वारा किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने कहा कि झारखंड से 150 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# अर्निंग फॉर लर्निंग के तहत रांची में नवंबर में होगी बाल कलाकार प्रदर्शनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वावधान में पहली बार दो से पांच नवंबर तक बाल कलाकार प्रदर्शनी कम सेल का आयोजन ऑड्रे हाउस में किया जायेगा। सोमवार को जिला शिक्षा परियोजना के प्रेक्षागृह में राज्य परियोजना निदेशक, शिक्षा परियोजना परिषद किरण कुमारी पासी द्वारा प्रेसवार्ता कर इसका पोस्टर और वीडियो लांच किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर छुपे हुनर और कला को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह का आयोजन किया जा रहा है।

**80 प्रतिशत राशि बच्चों को मिलेगी :** अर्निंग फॉर लर्निंग थीम के साथ कार्यक्रम किया जायेगा। जिस प्रतिभा में बच्चों के अंदर क्षमता है। उसको आगे लाने का प्रयास किया जाएगा। इसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा बनायी गयी कलाकृति को प्रदर्शनी में रखी जायेगी। उसे बेची भी की जायेगी। इसमें 80 प्रतिशत राशि बच्चों को 15 प्रतिशत राशि बच्चे के स्कूल को और 5 प्रतिशत वहां के शिक्षक को दी जायेगी। इसका प्रतिवर्ष आयोजन किया जायेगा। बच्चे अपने विद्यालय के माध्यम से फ्री एंट्री ले सकते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव अक्षय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनी समस्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पतरातू।** विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद ने पीटीपीएस पतरातु स्थित आवास पर सोमवार को जनता दरबार लगाकर ग्रामीण की समस्याओं को सुनी। जितनी भी समस्याओं को लेकर सुदरवर्ती गाँवो से उपस्थित हुए जिनकी समस्याओं का विधायक ने औन स्पॉट निष्पादन किया। और संबंधित विभागों को निर्देशित किया।इस मौके पर कांग्रेस प्रखंडअध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, अंजन प्रसाद, संजय सिह, योगेंद्र सिंह, खोगेन्द्र साव, अनिल कुमार, संजीव सिह, नरेश महतो, शमश खान, अजय पासवान, मोहम्मद हसीफ, मोहम्मद शफीक सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## श्री राधाकृष्ण मंदिर, कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

# भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है : श्याम भैया

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** श्री राधाकृष्ण मंदिर,कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड में असोमवार को दोपहर तीन बजे गणेश वंदना से पुरुषोत्तम मास के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इसमें सुप्रसिद्ध कथावाचक मोहन श्याम दुबे (श्याम भैया) तथा रास बिहारी दुबे (श्री धाम वृंदावन) ने कथा वाचन कर ज्ञान की गंगा बहायी।

कथा वाचक मोहन श्याम दुबे (श्याम भैया) ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। उन्होंने कहा कि श्रीमदभागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है। भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है। अधिक मास में इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। समाज के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा एवं अरुण जसूजा ने बताया कि इस उपलक्ष्य में सोमवार को सुबह 9.30 बजे श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में कलश यात्रा निकाली गयी। इसमें महिलाओं ने सिर पर कलश उठाकर शिव जी के दरबार से मंदिर परिसर की परिक्रमा की। साथ ही जानकारी दी कि रोजाना तीन बजे से शाम साढ़े छह बजे तक श्रीमद्भागवत कथा होगी, जिसमें मोहन श्याम दुबे (श्याम भैया) तथा रास बिहारी दुबे (श्री धाम वृंदावन) गीता के 18 अध्याय और 700 श्लोक के बारे सनातन धर्मावलंबियों को प्रवचन देंगे। रोजाना श्री कृष्ण दरबार का श्रृंगार किया जायेगा और श्री भागवत गीता पर माल्यार्पण किया जायेगा। कार्यक्रम का समापन 28 अगस्त को पूर्ण आहुति हवन के साथ होगा। यह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ स्व. लाला हरि प्रसाद कंगर के परिवार द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है। पहले दिन कार्यक्रम में चंद्रभान तलेजा, राधेश्याम किंगर, मनोहर लाल जसूजा, रामचंद्र तलेजा, राजेश किंगर, ललित किंगर, अंचल किंगर, चंद्रशेखर किंगर, संतोष किंगर, अनिता किंगर, ममता अरोड़ा, सविता किंगर, दुर्गेश किंगर, कुसुम पपनेजा, बिमला किंगर, नीतू किंगर समेत अन्य शामिल हुए।

## डीसी को ज्ञापन सौंपा

**रांची।** खलारी के महुलिया गांव निवासी रमेश कुमार ने रांची के उपायुक्त को ज्ञापन देकर आरोप लगाया गया है कि एसी ऑफिस में बिजनेस एनालिस्ट अमित कुमार ने अवैध तरीके से खतियानी रैयत बन कर गलत वंशावली देकर मुआवजा और सरकारी नौकरी हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि खलारी अंचल के मौजा महुलिया , थाना नंबर 3, खाता नंबर 9, प्लाट नंबर 55, रकबा 6 एकड़ 82 डिसमिल रांची जिला में रैयत रमेश कुमार पिता जेठा साहू है। इसका सेंट्रल कॉल फील्ड द्वारा रेलवे साइडिंग निर्माण हेतु अधिसूचना संख्या 1169, 18.03..2016 द्वारा अधिग्रहित किया गया है, परंतु एसी ऑफिस में पदस्थापित बिजनेस एनालिस्ट अमित कुमार ने हमारे पूर्वज की जमीन के रैयत में फर्जी वंशावली बना कर नौकरी लेने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही धमकी दी जा रही है कि हमारी बात नहीं मानोगे, तो तुम्हे मुआवजी मिलना मुश्किल होगा।

## विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कोकर, रांची

**सूचना**

सुश्री स्मिता सिंह, कनीय लेखा लिपिक, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, कोकर, रांची को सूचित किया जाता है कि आप बिना पूर्व सूचना के दिनांक 01.01.2018 से अभी तक कार्यालय से अनुपस्थित हैं, चूंकि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के पत्रांक 1383 दिनांक 20.06.2017 द्वारा नियुक्ति की गई जिसमें तीन वर्ष के लिए प्रर्यवेक्षण में इस शर्त पर रखे गये थे कि यदि इस अवधि में वे सेवा से त्याग करते हैं तो आप को राशि रु. 1,00,000/- (एक लाख) मात्र निगम के खाते में जमा करना होगा।

अतः आप एक सप्ताह के अंदर कार्यालय में योगदान दें अथवा राशि रु. 1,00,000/- (एक लाख) मात्र निगम के खाते में जमा करें।

# संतुलित नजरिए की जरूरत

पुणे की एक सोसाइटी से जुड़े आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाइकोर्ट के फैसले को बहाल रखा है। यानी आवारा कुत्तों को उस इलाके से हटाने की सोसाइटी की कोशिशों को सुप्रीम कोर्ट से संरक्षण नहीं मिला। इसी साल 7 फरवरी को सात साल के एक बच्चे पर सोसाइटी में घूमने वाले एक कुत्ते ने अटैक कर दिया था, जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ा। सोसाइटी ने उस इलाके में घूमने वाले 20 कुत्तों को पकड़ कर पिंजरे में डलवा दिया, जिसका कुछ डॉग लवर्स ने विरोध किया। मामला न सुलझने पर दोनों पक्ष कोर्ट पहुंचे। हाउसिंग सोसाइटियों में कुत्ते विवाद और टकराव का एक बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। पिछले दिनों इंदौर में कुत्ते के मसले पर ही फायरिंग की घटना हो गयी, जिसमें दो लोगों की जान चली गयी। दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में इसी साल मार्च महीने में आवारा कुत्तों के हमले में 7 और 9 साल के दो बच्चों की जान चली गयी। केरल के कन्नूर जिले में कुत्तों के हमलों की बेतहाशा बढ़ती घटनाओं से जुड़ा एक मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। इस मुद्दे की गंभीरता का अंदाजा इस बात से हो सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत में हर साल रैबीज के चलते करीब 20,000 लोगों की जान जाती है। यह दुनिया में रैबीज से होने वाली कुल मौतों का एक तिहाई है। कुत्तों के हमले की बढ़ती घटनाओं के चलते जहां लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इन्हीं सोसाइटियों में रहने वालों का एक तबका ऐसा है जो घरों में पाले जाने वाले डॉगीज ही नहीं घरों से बाहर के आवारा कुत्तों के भी बचाव में खड़ा नजर आता है। इसमें कुछ गलत भी नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि चाहे हाउसिंग सोसाइटी हों या सोसाइटी के बाहर गलियों मोहल्लों में रहने वाली आबादी, हर नागरिक की सुरक्षा का सवाल अहम है। कुत्तों या अन्य पशुओं से उनकी रक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। लेकिन ऐसा करते हुए अन्य नागरिकों के अधिकारों और पहले से देश में लागू नियम-कानूनों की अनदेखी करने की छूट नहीं दी जा सकती। एक अन्य मामले में दिल्ली हाइकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच भी मान्य कर चुकी है कि आवारा कुत्तों को भोजन का अधिकार है और नागरिकों को भी ये हक है कि वे अपने इलाके में पलने वाले आवारा कुत्तों को खाना खिलायें। हां, इन्हें किस तरह भोजन मुहैया कराया जाये, इस बारे में भी दिल्ली हाइकोर्ट की गाइडलाइन है। कुत्तों के साथ क्रूरता किये बगैर उन्हें केयर दिए जाने, उनका वैक्सिनेशन करने और उनके बर्थ कंट्रोल की व्यवस्था करने जैसे तमाम कदमों के प्रावधान पहले से स्थापित नियमों में हैं। जाहिर है, इस मामले में सावधानी के साथ ही संतुलित नजरिए की जरूरत है।

**एक अन्य मामले में दिल्ली हाइकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच भी मान्य कर चुकी है कि आवारा कुत्तों को भोजन का अधिकार है और नागरिकों को भी ये हक है कि वे अपने इलाके में पलने वाले आवारा कुत्तों को खाना खिलायें।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अकरम ने कहा कि पाकिस्तान में जो भी राजनीतिक मतभेद रहे हों, इस तथ्य पर कोई भी विवाद नहीं कर सकता है कि इमरान खान विश्व क्रिकेट के प्रतीक हैं और उन्होंने ही अपने समय में पाकिस्तान को एक मजबूत इकाई के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिखाया। पीसीबी को वीडियो हटा देना चाहिए और इमरान खान से माफी मांगनी चाहिए।**

# पाकिस्तान में उदार लोकतंत्र का अंधकारमय भविष्य

सईद नकवी

उदार लोकतंत्र, जो पूंजीवाद से जुड़ा हुआ है पहले से ही दुनिया भर में निराशाजनक स्थिति में है। उसे पाकिस्तान में एक और हार मिली। नवीन दुःसाहस के साथ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में बंद कर दिया गया है।

पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास पर एक वीडियो क्लिप तैयार किया है। यह 5 अक्तूबर से 19 नवंबर तक भारत के प्रत्येक उपलब्ध क्रिकेट स्टेडियम में 48 मैचों में से 10 टीमों द्वारा खेले जाने वाले विश्व कप की तैयारी के लिए था।

वीडियो के अस्तित्व को महान पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने एक ट्वीट में लोगों के ध्यान में लाया। विश्व कप के अभ्यास मैचों में से एक को कवर करने के लिए श्रीलंका में उतरने के तुरंद बाद अकरम को वीडियो मिला जिसे उन्होंने ह्यमेरे जीवन का सबसे बड़ा झटका बताया। उन्हें वीडियो से महान इमरान खान का नाम गायब मिला पर यह इमरान ही थे, जिन्होंने कप्तान के रूप में पाकिस्तान को 1992 का विश्व कप जिताया। जाहिर तौर पर यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**2016 में इसी तरह की पैंतरेबाजी का असर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सत्ता में लाने में हुआ था।**

अकरम ने कहा कि पाकिस्तान में जो भी राजनीतिक मतभेद रहे हों, इस तथ्य पर कोई भी विवाद नहीं कर सकता है कि इमरान खान विश्व क्रिकेट के प्रतीक हैं और उन्होंने ही अपने समय में पाकिस्तान को एक मजबूत इकाई के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिखाया। पीसीबी को वीडियो हटा देना चाहिए और इमरान खान से माफी मांगनी चाहिए।

वसीम अकरम जोकि स्वयं विश्व क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं, का ऐसा सहज आक्रोश एक एकल प्रतिक्रिया बन कर रह नहीं सकता था। अकरम के हजारों अनुयायी जो उनके ट्वीट के कारण आलोचना का सामना कर रहे थे, ने जाहिर तौर पर ट्विटर क्षेत्र को विरोध प्रदर्शनों से भर दिया। इस तरह के गुस्से को सड़क पर फैलने या तहखाने में उबलने में कितना समय लगता है। तहरीक-ए-इंसाफ सुप्रीमो के पीछे लोकप्रिय लामबंदी की ताकत ने पाकिस्तानी प्रतिष्ठान को चौंका दिया होगा। पीसीबी ने असमंजस की स्थिति में इमरान को पुनर्जीवित करके सुधारात्मक कार्रवाई करने का फैसला किया। उन्हें विश्व कप 2023 के प्रचार वीडियो में उनका सही स्थान दिया।



**2016 में इसी तरह की पैंतरेबाजी का असर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सत्ता मे लाने में हुआ था। जॉन केरी, राज्य सचिव, ट्रंप को एक गंभीर घटना मानने के लिए तैयार नहीं हो सके। उन्होंने दुनिया भर के राजनेताओं से मुलाकात की जो ट्रंप के व्हाइट हाऊस में प्रवेश की संभावना से हतप्रभ थे।**

इमरान खान को क्रिकेट की दुनिया में जगह न देने का घटिया प्रयास उस राजनीतिक क्षेत्र से उन्हें बाहर करने की कोशिश से भिन्न नहीं है, जिस पर इमरान पाकिस्तान के इतिहास में सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं।

जाहिर तौर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष के स्तर पर कदम उठाया है। अपने प्रमोशनल वीडियो में उन्होंने दुनिया के नं. 1 वन-डे बल्लेबाज बाबर आजम को बाहर कर दिया है। 11वीं कक्षा के एक प्रतिभाशाली स्कूली छात्र, जोकि क्रिकेट का शौकीन था, ने अपने सवाल से मुझे चौंका दिया, अगर इमरान खान पाकिस्तान में सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं, तो वह इस समय जेल में क्यों हैं?

1989 में बर्लिन की दीवार गिरने के बाद से चुनावी नतीजों के मध्यस्थों के रूप में प्रतिष्ठानों ने लोगों की जगह ले ली है। यदि लोग मध्यस्थ होते तो अमेरिका में बर्नी सैंडर्स और यूके में जैरेमी कार्बिन अपने प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से हरा देते।

2016 में प्रकाशित फॉक्स न्यूज पोल से पता चला कि बर्नी सैंडर्स की रेटिंग+28 थी जो राजनीतिक स्पैक्ट्रम के दोनों पक्षों के सभी अमरीकी राजनेताओं से ऊपर थे। इसने द गार्जियन के ट्रैवर टिम को स्पष्ट रूप से बोलने के लिए प्रेरित किया। इस तरह की संख्या के साथ किसी ने सोचा होगा कि डैमोक्रेटिक राजनेता सैंडर्स के साथ जुड़ने के लिए खुद ही गिर रहे होंगे। खासकर यह देखते हुए कि पूरी पार्टी रिपब्लिकन की तुलना में अधिक अलोकप्रिय है, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल है। फिर भी उनके संदेश को अपनाने की बजाय पार्टी की स्थापना शाखा लगभग हर मोड़ पर उनका विरोध करती रही है।

मैं आपको सिर्फ एक छोटा-सा उदाहरण देता हूं कि कैसे प्रतिष्ठान चुनावी राजनीति को निर्धारित करने में खुद को मुखर करते हैं। 2016 की तरह 2020 में लोकतांत्रिक नामांकन के लिए प्राइमरी प्रक्रिया के दौरान सैंडर्स मैदान में दूसरों से आगे निकल रहे थे। उनकी बढ़त को रोकने के लिए अरबपति और न्यूयार्क के पूर्व मेयर माइकल ब्लूमबर्ग दौड़ में शामिल हुए। उनकी एंट्री को प्ले करना पड़ा। न्यूयार्क टाइम्स के थॉमस फ्रीडमैन द्वारा 2 पूर्ण ऑप-एड कॉलम दिखायी दिये, जिन्होंने अपना एक कालम शुरू किया... मुझे माइक पसंद है क्योंकि... इत्यादि।

2016 में इसी तरह की पैंतरेबाजी का असर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सत्ता में लाने में हुआ था। जॉन केरी, राज्य सचिव, ट्रंप को एक गंभीर घटना मानने के लिए तैयार नहीं हो सके। उन्होंने दुनिया भर के राजनेताओं से मुलाकात की जो ट्रंप के व्हाइट हाऊस में प्रवेश की संभावना से हतप्रभ थे। स्तम्भकार सुरजीत भल्ला ने एक और बेहतरीन बात कही। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रंप की जीत पश्चिमी सभ्यता का अंत होगी।

मेरा रुख सीधा था, यदि आप सैंडर्स को असंभव बनाते हैं तो आप ट्रंप को अपरिहार्य बना देंगे। पाकिस्तान के संदर्भ में उसी सूत्रीकरण का एक प्रकार लागू होता है, यदि आप इमरान खान को असंभव बनाते हैं तो आप सैन्य शासन को अपरिहार्य बनाते हैं।

भारत भी आलोचनात्मक मूल्यांकन के लिए योग्य है। इसके लिए अधिक विवरण के लिए एक अलग कालम की जरूरत है। लोकतंत्र के इस सामान्य खोखलेपन में सहमति हमें एक ऐसी मंजिल तक पहुंचायेगी, जो इस कथा के 11वीं कक्षा के छात्र को भ्रामक रूप से आकर्षक लगेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

### जलाभिषेक यात्रा में बोल बम के जयकारे से गूंज उठा सूर्यधाम, हजारों शिवभक्तों की अगुवाई में जल लेकर पैदल शिवालय पहुंचे पूर्व सीएम

# श्रद्धालुओं के संग थिरके पूर्व सीएम, लौहनगरी की जनता और देवी स्वरूपा नारी शक्ति का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता





**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति के द्वारा आयोजित पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवारी को जलाभिषेक यात्रा भक्तिभाव से सम्पन्न हुई। जलाभिषेक यात्रा की अगुवाई सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व सीएम रघुवर दास ने की। यात्रा में संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के संग 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बारीडीह भोजपुर कॉलोनी छठ घाट से कलश में जल लेकर हरि मैदान से भक्तिमय संगीत, मनोरम झांकी, घोड़े, बैंड-बाजा व पुष्पवर्षा के बीच पैदल यात्रा कर शिवालय में जलाभिषेक कर आशीष प्राप्त की। पूर्व सीएम रघुवर दास ने कई किलोमीटर पैदल नंगे पाव की यात्रा तय कर शिवालय में बाबा भोलेनाथ को जलार्पण किया। इस दौरान उन्होंने जमशेदपुर की जनता समेत सम्पूर्ण झारखंड निवासियों के सुख-समृद्धि, उन्नति व शांति की कामना की। यात्रा में शामिल महिलाओं ने गेरुवा वस्त्र तो पुरुषों ने गेरुवा गमछा के साथ हाथों में केसरिया ध्वज लेकर यात्रा की शोभा बढ़ायी। हजारों की संख्या में कतारबद्ध महिलाएं, बुर्जुग, बच्चे बाबा भोलेनाथ के शीघ्र दर्शन को उत्साहित थे। भारी भीड़ को देखते हुए कमेटी द्वारा पूरे यात्रा को बैरिकेडिंग कर व्यवस्थित रूप दिया गया। श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर परिसर के अंदर व बाहर में बड़े पंखे, पूरे रास्ते में जगह-जगह शीतल पेय के काउंटर लगाया गया। जलाभिषेक यात्रा के दौरान तीन स्थानों पर बुलडोजर के ऊपर से पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं को उत्साहित की गयी। श्रद्धालुओं ने बाबा बैधनाथ धाम की तर्ज पर बने अरघा के माध्यम से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक यात्रा में सहयोग के। लिए 200 सूर्यधाम सेवक के संग प्रशासन की ओर से पुलिस बल की तैनाती की गई थी। यात्रा में एम्बुलेंस के साथ मेडिकल सहायता कैम्प लगाए गये थे। जलाभिषेक के पश्चात 42 हजार से अधिक श्रद्धलुओं के लिए 20 काउंटर पर प्रसाद व 15 काउंटर पर पानी की व्यवस्था की गई थी।भव्य जलाभिषेक यात्रा के सफल समापन पर सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व सीएम रघुवर दास ने लौहनगरी की जनता के साथ देवी स्वरूपा नारी शक्ति का विशेष रूप से आभार जताया। दास ने कहा सूर्यधाम के जलाभिषेक यात्रा में आध्यात्म, भक्ति व एकता का विहंगम द्दश्य देखने को मिला। इस ऐतिहासिक यात्रा में हजारों माताएं-बहनें, पुरुष एवं युवाओं के बोल बम के जयकारे और उत्साह से जो भक्तिरस का प्रवाह हुआ है, उसका शब्दों में वर्णन नही किया जा सकता।उन्होंने कहा कुछ असुरी शक्ति हमारे देश की गौरवशाली संस्कृति व परंपरा को नष्ट करने में लगे हैं। बाबा भोलेनाथ उन सभी असुरी शक्ति का नाश करें व श्रद्धालुओं पर अपना आशीर्वाद बनाये रखें। मौके पर संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने जलाभिषेक यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताते हुए कहा सूर्यधाम में उमड़े श्रद्धालुओं के सैलाब ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। सूर्य मंदिर समिति के द्वारा श्रावण मास के तीसरी सोमवारी के इस जलाभिषेक यात्रा में शामिल हजारों माताओं-बहनों और युवा साथियों ने उत्साह व उमंग से भाग लेकर इसे ऐतिहासिक व अविस्मरणीय बनाया।

जलाभिषेक यात्रा में संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, कुसुम पूर्ति, भूपेंद्र सिंह, संजीव सिंह, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# टाटा स्टील फाउंडेशन ने रोजगार के अवसर के लिए मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता





**चाईबासा।** टाटा स्टील फाउंडेशन ने विकास भवन चाईबासा में मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया। सोमवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति झारखंड की महिला, बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा माझी व विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के विधायक दीपक बिरुआ शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया गया। मौके पर पश्चिम सिंहभूम के डीसी अनन्या मित्तल, एसडीएम शशींद्र कुमार बड़ाइक, क्वेस कॉर्प लिमिटेड के वाईस प्रेसिडेंट राजश्री, जीएम अतुल भटनागर सहित झारखंड सरकार व टाटा स्टील लिमिटेड के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री जोबा माझी ने पश्चिमी सिंहभूम के युवाओं के लिए फाउंडेशन व जिला प्रशासन के समर्पित प्रयासों में अपना विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा निकट भविष्य में एमएसडीसी युवाओं के लिए दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल करेगी। मंत्री ने उम्मीद जताते हुए इस पहल की सराहना की। मौके पर फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सौरव रॉय ने कहा एमएसडीसी चाईबासा में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों तक पहुंच को सक्षम करने में प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। जहां उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत है। यह सुविधा व इसकी पाठ्यक्रम

**मंत्री ने उम्मीद जताते हुए इस पहल की सराहना की।**

संरचना आने वाले समय में झारखंड राज्य में युवाओं को कौशल प्रदान करने आदर्श बदलाव लाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा एमएसडीसी की स्थापना पश्चिमी सिंहभूम में रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने के लिए शैक्षिक बुनियादी संरचना व कौशल विकास में अंतराल को मिटाने के उद्देश्य से की गई है। इस पहल के माध्यम से टाटा स्टील फाउंडेशन का इरादा स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की दर व तकनीकी प्रशिक्षण के लिए बाहर जाने वाले युवाओं के मुद्दों को उनके लिए सुलभ क्षेत्र में एक सीखने के मंच को सक्षम करके संबोधित करता है। यह एक प्रबुद्ध, न्यायसंगत समाज बनाने के फाउंडेशन के द्दष्टिकोण के अनुरूप है। जहां हर व्यक्ति सम्मान के साथ जीवन जीने के अवसरों का लाभ उठा सके। कोल्हान व पश्चिम सिंहभूम क्षेत्र में चल रही पहलों में समृद्धि परियोजना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जगन्नाथपुर, दिव्यांगता के लिए सबल केंद्र, नोवामुंडी ब्लॉक में परिधान प्रशिक्षण केंद्र, आईटीआई, जगन्नाथपुर में 2-3 व्हीलर प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं।

### सीआइआइ झारखंड का चौथा आइसीटी कॉन्क्लेव पर सेमिनार आयोजित

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस निर्माताओं के लिए आवश्यक बन रहा : उज्जवल चक्रवर्ती



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के बिस्टुपुर बेलड़ी क्लब में सीआइआइ झारखंड का चौथा आइसीटी कॉन्क्लेव के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित सेमिनार में सीआइआइ झारखंड राज्य काउंसिल के चेयरमैन उज्जवल चक्रवर्ती शामिल हुए। इस अवसर पर आइसीटी कॉन्क्लेव का विषय द फ्यूचर इज नॉउ अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ एआइ फॉर इंडस्ट्रीजह्व पर चर्चा की गई। मौके पर श्री चक्रवर्ती ने कहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया भर के निमार्ताओं के दैनिक कार्यों के लिए तेजी से आवश्यक बनता जा रहा है। एआइ कंपनियां प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, उत्पादकता बढ़ाने व कई नये तरीकों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने में सक्षम हैं। आज के कारखानों में एआई प्रौद्योगिकी की अवधारणा रोबोट से भरे कार्यस्थलों से कहीं आगे निकल गयी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकियों के एकीकरण से इस्पात उद्योग को काफी लाभ होगा। एआई कच्चे माल की सोर्सिंग से लेकर विनिर्माण व गुणवत्ता नियंत्रण तक इस्पात उत्पादन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं में सुधार ला सकती है। एआई विनिर्माण प्रक्रिया को अनुकूलित करने के लिए ऐतिहासिक डेटा और वास्तविक समय सेंसर जानकारी का विश्लेषण कर सकता है। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम उपकरण विफलताओं की भविष्यवाणी कर सकते हैं। इष्टतम दक्षता के लिए उत्पादन मापदंडों को समायोजित कर ऊर्जा खपत को कम कर सकते हैं। सीआइआइ पूर्वी क्षेत्र आइसीटी सबकमिटी के चेयरमैन दीपांकर चक्रवर्ती ने कहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए एक पॉलिशी बननी चाहिए।

एसटीपीआइ रांची सेंटर के एडिशनल निदेशक सिद्दार्थ कुमार राय और एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के डीन डॉ संजय पात्रो ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चुनौतियों व उसके द्वारा होने वाले कार्यों के बारे जानकारी दी। सीआइआइ आइसीटी झारखंड के संयोजक सरजीत झा ने विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कॉन्क्लेव में सीआइआइ जमशेदपुर के चेयरमैन उमेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। तकनीकी सत्र में सीआइआइ झारखंड आइसीटी के सह संयोजक शिवम कमानी, प्रशांत गर्ग, अमित कौल व अशिधारा लहरी ने फ्यूचर ऑफ टेक्नोलॉजी फोकस ऑन एआइ पर अपने विचार रखे। वहीं अन्य तकनीकी सत्र में सीआइआइ आइसीटी झारखंड के संयोजक सरजीत झा, देवप्रिय नंदन, अविनाश सिंह व रोहित सरकार ने ट्रांसफॉर्म मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर इन इंडिया पर जानकारी दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीडीसी ने जिले के 65 प्रशिक्षणार्थियों को हरी झंडी दिखाकर कौशल प्रशिक्षण के लिए किया रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 65 प्रशिक्षणार्थियों को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी प्रशिक्षणार्थी रांची, रायपुर समेत अन्य में स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इन्हें विभिन्न ट्रेड जैसे सिलाई, सहायक नर्स, इलेक्ट्रीशियन, मोबाइल रिपेयर तथा पैकर आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे प्रशिक्षणार्थी ट्रेनिंग लेकर अपना स्वरोजगार कर सकें। साथ ही संबंधित रोजगार में कुशल होकर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकें। विभिन्न प्रखंडों से कुल 65 प्रशिक्षणार्थियों को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया। इनमें रस्तोगी एजुकेशन सोसायटी राजनंदगांव के लिए-28, शाही एक्सपोर्ट रांची-11, सोना युक्ति रांची-7, प्लेनेट इंफ्रा रांची-8, एलएनजी स्किल्स- 6, स्मार्ट ब्रेन नोएडा-5, यानी कुल 65 कैंडिडेट को प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। इस अवसर पर डीडीसी श्री राय ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात आप सभी अपने क्षेत्र में कार्यकुशल हो जायेंगे, जिससे आपको रोजगार प्राप्त करने में सहूलियत होगी। इस मौके पर जेएसएलपीएस के डीपीएम सुशील दास, जिला समन्वयक संयोग संगम पांडे समेत अन्य उपस्थित थे।

### रंका के हुरदाग मंदिर प्रांगण में नागपंचमी मेला का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के हुरदाग हनुमान मंदिर प्रांगण में हुरदाग मेला कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को नागपंचमी के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। इस मेला के अवसर पर कमेटी के द्वारा स्थानीय एवं बाहर से आए पहलवानों का कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस मेला के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह थे, जो समाचार लिखने तक उपस्थित नहीं हो सके थे। सम्मानित अतिथि के रूप में सोनदाग पंचायत की मुखिया रीमा देवी, पति हेमंत पासवान, मुखिया प्रतिनिधि अजय गुप्ता, विजय राम, पूर्व मुखिया मालती देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार रवि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पारिवारिक विवाद में चाकू से बड़े भाई ने छोटे पर किया वार, घायल सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रमना थाना क्षेत्र के करचा गांव में सोमवार को सगे बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना में घायल विकास राम का सदर अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया गया कि विकास राम का बड़ा भाई अपनी मां के साथ किसी घरेलू मामले को लेकर नोंकझोंक करते करते मारपीट शुरू कर दिया। तब मां के रोने की आवाज सुनकर विकास राम ने वहां पहुंच कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। इससे गुस्से में आकर मुकेश राम ने विकास राम पर चाकू से वार कर दिया। चाकू विकास राम के पेट के बाएं बगल में लगी है। इस घटना के बाद स्वजन घायल विकास राम को लेकर सीएचसी रमना में गए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### युवा समाजसेवी विकास दुबे ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ढ़बरीया गांव निवासी सुदामा रजवार की अकस्मात मृत्यु के पश्चात परिजन के समक्ष गरीबी के कारण क्रियाकर्म करने की समस्या खड़ी हो गई थी। मृत्यु की सूचना मिलने के पश्चात क्षेत्र के युवा नेता सह विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विकास दुबे ने सोमवार को परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की तथा परिजनों को राशन, अन्य सामग्री सहित नगद राशि देकर परिजनों को सहयोग किया। ज्ञात हो कि युवा समाजसेवी विकास दुबे लगातार क्षेत्र भ्रमण कर क्षेत्र के लोगों के सुख दुःख से रूबरू हो रहे हैं व उनकी समस्याओं का निदान कराने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। परिजनों के यहां संवेदना प्रकट करने वालों में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

**बैठक :** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने की सामूहिक विवाह की तैयारियों पर चर्चा

# 6 दिसंबर को 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह ऐतिहासिक होगा : अयूब खान

**अब तक लगभग 40 कन्याओं का संस्था में रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है**

**हिंदू और मुस्लिम कन्याओं की शादी उनके रीति रिवाज के अनुसार करायी जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के कार्यालय जिला परिषद मार्केट में 6 दिसंबर को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर संस्था के सचिव विकास कुमार माली के निर्देश पर गढ़वा स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिला प्रबंधक अयूब खान उर्फ बबन की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में संस्था के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला प्रबंधक अयूब खान ने बताया कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था की ओर से 6 दिसंबर को शहर के टाउन हॉल के मैदान में 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कराया जाना है। जिसे लेकर सोमवार को गढ़वा कार्यालय में बैठक बुलायी गयी थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 दिसंबर को होने वाले 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम गढ़वा के लिए इतिहास साबित होगा। उन्होंने कहा कि अबतक संस्था 13 हजार कन्याओं की शादी करा चुकी है। जिसे लेकर संस्था के पदाधिकारी एवं सर्वेयरों के द्वारा पंचायत स्तर पर सर्वे का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने ग्रामीण जनता व मुखिया सहित प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि अपने गांव, पंचायत, ब्लॉक में असहाय गरीब परिवार की अगर कन्याओं के माता-पिता शादी करने में असमर्थ हैं तो वह संस्था से आकर संपर्क करें। संस्था उनकी कन्याओं की शादी निशुल्क कराएगी। साथ ही साथ संस्था के द्वारा शादी के बाद विदाई कार्यक्रम में घरेलू उपयोगी सामग्री जैसे गोदरेज, पलंग दीवान, 51 पीस बर्तन सेट, ट्रंक, तोशक रजाई, बेडशीट, वर वधु का कपड़ा, श्रृंगार सेट, आयरन, कुकर, कप सेट ट्रॉली बैग का भी वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 40 कन्याओं का संस्था में रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि हिंदू या मुस्लिम कन्याओं की शादी संस्था में होने वाले सामूहिक विवाह में कर सकते हैं। मुस्लिम परिवार के लोगों के लिए संस्था निकाह के द्वारा शादी कराएगी। साथ ही साथ हिंदू कन्याओं की हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी करायी जाएगी।

इस अवसर पर गढ़वा काउंसलर प्रतिमा कुमारी, सदस्य रंजीत कुमार, सर्वेयर दीनानाथ साव, मुकेश कुमार मेहता, टिंकू तिवारी, हरिओम चंद्रवंशी, राजेंद्र सिंह, निर्मला देवी, सुषमा देवी, लक्ष्मी देवी, रणजीत कुमार, अमानत खान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल थे।

## संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायें अधिकारी : उपायुक्त

**उपायुक्त ने की जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने बैठक कर विभिन्न विभाग अंतर्गत जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग एवं जेएसएलपीएस से संबंधित कार्यो की समीक्षा की गयी। उक्त विभागों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उपायुक्त ने बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मुख्य रूप से किसान क्रेडिट कार्ड योजना, महिला लखपति किसान योजना, धान एवं मक्का, कृषि मेला, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, स्पॉन वितरण, लाइफ जैकेट वितरण, मुख्यमंत्री फसल राहत योजना, मिट्टी जांच, मिनी कोल्ड रूम समेत अन्य योजनाओं की जानकारी लेते हुए बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जिससे अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ लाभुकों को देने को लेकर ग्राम सभा आयोजित कर लाभुकों के चयन का निर्देश दिया। साथ हीं उपायुक्त ने वेटिंग लिस्ट के आधार पर यदि कोई लाभुक किसी कारणवश इच्छुक नहीं है तो वेटिंग लिस्ट के आधार पर अगले लाभुक का चयन कर योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तिय वर्ष 2022-23 में अब तक कुल 104 लाभुकों को दुधारू गाय का वितरण किया गया है। वहीं 66 लाभुकों के बीच जल्द पशुओं का वितरण किया जाएगा। उपायुक्त ने पशुओं की उपलब्धता की भी जानकारी लेते हुए वेंडर को ससमय पशुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भी जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा कररते हुए उपायुक्त ने लंबित आवेदन को स्वीकृति कराने हेतु जिला अग्रणी प्रबंधक को निर्देश दिया गया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड योजना के नए आवेदन जेनरेट करने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सब्जी के रखरखाव को लेकर सौर्य ऊर्जा से संचालित तीन मिनी कोल्ड स्टोरेज निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित है, जिसे लेकर उपायुक्त ने अच्छे से स्थान का चयन कर मिनी कोल्ड स्टोरेज के निर्माण का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ऐके मांझी, गोपनीय शाखा प्रभारी विकास कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमिता कुमारी, जिला पशुपालन पालन पदाधिकारी डॉ विद्या सागर सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशील दास समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आकाश इलेवन फुटबॉल क्लब रंका टीम बनी विजेता

**स्वतंत्रा सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल गढ़वा जिला फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्वतंत्रा सेनानी कौशल कुमार ठाकुर मेमोरियल गढ़वा जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का फाइनल आकाश इलेवन विश्रामपुर रंका और जे बी प्रतिभा फुटबॉल क्लब बरगढ़ के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच का विधिवत उद्घाटन झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार और एसके पांडे ने किया। मौके पर गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा, ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक, गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, गढ़वा विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता उपस्थित थे। फाइनल मैच 45-45 मिनट खेला गया। पूरे समय दोनों टीमें एक दूसरे को गोल नहीं कर सकीं। लास्ट में टाइ ब्रेकर से मैच का फैसला हुआ। आकाश इलेवन विश्रामपुर रंका की टीम पहले ट्राई ब्रेकर मारते हुए तीन गोल किया और जेबी प्रतिभा फुटबॉल क्लब बरगढ़ की टीम दो गोल मार पायी और आकाश इलेवन की टीम एक गोल से विजेता बनी। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि एसडीओ गढ़वा राज महेश्वरम ने विजेता टीम ट्रॉफी प्रदान की और कैस प्राइस ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने नगद 21 हजार रुपये दिये। उपविजेता टीम को ट्रॉफी झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष एसके पांडे ने दिया और कैश प्राइज 11 हजार क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जे बी प्रतिभा फुटबॉल क्लब बरगर के मनजीत तिर्की को वरीय उपाध्यक्ष उदय तिवारी ने दिया।

**कार्यक्रम :** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन 8 के अध्यक्ष को गढ़वा आगमन पर किया गया सम्मानित

# मेरा गढ़वा आना जायंटस् संवाद को बढ़ावा देना है : आरके चौधरी

**गढ़वा जिला में जायन्ट्स ग्रुप, जायन्ट्स आस्था, जायन्ट्स सहेली सेवा कार्य कर मानवता की मिसाल कायम कर रहे है**

**फेडरेशन अध्यक्ष ने निःशुल्क हृदय जांच शिविर का किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन 8 के अध्यक्ष आरके चौधरी के आगमन पर ज्ञान निकेतन स्कूल में एक स्वागत समारोह का आयोजन कर उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता एवं संचालन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने की। साथ ही जायन्ट्स ग्रुप द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को होने वाले निःशुल्क हृदय जांच शिविर का भी उद्घाटन फेडरेशन अध्यक्ष आरके चौधरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए फेडरेशन अध्यक्ष ने कहा कि मेरा गढ़वा आना जायन्ट्सवाद को बढ़ावा देना है। गढ़वा जिला में जायन्ट्स ग्रुप, जायन्ट्स आस्था, जायन्ट्स सहेली सभी जरूरतमंदों के लिये सेवा कार्य कर मानवता की एक मिसाल कायम कर रहे हैं। उन्होंने हृदय रोग विशषज्ञ सर्जन की प्रशंसा करते हुये कहा कि नारायणा हॉस्पिटल दिल्ली से हर महीने जायन्ट्स के साथ मिल कर स्थानीय मरीजों को जांच कर उन्हें उचित सलाह दे रहे हैं ये बहुत बड़ी बात है। उन्होंने डॉ विकाश केशरी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

फेडरेशन अध्यक्ष ने बताया कि जायन्ट्स अंतराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ एकमात्र भारतीय मूल की संस्था है, इस पर हम सबको गर्व है। उन्होंने बताया कि जायन्ट्स के रूप में गढ़वा की पहचान पूरे फेडरेशन ही नहीं जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन में है। गढ़वा मुख्यालय में जायन्ट्स के तीन ग्रुप के सैकड़ों सदस्यों द्वारा पूरे वर्ष जरूरतमंदों की सेवा के साथ जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसकी रिपोर्टिंग हर महीने देखकर फेडरेशन 8 को गढ़वा जायन्ट्स पर गर्व होता है। स्वागत समारोह में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, एमपी केशरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी डॉ अशोक सोनी, यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केशरी, गढ़वा ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, पूर्व अध्यक्ष बिनोद गुप्ता, सचिव चंद्रभूषण सिन्हा, मीडिया प्रभारी मोजिबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, दीपक तिवारी, रबीन्द्र केशरी, अवधेश कुशवाहा, अशोक विश्वकर्मा, अरुण सोनी, मंदीप प्रसाद, रितेश केशरी मोनू आदि सदस्य उपस्थित थे।

### कांडी की सभी पंचायतों में नागपंचमी की रही धूम

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में नागपंचमी का पर्व धुमधाम से मनाया गया। जिसमें हरिहरपुर, मझिगावां, कांडी, डुमरसोता, लमारी कला, सतबहिनी, सहित विभिन्न जगहों पर स्थित नागाबाबा के स्थान पर धार्मिक रीति रिवाज से पूजा पाठ किया गया। सभी जगहों पर सुबह से ही नाग बाबा की पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी थी। परंपरा के अनुसार कांडी प्रखंड के लगभग सभी घरों में मिष्ठान भोजन ही बना। वहीं प्रखंड मुख्यालय के कांडी बाजार स्थित होटलों, सेमौरा, सुण्डीपुर सहित प्रखंड के सभी होटलों में सिर्फ मिष्ठान की बिक्री बड़ी तेजी से हुई। वहीं प्रखंड के अधिकतर विद्यालयों में भी मीठा भोजन ही विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया गया।

## भवनाथपुर विधायक ने तीन पंचायतों में नल जल योजना का किया भूमि पूजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी प्रखंड के तीन पंचायतों में बनने वाले जल-नल योजना का भूमि पूजन विधायक भानू प्रताप शाही ने सोमवार को किया। नरही, हलिवंता और भोजपुर पंचायत में भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भूमि पूजन के बाद स्थानीय लोगों को संबोधित करते विधायक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जनता के हित के लिए लगातार काम कर रही है। जनकल्याण कारी योजनाओं को धरातल पर लाकर आम लोगों को लगातार सुविधा देने का काम किया जा रहा है। जल-नल योजना केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना है। इससे पेयजल संकट से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में किये गए कामों को लेकर जनता एक बार फिर से मोदी जी को आशीर्वाद देगी। वहीं इस दौरान भानू ने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और झामुमो नेता ताहिर अंसारी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मोदी जी को हटाने के लिए गठबंधन हो रहा है उसी तरह मुझे हटाने के लिए राजा और ताहिर ने गठबंधन किया है। लेकिन जनता ऐसे लोगों को जानती है। उन्होंने कहा कि ताहिर अंसारी का इतिहास अपराध का रहा है। वोट के लिए अनंत प्रताप देव अपराधी किस्म के ताहिर के साथ चल रहे हैं। अनंत का यह कदम पूर्वजों का भी अपमान है। अगर उन्हें विधायक बनने का इतना शौक है तो हमें बोल देते मैं उनके लिए विधायकी छोड़ने के लिए तैयार हूं, लेकिन ताहिर का साथ गलत है। मौके पर मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, लालमोहन यादव, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, ओमप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मण राम, लवली आनंद, बिभूति चौबे, मुकेश चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विधायक भानु प्रताप शाही को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने सौंपा मांग पत्र



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही को पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के बंशीधर नगर अनुमंडलीय अध्यक्ष लवकुश प्रजापति की अध्यक्षता में केतार, भवनाथपुर, नगर उंटारी, खरौंधी, सगमा, रमना, विशुनपुरा, डंडई के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने संयुक्त रूप से पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में राज्य सरकार के साथ संघ के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की वार्ता, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का मानदेय लागू करना, पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक की सेवा स्थाई करना, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का समायोजन करने सहित पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने की मांग शामिल है। विधायक भानु प्रताप शाही ने पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों को आश्वस्त करते हुए बताया कि आपलोगों की मांगें जायज हैं। स्थानीय नीति के अनुसार भी आप झारखंडी हैं और आपकी मांगों को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाऊंगा। इस मौके पर पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह, निरंजन पाठक, नारद कुमार प्रजापति, रविकांत चंद्रवंशी, शंभू ठाकुर, प्रदीप विश्वकर्मा, श्रवण कुमार, अक्षय कुमार रजक, रामप्रवेश कुमार, भोला पासवान, भुनेश्वर राम सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### पति की हत्या की आरोपी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने पति हत्या की आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के गेरुआ सोती गांव में रविवार को अब्दुल सत्तार अंसारी की हत्या पत्नी सफीना बीवी के साथ आपसी विवाद में रविवार को कर दी गई थी। इस संबंध में पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि घटना के बाद मृतक के पिता द्वारा पत्नी सहित चार भाई एवं एक भतीजा पर हत्या करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा चलाये गये सघन छापेमारी अभियान के दौरान रविवार की रात्रि में सफीना बीवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया है। बता दें कि रविवार को सफीना बीबी पति के साथ आपसी विवाद के बाद मैके से अपने भाई भतीजे को बुलाकर अब्दुल सत्तार को धारदार हथियार से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसकी मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई थी। मेराल पुलिस ने उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर हत्या में शामिल आरोपी सफीना बीवी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, जाहिद अंसारी के साथ पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### एआइएमआइएम की बैठक में ओखरगाड़ा पंचायत के कई लोगों ने ली सदस्यता



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एआईएमआईएम के प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एम.एन. खान के नेतृत्व में मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा पंचायत में बैठक हुई। जिसमें कई लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें जहीरूद्दीन, शमशुद्दीन, वसीम अंसारी, शमशेर, मो. जुल्फान, मो. आशिक, मो. फर्शी आलम, मो. शमशाद, मो. इरशाद, फजल अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, परवेज अंसारी, एहरार अंसारी, मो. गेयासुद्दीन, इमरान अंसारी, शमीम अंसारी, राशिद अंसारी, मो. मोनाफ, मोहम्मद जहांगीर, मोहम्मद शफीक, मोहम्मद नेयामत, असगर अंसारी, इसराइल, असलम, अखलाश, यासीन खान, सुकन अंसारी, शहजाद, कसमुल, जैनुल, अफसर, जसीम, मुमताज, कुतबुद्दीन, अमीन सहित कई दर्जन लोग शामिल हुए।

# जिला व्यवसायी संघ का खूंटी चेंबर में विलय, 10 सितबंर को चेंबर का चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला व्यवसार्यी संघ का खूंटी चेंबर ऑफ कॉमर्स में विलय हो गया। सोमवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स और व्यवसायी संघ की हुई संयुक्त बैठक के बाद आम सहमति से व्यवसायियों के संगठन की मजबूती के लिए दोनों संगठनों का एकीकरण किया गया। खूंटी जिला व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राजकुमार जयसवाल ने संघ का चेंबर ऑफ कॉमर्स में विलय की घोषणा की, जिसका सभी व्यवसायियों ने स्वागत किया। अब खूंटी जिले में व्यवसायियों का सिर्फ एक ही संगठन हो गया है। खूंटी चेंबर के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान कार्यवाहक अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने विलय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे व्यापारियों के लिए एक जवाब देह संगठन का निर्माण हो गया। बताया कि 27 अगस्त को होने वाले खूंटी चेंबर का चुनाव अब 10 सितंबर को होगा। विनोद जयसवाल ने बताया कि सदस्यता शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है। 27 अगस्त तक नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा और 29 अगस्त को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन शुल्क 2500 रुपये निर्धारित किया गया है। चेंबर के सदस्य ही नामांकन में भाग ले सकते हैं। नामांकन फॉर्म 30 अगस्त से दो सितंबर तक गया मुंडा स्थित अस्थायी कार्यालय में नामांकन शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। तीन सितंबर दोपहर 12 बजे तक नामांकन वापस लिया जा सकता है। बैठक में विनोद जयसवाल, राजकुमार जयसवाल, प्रशांत भगत, उदय भाला, ज्योति सिंह, विश्वजीत देवघरिया, रवींद्र कुमार, सुरेश मिश्रा, अनूप साहू, रोहित जैन, परमानंद कश्यप, दिलीप कर, रिशु जैन, दिलीप साहू, अमितेश भगत, आनंद राम, राजिक खान आदि उपस्थित थे।

## बाबा आम्रेश्वर धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़, हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** श्रावण महीने की सोमवारी को खूंटी जिले के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लगभग 80 हजार भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया। बाबा आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक और पूजन-अर्चन के लिए रविवार रात से ही श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे थे। देर रात से ही यहां मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। तड़के 3.30 बजे जैसे ही मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के जवान, प्रबंध समिति के सदस्य और एनसीसी कैडेट व्यवस्था को संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे। तड़के प्रारंभ हुई पूजा-अर्चना का यह दौर पूरे दिन अनवरत जारी रहा।

## स्कूलों में चोरी करने वाले गिरोह का सरगना जैकब गिरफ्तार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी, गुमला, सिमडेगा, रांची जिले के विभिन्न स्कूलों में चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं को अंजाम देनेवाले गिरोह के सरगना जैकब भेंगरा को भी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का सफाया कर दिया। इस गिरोह के छह लोगों को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गिरोह का सरगना पुलिस को चकमा देकर फरार था। पुलिस ने बताया कि जैकब नवयुवकों को गांजा, शराब की लत थी। उन्हें चोरी करने के टिप्स बताता था। उसकी बातों में आकर नये युवा चोरी करने के लिए राजी हो जाते थे। जैकब पूर्व में भी जेल जा चुका है उस पर 2020 में बाइक चोरी का मामला दर्ज है। जैकब के पास से पुलिस ने चार टैब, एक यामाहा बाइक बरामद किया है।

## जनता की मदद के लिए पुलिस हमेशा तैयार : रंजीत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तपकरा थाना क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय हुसीर में सोमवार को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत हॉकी मैच का आयोजन किया गया। पुलिस ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया और विजेता व उपविजेता टीमो को शील्ड दिये गये। मौके पर लोगों को डायन बिसाही, मॉब लिंचिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए तपकारा के थाना प्रभारी रंजीत किशोर ने कहा कि डायन बिसाही सिर्फ अंधविश्वास के बलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी का डायन कहकर प्रतड़ित करने पर कठोर सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यदि कोई बीमार पड़ जाता है, तो इसका इलाज डॉक्टर से करायें, किसी ओझा-गुणी के चक्कर में न पड़ें। उन्होंने कहा कि पुलिस आम जनता की दोस्त है और हर समय उनकी मदद के लिए तैयार है। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक बलराम सिंह, एसआई रौशन कुमार सिंह, एएसआई रमजानुल हक के आलवा सशस्त्र बल के जवान आदि उपस्थित थे।

## तोरपा के प्रमुख रोहित सुरीन, अधिवक्ता जुनूल होरो के साथ चार पर मामला दर्ज

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के प्रमुख रोहित सुरीन, खूंटी कोर्ट के अधिवक्ता जुनूल होरो जुनास हेमरोम और प्रेम प्रकाश टोपनो के खिलाफ नामजद और 13-14 अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना परिसर में अवैध माजमा लगाकर सरकारी कार्यों में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं के तहत थाने में मामला दर्ज कराया गया है। इन लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 186, 323, 332 और 353 के तहत मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि विगत मंगलवार को तोरपा थाना क्षेत्र के बाजार टांड़ के पास झटनीटोली गांव के उज्जवल सिंह, दिनेश सिंह आदि के साथ कसमार गांव के क्लेमेंट हेमरोम और जकरियस हेमरोम के साथ मारपीट की घटना हुई थी। उसी दिन गांव के दोनों पक्षों में बातचीत कर मामले को सुलझा लिया गया था और थाने में कोई मामला दर्ज नहीं कराया गया। मारपीट के आरोपितों ने ही घायल को तोरपा लाकर उसका इलाज कराया और चावल भी उपलब्ध कराया। इसके पांच दिनों के बाद 20 अगस्त को प्रमुख रोहित सुरीन, अधिवक्ता जुनूल होरो और प्रेम प्रकाश टोपनो के नेतृत्व में सैकड़ों लोग तोरपा थाना पहुंचे और धरने पर बैठ गये। इसको लेकर तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और प्रमुख के बीच बहसाबहसी भी हो गई। बाद में बिना मामला दर्ज कराये ग्रामीण वापस लौट गये। तोरपा के एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी, पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह और थाना प्रभारी मनीष कुमार ने सोमवार को कसामार और झटनी टोली जाकर मामले की जांच की।

## खूंटी में धारदार हथियार से वृद्ध महिला की हत्या

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी थानांतर्गत हुटार बाजार के पीछे चट्टी कानाडीह गांव के जंगल से सोमवार को एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया गया। उसकी धारदार हथियार से पेट और सिर पर वार कर हत्या की गई है। महिला की पहचान फुदकी देवी (65) के रूप में हुई है। वह खूंटी थानांतर्गत डंडोल गांव की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार फुदकी देवी गत शनिवार को अपने घर से जियारप्पा गांव में अपने भाई के घर आई थी। भाई के घर से ही फुदकी रविवार को हुटार साप्ताहिक हाट गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। ताफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सोमवार सुबह हुटार बाजार के पीछे अवस्थित जंगल की झाड़ी में एक महिला का शव होने की खबर पाकर उसके स्वजन भई वहां पहुंच गए और शव की पहचान की। व्मौके पर पहुंची खूंटी थाना की पुलिस ने आवश्यक पड़ताल के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में महिला के स्वजनों के बयान पर अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध खूंटी थाने में हत्या का एक मामला दर्ज किया गया है।

## मुरहू में ट्रैक्टर पलटा, दबकर चालक की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू थाना अंतर्गत बिंदा बोयसा टोली गांव के समीप रविवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें ट्रैक्टर चालक विक्टर टोपनो (32) की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। वह मुरहू के सिदू करंज टोली गांव का रहने वाला था। ट्रैक्टर में चार-पांच अन्य लोग भी सवार थे, लेकिन वे सभी ट्रैक्टर से दूर गिरे, जिससे मामूली चोट लगी है। घायलों का इलाज सीएचसी मुरहू में किया गया और उन्हें घर भेज दिया गया।

**बैठक : खूंटी व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत नौ सितंबर को**

# अधिक से अधिक वादों के निष्पादन में अधिकारी करें सहयोग : पीडीजे

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** व्यवहार न्यायालय परिसर में नौ सितंबर को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर सोमवार को डालसा सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें खूंटी के अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, सभी बैंकों के एलडीएम, शाखा प्रबंधक, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी और स्थायी लोक अदालत के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों और न्यायिक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वे भी अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की कि मामले के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि नौ सितंबर को खूंटी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पांच हजार से अधिक मामलों का निष्पादन होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जुलाई महीने से ही रिकॉन्सिलिएशन सेशन में आकर लोग अपने वादों का निष्पादन करा रहे हैं।



राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक करते प्रधान जिला जज।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल की व्यवस्था में सुधार संबंधी मांग पत्र सौंपा

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू को सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा के नेतृत्व में भाजपा प्रतिमंडल ने तमाड़ व बुंडू के चिकित्सा व्यवस्था में सुधार को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। उन्होंने स्वच्छता पर सवाल उठाते हुए कहा कि हॉस्पिटल के आसपास काफी गंदगी भरी रहती है। साथ ही मरीजों को जरूरी दवाइयां नहीं मिल पाती हैं। उन्होंने आगे बताया कि हॉस्पिटल में समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं होते है। साथ ही अस्पताल में एंबुलेंस भी समय पर उपलब्ध नहीं रहती है। बतौर बुंडू अस्पताल की भी यही स्थिति है। उन्होंने बुंडू रेफरल हॉस्पिटल के संबंध में कहा कि इसका भवन काफी जर्जर अवस्था में है। जहां कभी भी दुर्घटना घट सकती है। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य रंजित लाहेरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बुंडू नगर के आलोक दास, महामंत्री सुबोध मुखर्जी एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार महतो आदि शामिल थे।

# आपसी रंजिश में युवक की चाकू मारकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बिशुझापा कालोनी के पास आपसी रंजिश में एक युवक ने अपने ही पड़ोसी युवक की चारू मारकर घायल कर दिया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बिशुझापा कालोनी निवासी राजेश कुमार (35) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व मृतक राजेश कुमार और उसके पड़ोसी अमित मरांडी नामक युवक के बीच किसी बात को लेकर नोक झोंक हुई थी। इसी बीच रविवार की शाम बचरा पीपल चौक स्थित बिशुझापा कालोनी के रास्ते पर अमित ने राजेश पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस दौरान रांची में उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर पिपरवार पुलिस बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इसके बाद आईपीएस अधिकारी सह टंडवा एसडीपीओ शंभू सिंह के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसने छापामारी कर आरोपी युवक अमित मरांडी को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध मे पिपरवार थाना में कांड संख्या 39/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है। युवक की मौत के बाद उनके परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। बचरा सपही नदी स्थित शमशान घाट में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## मनरेगा लोकपाल ने किया मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जयसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को लपरा पंचायत में मनरेगा से संबंधित सेवन रजिस्टर एवं अभिलेख का निरीक्षण किया गया। उसके बाद विभिन्न मनरेगा योजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें बसंत उरांव के जमीन पर डोभा निर्माण, तीरथ साहू की जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण, भारत महतो की जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण, राजकुमारी देवी की जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण, रामू उरांव की जमीन पर बिरसा सिंचाई कूप निर्माण, बसंत उरांव की जमीन पर बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर लपरा मुखिया पुतुल देवी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता रविरंजन कुमार, पंचायत सचिव परीक्षित महतो, ग्राम रोजगार सेवक विश्वरंजन कुमार, ग्राम प्रधान रवींद्र मुंडा उपस्थित थे।

# गुणवत्ता में कोई गड़बड़ी करने पर ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी में बैठक कर डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान संतोष जनक साहब नहीं मिलने पर डीडीसी ने पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि यदि योजनाओं की गुणवत्ता में गड़बड़ी की गई तो ठेकेदारों पर एफआईआर और उन्हें ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। इस दौरान राय झारखंडी मंदिर के पास ग्रामीणों द्वारा रोके गए जल मीनार के कार्य की जानकारी मिलने पर उन्होंने विभाग और अंचल को जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का निर्देश दिया। वही, धमधमिया में भी वन विभाग द्वारा रोके गए जल मीनार के कार्य को जल्द क्लीयरेंस लेकर शुरू करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने पंचायत प्रतिनिधियों को भी कहा कि अगले एक-डेढ़ वर्षो में खलारी में पानी की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा।



## खलारी में की डीएमएफटी योजना को लेकर बैठक

खलारी प्रखंड कार्यालय में डीएमएफटी संबंधित योजनाओं को लेकर रांची के डीडीसी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत खलारी प्रखंड में होने वाले कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही डीएमएफटी मद से होने वाले योजनाओं को पारित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, प्रदूषण सहित कई कार्यो की रूपरेखा तैयार की गई। खलारी पीएचसी अस्पताल के लिए एंबुलेंस चालक की व्यवस्था तत्काल करने, शव वाहन उपलब्ध कराने, पीसीसी सड़कों का निर्माण कराने, कई श्मशान घाट का शेड बनाने, बाजार शेड बनाने, नाली का निर्माण कराने, पार्क और खेल मैदान का सुंदरीकरण करने, सभी पंचायत में मैरिज हॉल का निर्माण करने, जर्जर लैंपस को दुरुस्त करने, पुस्तकालय का निर्माण करने का प्रस्ताव पारित किया गया। डीडीसी दिनेश यादव ने कहा कि सभी योजनाओं को चयनित करने को लेकर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। बैठक के बाद डीडीसी ने माली बागान, डीएवी स्कूल खेल मैदान, मायापुर पंचायत में लगे जल मीनार का अधिकारियों के संग निरीक्षण किया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## तरल जैव उर्वरक प्रोन्नत कार्यक्रम का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड झारखंड की ओर से सोमवार को कृभको द्वारा समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला (बीज गुणन प्रक्षेत्र बुंडू ), रांची जिला में तरल जैव उर्वरक प्रोन्नत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कृभको के विनोद कुमार सिंह, के प्रसाद , चंदन कुमार, राहुल कुमार, राकेश कुमार, मनोज कुमार मिश्रा, कालीचरण महतो, दयानंद प्रसाद आदि थे। कृभको के विभिन्न प्रकार के उत्पाद जैसे डीएपी यूरिया बायोफर्टिलाइजर जिंक आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जीभीटी के बीके प्रसाद द्वारा संचालित सभी कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक किसानों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किसानों को नि:शुल्क कृभको तरल जैव उर्वरक का वितरण किया गया

## मुखिया प्रतिनिधि ने किया खेल मैदान कार्य का शिलान्यास



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के शहीद अजित धनंजय महतो विद्यानिकेतन चोगा परिसर में सोमवार को मनरेगा योजना से स्वीकृत लगभग एक लाख 15 हजार रुपये की राशि से बनने वाले खेल मैदान निर्माण कार्य का तुता पंचायत की मुखिया संगीता देवी के प्रतिनिधि रामचरण सिंह मुंडा ने शिलान्यास किया। मुखिया प्रतिनिधि रामचरण सिंह मुंडा ने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं को खेल के क्षेत्र में विकास के लिए मैदान बनाया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी खेल मैदान में अपना जलवा दिखा सके और अपना विकास कर पाये। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानध्यापक क्षेत्रपति महतो, शिक्षक त्रिलोचन यादव, गौरी प्रसाद वर्मा, गोपेश कुमार महतो, सुजीत कुमार दत्ता, भवानी कुमारी, निशिकांत महतो और रोजगार सेवक कैलाश मंडल आदि मौजूद थे।

## पिपरवार के न्युमंगरदाहा में हुई विस्थापित ग्रामीणों की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यु मंगरदाहा गांव मे क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणो की एक बैठक इस्लाम अंसारी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक मे विस्थापित ग्रामीणो के रोजगार से संबंधित बातो पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबधंन द्वारा सबसे पहले मंगरदाहा गांव को विस्थापित किया गया,लेकिन इससे प्रभावित विस्थापित ग्रामीण आज भी रोजगार के लिए भटकने को मजबूर है। पुर्नवास केन्द्र मे मूलभूत सुविधा से ग्रामीण वंचित है। वही अपनी जमीन देने वाले रैयत आज भी नौकरी मुआवजा से वंचित है। बैठक मे मंगरदहा से विस्थापित हुए न्यू मंगरदाहा,कल्याणपुर, चिरैयाटांड़,माल मोहरा पुर्नवास स्थल के विस्थापित ग्रामीणो को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए जोरदार आंदोलन करने का आह्वान किया गया। साथ ही पिपरवार भूमिगत खदान को लेकर 25 अगस्त को होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिक से अधिक विस्थापित ग्रामीण शामिल होने का निर्णय लिया। बैठक मे इस्लाम अंसारी,आशिक अली,कयूम अंसारी,बदरुद्दीन अंसारी, इदरीश अंसारी,सकील अंसारी,इब्राहिम अंसारी,रतन उरांव,कैलाश करमाली, सलकू गंझु,मंगल सिंह, असलम अंसारी,मुख्तार अंसारी,अरशद अंसारी, लियाकत अंसारी,खुर्शीद अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजली करंट से हॉकर की मौत पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के कमाती गांव में सोमवार की सुबह पेपर बांटने जा रहे हॉकर 30 वर्षीय रंजीत हजाम की बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अन्य दिनों की तरह रंजीत अखबार लेकर गांव में बांटने जा रहा था। इस दौरान वह बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। तार की चपेट में आने से साइकिल सवार रंजीत की मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी भारी संख्या में ग्रामीण वहां जमा हो गए। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार फोन किया। अधिकारी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। अधिकारियों के लापरवाह रवैये को देखते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को शव नहीं ले जाने दिया। शव को लेकर बीजूपाड़ा खलारी मार्ग पर बैठ गए। लगभग तीन घंटे तक ग्रामीण इस मार्ग पर अड़े रहे। जाम लगने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कुछ देर बाद थाना प्रभारी रंजय कुमार और विधायक प्रतिनिधि प्रमोद लाल के समझाने से ग्रामीण शांत हुए और शव को उठाने दिया।

बताते चलें कि रंजीत अपने परिवार का एकलौता कमाऊ सदस्य था। अपने पीछे वह अपनी पत्नी तथा तीन बच्चों को भी छोड़ गया। उसकी पत्नी अपने पति के शव को देखकर दहाड़े मार-मार कर रो रही थी। इस घटना को देख कर मौके पर मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं।

## बुढ़मू अंजुमन कमेटी के उप सदर बने अमन राज, हुरहुरी में किया गया सम्मानित



**रातू (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के मोहनपुर निवासी अमन राज को बुढ़मू अंजुमन कमेटी का उप सदर बनाया गया है। रविवार को चकमे स्थित मदरसा कासमिया जेयाउल उलूम में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से अमन ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट के सेकेट्री अमन राज को उप सदर व चकमे के अकील खान को उप सेकेट्री चुना गया। बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमेटी के उप सदर बनाये जाने पर रातू हुरहुरी स्थित जेयाउल हक के आवासीय परिसर में अमन राज को माला व पुष्प देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, बुढ़मू अंजुमन के सदर शमीम बड़ेहार, अमन ग्रुप के मो. सामी, तैयब अंसारी, बबलू अंसारी, जुमवादीन, जेयाउल हक, यूसुफ अंसारी आदि लोग शामिल थे।

## कुरमी कुड़मी विकास मोर्चा की मुरी रेल रोको आंदोलन की तैयारी को लेकर कांके में हुई बैठक



**कांके (आजाद सिपाही)।** सुकुरहुटू कांके में टोटेमिक कुरमी कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले 20 सितंबर से शुरू होने वाले मुरी रेल रोको आंदोलन की तैयारी बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता दीपक कुमार महतो ने की व संचालन जिला सचिव दिनेश महतो ने किया। जिसमें मुख्य रूप से मोर्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार, केन्द्रीय सचिव रूपलाल महतो, उपाध्यक्ष नंदलाल महतो और राजकुमार महतो, लालो देवी, रोशन महतो, मनोज महतो, अनिल महतो, सतीश महतो उपस्थित हुए। बैठक में विचार रखते हुए ओहदार ने कहा कि यदि केंद्र सरकार कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में अविलंब शामिल नहीं करती है तो झारखंड के कुड़मी 20 सितंबर से अनिश्चितकाल तक मुरी जंक्शन रांची में रेल रोकेंगे। जिसकी नुकसान की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। बैठक में मुख्य रूप से मनिता देवी, रबिता देवी, जगेश्वर महतो, आशाराम महतो, कैलाश महतो, रिंकी देवी के साथ सैकड़ों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग उपस्थित थे।

## नगड़ी में रांची सांसद, हटिया विधायक और जिप सदस्य ने किया नल जल योजना का शिलान्यास



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर में नल जल योजना का शिलान्यास रांची सांसद संजय सेठ और हटिया विधायक नवीन जायसवाल एवं नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी ने शिलापट से पर्दा हटाकर और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर प्रखंड के चिपरा, बोबरो, कोलम्बी, उपरदहा, जाजपुर और कोटा में सहित गांव में एकल लघु ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया। मौके पर पूनम देवी, केदार महतो, बजरंग महतो, राकेश केशरी, संजीव तिवारी, विजय महतो, चूड़ामणि महतो, रोहित कुमार, मुखिया मोहन मुंडा, रोपना उरांव, निशा देवी, अनिता देवी, शिवदेव, सुरेश, दिलीप तिर्की, कृष्णा महतो सहित लोग शामिल हुए।


## शिव मंदिर के प्रथम तल्ला की ढलाई की गयी

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नगड़ी स्थित महतो मुहल्ला में शिवमंदिर निर्माण समिति के तत्वावधान में सोमवार को नवनिर्मित शिव मंदिर का प्रथम तल्ला का ढलाई की गयी। इससे पूर्व गांव के समाजसेवी प्रभात महतो, गनेश महतो, भोला महतो, विंध्याचल महतो और शिबदेव महतो सहपत्निक ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर ढलाई का पूजन कर प्रथम पांच कढ़ाई मसाला देकर छत का ढलाई कार्य आंरभ किया। मौके पर नगड़ी पंचायत के मुखिया जय गोपाल उरांव, समिति के अध्यक्ष मनोहर महतो, महामंत्री उत्तम महतो, रामू महतो, रघुनंदन महतो, राजेश महतो, सतेन्द्र महतो, मणिभूषण महतो, महादेव महतो, शंभू महतो, सुमंत कुमार, कुलेश्वर महतो, कुलदीप महतो, बुधना महतो, इन्द्र महतो, सुधीर महतो, कृष्णा महतो, पवन महतो, श्रीकांत भगत सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने ढलाई कार्य में सराहनीय योगदान दिया।

**न्याय की मांग :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलने दिल्ली पहुंचे पीड़ित कलाम अंसारी

# पिछले वर्ष अपराधियों ने उनके दोनों पैर काटकर रेलवे लाइन में फेंक दिया था

**पिछले 26 सितंबर को उनके साथ हुई क्रूरतम घटना का खुलासा अनगड़ा पुलिस अब तक नहीं कर पायी है**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के सीताडीह गांव में पिछले वर्ष ओरमांझी थाना क्षेत्र के कुटे गांव निवासी कलाम अंसारी के साथ हुई क्रूरतम घटना का पूरा खुलासा अबतक अनगड़ा पुलिस नहीं कर पायी है। विदित हो कि गत वर्ष 26 सितंबर को कुछ अपराधियों ने हत्या की नियत से पहले कलाम अंसारी का अपहरण किया और फिर सीताडीह गांव ले जाकर कलाम अंसारी के दोनों पैर को बेरहमी से काटकर अंग-भंग कर दिए जाने के बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से रेलवे लाइन में फेंक दिया था। तब से लेकर आज तक कलाम अंसारी न्याय की मांग एवं कथित आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन सहित संबंधित झारखंड के तमाम आला अधिकारियों के दफ्तरों तक चक्कर काटते हुए थक चुके हैं, पर हर जगह उन्हें निराशा हाथ लगी।

थक-हार कर कलाम अंसारी न्याय की अंतिम आस लिए सोमवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलने दिल्ली पहुंच गए। कलाम अंसारी ने गृह मंत्रालय पहुंचकर अपना दुखड़ा सुनाया। कहा कि मामले में संलिप्त पांच अपराधियों में से सिर्फ एक आरोपी को पुलिस अबतक गिरफ्तार कर पाई है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के यहां से दो लोगों के नाम पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जिसमें सिर्फ एक आरोपी तारकेश्वर सिंह की गिरफ्तारी हुई जबकि एक अन्य आरोपी मुंतजिर अहमद रजा सहित चार अन्य आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों की पहचान कर ली गई है, पर अबतक उन्हें गिरफ्तार करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है।

इधर आरोपियों और उनके परिजनों द्वारा लगातार केस उठा लेने की धमकी देकर प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोपियों की धमकी से पूरा परिवार दहशत में है। कलाम अंसारी का दुखड़ा सुनने के बाद गृह मंत्रालय ने न्याय मिलने का पक्का भरोसा दिया है। कहा कि एक सप्ताह के अंदर जांचोपरांत दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा आरोपी जेल के सलाखों के पीछे होंगे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बने अजीत साहू

**राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक में रांची जिला संगठन के पदाधिकारियों की पहली सूची जारी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांके।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक पंचायत सचिवालय होचर कांके के सभागार में रांची जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी साहू की अध्यक्षता में हुई। संचालन संगठन महामंत्री रामविलास साहू ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने संगठन का विस्तार किया और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं समाज के प्रतिनिधियों के बीच संगठन के उद्देश्यों और सामाजिक न्याय व राजनीतिक भागीदारी के विषय पर विस्तार से चर्चा की। श्री साहू ने सभी की सहमति से रांची जिला संगठन की पहली सूची जारी करते हुए पदाधिकारियों का मनोनयन किया। इसमें कार्यकारी रांची जिला अध्यक्ष अजीत साहू, कपिल साहू, संगठन महामंत्री रामविलास साहू, महामंत्री हीरा लाल साहू, उपाध्यक्ष दीपक साहू, धनकू साहू, मंत्री बाबूलाल साहू, आर्यन कुमार सागर, शंकर प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष डॉ. दानेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी गणेश साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय साहू, बेनी साहू मुरारी साहू, जिला परिषद सदस्य किरण देवी। रांची जिला कार्यसमिति सदस्य पंकज साहू, शत्रुघ्न साहू, बलदेव साहू, रविंद्र साहू, उमेश साहू, दिनेश कुमार साहू बनाए गए।

बैठक में दिलीप कुमार साहू, प्रेमनाथ साहू, सत्येंद्र प्रसाद, धोलेश्वर शाह, निशांत कुमार, चंद्रिका साव, भोला कुमार साहू, दिनेश साहू, बेनी साहू, सोनू कुमार साहू, विष्णु साहू, राज किशोर साहू, विनोद कुमार सहित कई प्रतिनिधिगण शामिल हुए।

## अनावृष्टि के कारण पूरा अनगड़ा प्रखंड क्षेत्र सूखे की चपेट में है : रामकुमार पहान

**अनगड़ा प्रखंड को सूखा क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाजपाइयों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अनगड़ा प्रखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ उत्तम प्रसाद को एक मांगपत्र सौंपा। मांग पत्र में मुख्य रूप से सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाने, किसानों का फसल बीमा करने, कृषि ऋण माफ करने, बिजली बिल माफ करने आदि शामिल है।

मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने कहा कि अनावृष्टि के कारण पूरा प्रखण्ड क्षेत्र सूखे की चपेट में है। खेतों में पानी नहीं रहने की वजह से धान की फसल लगभग बर्बाद होने के कगार पर है। वहीं कुआं, तालाब, नदी, नाला में पर्याप्त पानी नहीं है। कुछ गांव में तो आज भी पीने का पानी की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं।

मौके पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, प्रभुदयाल बड़ाईक, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, दुर्गा महतो, नरेश साहू, रामसाय मुण्डा, सिकंदर अंसारी, कामेश्वर महतो, रामेश्वर महतो, अजय सिंह भोगता, उमेश बड़ाईक, राजेन्द्र महतो, धनीराम महतो, हेमनाथ महतो, घनेनाथ महतो, गबेश्वर महतो आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## सुरसू गांव में जंगली हाथी ने घर तोड़ा



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** सुरसू पंचायत के सुरसू गांव में एक जंगली हाथी ने भोजन की तलाश में कमलेश बेदिया, पिता सावना बेदिया के घर को तोड़ दिया। इसकी जानकारी सुरसू वन अध्यक्ष महेन्द्र बेदिया को दी गई। उन्होंने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। साथ ही हाथी द्वारा हुई क्षति का मुआवजा अतिशीघ्र प्रभावित परिवार को देने की मांग की।

**बैठक :** मांडर प्रखंड अंजुमन कमेटी के गठन की कवायद तेज

# चुनाव कमेटी में शामिल लोग नहीं होंगे प्रत्याशी

**चुनाव कमेटी बनाने के लिए सात लोगों का नाम प्रस्ताव के तौर पर लिया गया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू/मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा में सोमवार को प्रखंड स्तरीय मांडर अंजुमन कमेटी बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। मदरसा महमुदिया सुरसा के प्रांगण में आयोजित बैठक में मांडर प्रखंड के 19 पंचायत के 60 मुस्लिम गांवों के सदर, सेक्रेटरी, समाज के रहनुमा उपस्थित हुये।

बैठक में रातू व बुढ़मू की तर्ज पर मांडर में भी प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान चुनाव कमेटी बनाने के लिए सात लोगों का नाम प्रस्ताव के तौर पर लिया गया। चुनाव कमेटी के गठन के बाद मांडर क्षेत्र के विभिन्न गांव की मस्जिद कमेटियों के सदर, सेकेट्री, मस्जिद के इमाम समेत 15 से 20 सदस्यों की लिस्ट तैयार की जायेगी। इसके उपरांत चुनाव कमेटी की ओर से चुनाव की तारीख की घोषणा की जायेगी। एक मस्जिद से कम से कम 15 से 20 वोटर होंगे। लगभग 12 से 15 सौ के बीच मतदाता होंगे। जो कमेटी के पांच पद सदर, सेकेट्री, उप सदर, उप सेकेट्री व खजांची के प्रत्याशियों को मतदान करेंगे। परन्तु चुनाव कमेटी में शामिल लोग चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। चुनाव कमेटी की ओर से प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह देने के बाद प्रचार के लिए एक सप्ताह का समय दिया जायेगा।

बैठक को अंजुमन कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, बुढ़मू के सदर शमीम बड़ेहार, अमन ग्रुप के सचिव अमन राज आदि लोगों ने संबोधित किया। इरसाद इमाम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को माला व बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना साकिर इस्लाही ने किया।

बैठक में शमीम अख्तर, आजाद अंसारी, आबिद अंसारी, निजाम अंसारी, हाफिज मीन, गफ्फार अंसारी, समसुल हक, अशफाक आलम, रोजीद अंसारी, जमाउद्दीन अंसारी, क्यामुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी, मौलाना मजहर, तनवीर नदवी, नुरुल्लाह नदवी, शमशेर आलम, रोजिद, अलीहसन, हाफिज मोइन,नेजाम अंसारी के अलावा विभिन्न मस्जिद कमेटियों के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री ने सिल्ली पिस्का गांव के पीड़ित परिवारों से मिलकर ढाढ़स बंधाया



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही) ।** भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा जिला महामंत्री बुधराम बेदिया ने सिल्ली पिस्का गांव में हुए हादसे में जान गंवाने वाले परिवारों से मिलकर ढाढ़स बंधाया। साथ ही सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार के एक -एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी एवं 15 लाख रुपए मुआवजा दिया जाये। अगर सरकार इन परिवारों को मुआवजा नहीं देती है तो ब्लॉक से लेकर विधानसभा तक जोरदार अंदोलन किया जाएगा।

### राज्यसभा सांसद के सहयोग से मृतक के परिवार को पहुंचायी गयी सहायता



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी के चंद्रा मायापुर निवासी चंद्रमोहन महतो की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हैं। घायल मंजू देवी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मृतक चंद्रमोहन के तीन छोटे छोटे बच्चे रामू, अनीषा, मनीषा घर पर असहाय हैं। इसकी जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष ओरमांझी को मिली तो राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के सहयोग से मृतक के परिवार को सहायता के तौर पर राशन सामग्री पहुंचाई गई। सहायता सामग्री पहुंचाने वालों में भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, मीडिया प्रभारी राज किशोर साहू, प्रवक्ता अलखनाथ महतो, मंडल अध्यक्ष, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार, शशि भूषण साहू, विजय आनंद चौधरी, सिकंदर महतो, गन्शू महतो, कृष्णा महतो, प्रेम सागर गंझू, अजय ठाकुर, विनोद महतो, बब्लू महतो आदि शामिल थे।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर वाइबीएनयू खेलो-जीतो प्रतियोगिता 29 को



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वाईबीएनयू खेलो-जीतो प्रतियोगिता का आयोजन 29 अगस्त को किया जायेगा। इसे लेकर वाईबीएनयू स्पोर्ट्स कमेटी की एक बैठक सोमवार को मीटिंग हॉल में आयोजित की गयी। बैठक का एजेंडाः राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वाईबीएनयू खेलो-जीतो प्रतियोगिता का सफल आयोजन था। 21 अगस्त से 29 अगस्त तक शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को हॉकी लीजेंड मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन मनाया जायेगा। इस संदर्भ में छात्र कल्याण अधिष्ठाता डीएसडब्ल्यू, एनएसएस समन्वयक और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वाईबीएन विश्वविद्यालय के छात्रों को विभिन्न खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिये कहा गया है। बैठक के बाद डीएसडब्ल्यू डॉ. अर्पणा शर्मा ने कहा कि सभी विषयों पर बारीकी से चर्चा की गयी। वाईबीएन विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों/कॉलेजों के सभी डीन/प्रिंसिपल से भी बात भी की गयी। बताया कि वाईबीएनयू खेलो-जीतो प्रतियोगिता का सफल आयोजन होगा जिसकी तैयारी शुरू हो गयी है। बैठक में डीएसडब्लू डॉ. अर्पणा शर्मा, एनएसएस कोऑर्डिनेटर इ. कौशल किशोर, सौरभ कुमार, जाया मिंज, प्रेमी टोपनो, स्वेता स्वांसी, सकुंता कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रांची जिला रौनियार वैश्य समाज का पहाड़ी मंदिर शिवभक्त कांवरिया सेवा शिविर का समापन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रांची जिला रौनियार वैश्य समाज द्वारा कांवरियों के लिए सेवा शिविर का लगाया गया। पूजा अर्चना के बाद चाय बिस्कुट शुद्ध पेयजल वितरण व्यवस्था भक्त जनों के लिए की गयी। मौके पर रांची जिला रोनियार सभा के मुख्य संरक्षक राधेश्याम गुप्ता चोरिया, शंभू प्रसाद गुप्ता कार्यवाहक अध्यक्ष रांची जिला रौनियार वैश्य सभा, सुबोध कुमार गुप्ता, वरीय उपाध्यक्ष रांची जिला रौनियार वैश्य सभा अशोक कुमार गुप्ता, कार्यवाहक महासचिव रांची जिला सभा राजेंद्र रौनियार बेड़ो, संगठन सचिव रांची जिला सभा, सुरेश प्रसाद साहू संयोजक पहाड़ी मंदिर सेवा शिविर मनीष प्रसाद गुप्ता, सचिव बिहारी लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवपूजन साहू, सचिव रातू इकाई सतीश कुमार गुप्ता, सचिव रांची जिला रौनियार वैश्य सभा एवं रांची जिला रौनियार सभा इकाई के सीताराम साहू, अनिल कुमार गुप्ता, राजेश साहू, सुदामा साहू, विक्की गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, साधु चरण साहू, सोसई आश्रम, मांडर से संदीप गुप्ता, खिलेश्वर प्रसाद गुप्ता बेड़ो, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता रौनियार संगठन सचिव, विजय गुप्ता महूगांव, महूगांव राजेंद्र साहू, पवन साहू, अरुण कुमार गुप्ता ने पहाड़ी मंदिर सेवा शिविर में उपस्थित होकर तन मन धन देकर शिविर के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 25 तक ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला तो सिकिदिरी सब स्टेशन में करेंगे तालाबंदी : रामकुमार पाहन

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** हरातु पंचायत के ढेलुवा खुंटा, खालसा गांव में पिछले एक महीने से ट्रांसफॉर्मर खराब है। ग्रामीणों के बार- बार शिकायत करने पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन वो एक दिन भी नहीं चल पाया। इससे तंग आकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भाजपा महामंत्री सत्यपाल राउत के नेतृत्व में सिकिदिरी सब स्टेशन का घेराव किया। जिसमे पूर्व विधायक रामकुमार पाहन भी शामिल हुए उन्होंने बिजली वितरण के कार्यपालक अभियंता व महा प्रबंधक वितरण पीके श्रीवास्तव से टेलीफोन पर वार्ता की, अधिकारियों ने 25 अगस्त तक जले ट्रांसफार्मर को बदलकर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि अगर 25 तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो अनिश्चित काल के लिए सब स्टेशन में तालाबंदी कर दी जाएगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर जिला प्रभारी सुजीत कुमार, भाजपा मंडल मंत्री रमन कुमार, बिक्की सिंह वालिया, मुन्ना चौधरी, गौतम सिंह, रोहित सिंह, मंदीप सिंह, टिंकू प्रजापति, बिना देवी, मुन्नी देवी, वंदना देवी, ममता देवी, रेखा देवी, पुष्पा भद्र, पूनम देवी, देवंती देवी, गीता देवी मौजूद थे।

### ग्रामीण कार्य विभाग से 11 नयी सड़कें और 19 सड़कों की मरम्मति की स्वीकृति मिली

# क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही एक मात्र लक्ष्य: कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** इसी माह पीएमजीएसवाई से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की 30 ग्रामीण सड़कों की विशेष मरम्मति व निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह की अनुसंशा पर झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग से 11 नई सड़कों के निर्माण के साथ 19 सड़कों की विशेष मरम्मति कार्य को स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही निविदा निकल जायेगी। इस संबंध में विधायक कमलेश सिंह ने पत्रकारों को ग्रामीण कार्य विभाग की स्वीकृति पत्र दिखाते हुए कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र का एक भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि 2022 में 22 ग्रामीण सड़कों का निर्माण शुरू किया गया है। कुछ का काम पूरा हो गया है, कुछ का काम प्रगति पर है। 2023 में पीएमजीएसवाई से 30 सड़कों को स्वीकृति मिलने के बाद मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य विभाग से 30 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। विधायक ने बताया कि स्वीकृत सड़कें बिना भेद भाव के सभी तबके को ध्यान में रख कर की गई है। स्वीकृत सड़कों में नारायणपुर नहर से शिवपुर तक पथ निर्माण कार्य, मंगलडीह कोना पर से महादेव शर्मा के घर तक पथ निर्माण कार्य, पंचायत पोलडीह ग्राम बहेरा भोला मोड़ से कुंदन मोड़ तक, नदीपर यादव टोला से महुदंड रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, बाजारी बुधुआ हडही नदी से बुधवा हरिजन टोला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, जपला पथरा रोड गांवखाप मोड़ से गांवखाप तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, जपला पथरा रोड से लंगरकोट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, जपला चौबे आंगनबाड़ी से कुकही सिमरसोत पीडब्ल्यूडी रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, एल 098 - एल 042 सामुडीह पथरा रोड निमहत मोड़ से इटवा आदि के साथ ही कई अन्य पथ का सुदॉढ़ीकरण कार्य शामिल है।

## हमारा शहर गांव की ओर बढ़ रहा: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पड़वा मोड़ में बने मस्कुलर जिम एंड फिटनेस सेंटर का सोमवार को उद्घाटन किया। कहा कि अब हमारा शहर गांव की ओर बढ़ रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि मेदिनीनगर से सटे पड़वा मोड़ में शुभारंभ हुए जिम किसी भी मायने में शहर के जिम से कम नहीं है। यह जिम बहुत ही हाइजीनिक तरीके से बनाया गया है, जहां शहर और गांव के बच्चे जिम कर सकते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि आने वाले समय में जैसे-जैसे लोग अपने शरीर के प्रति जागरूक हो रहे वैसे-वैसे जिम का कल्चर बढ़ेगा। शहर में तो लड़कियां भी जिम के प्रति जागरूक हुई है और नित्य जिम जा रही है। प्रथम महापौर ने इस जिम के संस्थापक अभिषेक गुप्ता को बधाई दी। इस अवसर पर प्रभात भैया, मनोज विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष विश्वकर्मा समाज, दिलीप मेहता, बेबी विश्वकर्मा, मनदीप मेहता, नीरज पाल, संजय मेहता के साथ ही काफी संख्या में लोग थे।



मस्कुलर जिम एंड फिटनेस सेंटर का उद्घाटन करतीं अरुणा शंकर व अन्य।

## आगे आयें युवा उद्यमी: आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि इस माह के अंत में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के अंतर्गत महिला एवं पुरुष उद्यमियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में एमएसएमई के निदेशक के अलावा लीड बैंक के पदाधिकारी भाग लेंगे और नए उद्यमियों और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अपनी सेवाएं मुहैया कराएंगे।

सभी सम्मानित सदस्यों से विशेषकर महिला उद्यमियों से अनुरोध है कि अपना आधार, पैन कार्ड, बैंक अकाउंट और प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अलावा उद्यम सर्टिफिकेट तैयार करा लें, ताकि उक्त कार्यशाला में 50 हजार से लेकर 50 लाख रुपये तक का ऋण शुलभता से प्राप्त हो सके'। विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9430188122 पर सचिव इंद्रजीत सिंह डिम्पल से जानकारी ले सकते हैं। यह आपकी सूचनार्थ और अग्रिम तैयारी हेतु प्रेषित है।

## आश्रितों को कम से कम समय में लाभ दिलाना सुनिश्चित करें: डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने सोमवार को अनुकंपा समिति की बैठक की। डीसी कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में सामान्य अनुकंपा अंतर्गत कुल 19 मामलों की समीक्षा की गयी जिनमें 08 आवेदकों को सेवा में बहाली के लिए अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया। डीसी और अनुकंपा समिति के सदस्य ने सभी आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता और एनओसी समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर नियुक्ति के लिये आवश्यक व उचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारी को आश्रितों के प्रति गंभीरता बरतने व नियुक्ति के लिए सभी प्रक्रियाओं को ससमय पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आश्रितों के नियुक्ति में कम से कम समय लगे ये सुनिश्चित किया जाना चाहिये। इस मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए नेहा-प्रिया प्रेरणास्रोत: शशि कुमार

**एसएससी कांस्टेबल परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को नगर अध्यक्ष ने किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** एसएससी जीडी कांस्टेबल परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाली हुसैनाबाद शहर के दो सगी बहनों को निवर्तमान नगर अध्यक्ष ने शहर के रुद्रा होटल परिसर में समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। इस दौरान समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष की पत्नी प्रियंका देवी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता आदि ने अभ्यर्थियों और उनके माता-पिता को मिठाई खिलाकर और अंगवस्त्र देकर कर सम्मानित किया। इस अवसर पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष ने कहा कि शहरी क्षेत्र से दो छात्राओं का चयन एसएससी जीडी परीक्षा में होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के युवा अभ्यर्थियों के लिए प्रिया राज और नेहा राज प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। यही कारण है कि मध्यम वर्गीय परिवार से रहने के बावजूद दोनों ने सफलता प्राप्त कर हुसैनाबाद क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं, छेदी खान ने कहा कि कहा कि प्रिया और नेहा अपने कठिन परिश्रम से मुकाम हासिल कर क्षेत्र के लिए मिसाल बने है। इस अवसर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, सूर्यनाथ पासवान, उमरावती देवी, मोहिउद्दीन अंसारी, जाकिर अली उर्फ राज अली, युवा समाजसेवी मिंटू सिंह, राजकुमार राज, शक्ति पासवान, दिनेश पासवान, संजीत कुमार, अनूप सिंह, उदय पासवान, इजहार अंसारी, असगर उर्फ मिथुन आदि मौजूद थे।

## खाप कटैया में महिला की संदिग्ध पस्थिति में मौत, रसोई घर में फंदे पर लटका मिला शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** थाना क्षेत्र के खाप कटैया गांव निवासी टिंकू साव की पत्नी छाया देवी (24) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। सोमवार की सुबह फांसी पर लटकता शव रसोई घर से बरामद हुआ। उधर, घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग फरार हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। उधर, मायका पक्ष के लोगों ने मृतका के पति समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा कि छाया देवी के साथ उसका पति अक्सर मारपीट करता था। मौत की सूचना मिलने पर छाया के मायका वाले बिहार के औरंगाबाद जिले के रिसिअप गांव से दादा मुंशी साव एवं पिता शंकर साव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने उनके सामने महिला के शव को कब्जे में लिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे हरिहरगंज के पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा कि हत्या है आत्म हत्या।

## अवैध बालू खनन व भंडारण की जांच के लिए पांडू पहुंचे डीएमओ, जब्त किया 2500 सीएफटी बालू

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अवैध बालू खनन एवं भंडारण की जांच करने जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार सोमवार को पांडू थाना पहुंचे। जहां से उन्होंने पुलिस अवर निरीक्षक बालदेव सिंह एवं सशस्त्र पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम वृद्धखौरा में छापामारी कर 2500 सीएफटी अवैध भंडारिण बालू जब्त किया। अवैध बालू खनन, भंडारण एवं परिवहन करने में संलिप्त अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पाण्डू थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी और भंडारित बालू को जिम्मेनामा सौंपा।

### ऐसे हुई कार्रवाई

19 अगस्त को अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक द्वारा पाण्डू थाना क्षेत्र के वृद्धखौरा ग्राम का निरीक्षण किया गया था, जहां अवैध बालू भंडारण पाया गया था। इसकी सूचना अंचलाधिकारी द्वारा जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को दी गयी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएमओ आनंद कुमार ने पाण्डू पहुंच कर छापामारी कर भंडारित बालू पाया। जांच जेम्स पोर्टल पर की तो पाया कि भंडारित बालू स्थल पर किसी प्रकार की बालू भंडारण का लाइसेंस प्राप्त नहीं है।

### अवैध बालू खनन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि अवैध बालू खनन, भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्य में जो संलिप्त पाएं जायेंगें उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया है कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू के खनन पर पूरी तरह से रोक है।

## हरिहरगंज सब स्टेशन में लगा ऊर्जा मेला

आजाद सिपाही संवाददाता




**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड कार्यालय स्थित हरिहरगंज विद्युत सबस्टेशन में सोमवार को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के काफी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं ने भाग लेकर कई समस्याओं को रखा और समाधान करने के लिए आवेदन दिया। ऊर्जा मेला में संबंधित उपभोक्ताओं द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाने, दो बार आए बिजली बिल में सुधार करने, लाइन कटवाने अथवा जुड़वाने, नया मीटर लगवाने आदि से संबंधित दर्जनाधिक मामले प्राप्त हुए। वहीं विभाग के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को विभाग की ओर से चलायी जा रही कई योजनाओं की जानकारी दी गई। इसका लाभ लेने का आह्वान किया गया। छत्तरपुर सहायक विद्युत अभियंता धनंजय प्रसाद ने उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल जमा करने की अपील की है। उन्होंने किसी प्रकार की समस्या होने पर हरिहरगंज सब स्टेशन मोबाईल नंबर 8092374401 और जेइ का मोबाईल नंबर 9431707417 पर फोन कर सहयोग मांगने की अपील की है। ऊर्जा मेला में विद्युत विभाग के बड़ा बाबू अरविंद कुमार सिन्हा, कंप्यूटर ऑप्रेटर जफर इमाम, संग्रह लकड़ा, नितीश कुमार, अंजय कुमार, जावेद आलम आदि उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



एशिया कप के लिए बीसीसीआइ ने सोमवार को भारतीय टीम का ऐलान कर दिया। टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी, जबकि हार्दिक पांड्या उप कप्तान होंगे। वहीं, स्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम में जगह नहीं मिली है।

### राहुल-बुमराह और श्रेयस की वापसी, तिलक टीम में, सैमसन रिजर्व प्लेयर, यजुवेंद्र को जगह नहीं

# एशिया कप के लिए टीम इंडिया का एलान, रोहित को कप्तानी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** एशिया कप के लिए बीसीसीआइ ने सोमवार को टीम इंडिया का ऐलान कर दिया। टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही है, हार्दिक पंड्या उपकप्तान होंगे। विकेटकीपर केएल राहुल, बैटर श्रेयस अय्यर, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की वापसी हुई है। वहीं स्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम में जगह नहीं मिली है। सबसे चर्चित नंबर-4 की पोजिशन पर श्रेयस के साथ बैटर सूर्यकुमार यादव और 20 साल के तिलक वर्मा का भी सिलेक्शन हुआ है। वहीं संजू सैमसन रिजर्व प्लेयर के रूप में टीम के साथ ट्रैवल करेंगे। एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय स्क्वॉड जारी किया गया है। बीसीसीआइ ने नई दिल्ली में सोमवार की दोपहर 1.30 बजे बैठक करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में टीम की जानकारी दी। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर भी मौजूद रहे।

### पाकिस्तान-श्रीलंका में 30 से एशिया कप

एशिया कप 30 अगस्त से पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाना है। भारत का पहला मैच पाकिस्तान से दो सितंबर को होगा। इस टूर्नामेंट में भारत को पाकिस्तान और नेपाल के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। वहीं, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान को ग्रुप बी में रखा गया है।

### विकेटकीपर राहुल के साथ ईशान शामिल, सैमसन रिजर्व प्लेयर

ईशान किशन बतौर विकेटकीपर टीम में चुने गए हैं। टॉप ऑर्डर में रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल रहेंगे। संजू सैमसन बैकअप विकेटकीपर के रूप में श्रीलंका जाएंगे। राहुल ने भारत के लिए आखिरी वनडे इसी साल 22 मार्च को खेला था। वह इसके बाद आइपीएल खेलने उतरे, लेकिन मई में फील्डिंग के दौरान घायल हो गए। इसके बाद उन्होंने सर्जरी कराई और अब वह पूरी तरह फिट होकर इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने को तैयार हैं।

### एशिया कप टीम के चार खिलाड़ी इस वक्त आयरलैंड में

बुमराह इस वक्त आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी कर रहे हैं। रविवार तक भारत ने 3 टी-20 की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। तीसरा मुकाबला 23 अगस्त को खेला जाएगा। बुमराह, तिलक, सैमसन और प्रसिद्ध आयरलैंड से भारत लौट जाएंगे। तीनों खिलाड़ी 25 अगस्त को बेंगलुरु में एशिया कप में शामिल टीम इंडिया के बाकी खिलाड़ियों के साथ जुड़ेंगे। एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ट्रेनिंग कैंप 23 से शुरू होगा। इसमें हेड कोच राहुल द्रविड़ के साथ टीम के सभी खिलाड़ी मौजूद रहेंगे।

### शमी डब्ल्यूटीसी के बाद पहली बार खेलेंगे

तेज गेंदबाजी अटैक को जसप्रीत बुमराह लीड करेंगे। उनके साथ मोहम्मद शमी, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज भी रहेंगे। शमी ने इसी साल जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद से कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला। वहीं सिराज वेस्टइंडीज में टेस्ट सीरीज के बाद भारत लौट आए थे। प्रसिद्ध कृष्णा को भी चुना गया है। वह इस वक्त आयरलैंड में हैं।

### रोहित ही कप्तान, कोहली-जडेजा भी साथ रहेंगे

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा जैसे सीनियर खिलाड़ियों को वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से आराम दिया गया है। सभी को एशिया कप की टीम में चुना गया है। रोहित शर्मा ही टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि वेस्टइंडीज में आखिरी 2 वनडे के लिए कमान संभालने हार्दिक पंड्या टीम के उप कप्तान रहेंगे।

## लंदन में कबड्डी मैच के दौरान चलीं गोलियां, तीन घायल

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में ब्रिटिश पंजाबी समुदाय से जुड़े एक कबड्डी टूर्नामेंट में बड़े पैमाने पर अव्यवस्था फैलने और भगदड़ मचने के बाद तीन लोग घायल हो गए। उनमें से एक की हालत गंभीर है। डबीर्शायर पुलिस ने कहा कि डर्बी के अल्वास्टन में एल्वास्टन लेन के इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस की मौजूदगी रहेगी, जहां रविवार को झड़प हुई । कबड्डी टूर्नामेंट की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इनमें देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में लोग इधर-उधर भाग रहे हैं और भीड़ में भगदड़ मची हुई है। वीडियों में गोलियां चलाने की आवाज सुनी जा सकती है। कुल लोग तलवार भांजते हुए भी दिख रहे हैं। माना जा रहा है कि यह घटना दो प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच झड़प का नतीजा थी। डबीर्शायर पुलिस ने कहा कि हमें रविवार को शाम चार बजे के करीब सूचना दी गई कि एल्वास्टन लेन, अल्वास्टन में बड़े पैमाने पर भगदड़ मच गई है और हालात काबू में करने के लिए पुलिस की जरूरत है। पुलिस की तरफ से कहा गया कि तीन लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल है। उन सभी को अस्पताल ले जाया गया है। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद है और अधिकारियों के कुछ समय तक घटनास्थल पर रहने की उम्मीद है। पुलिस ने इस घटना के गवाहों को भी सूचना देने के लिए कहा है। डर्बी वर्ल्ड के अनुसार रविवार को आयोजित कार्यक्रम में यूके भर से विशेषज्ञ खिलाड़ियों को इंग्लैंड कबड्डी फेडरेशन के टूर्नामेंट के लिए एक साथ लाया गया, जो कई फिक्स्चर से बना था।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
11

**आरोप : 55 सूत्री मांगों को लेकर मासस ने नगर निगम के समक्ष किया शक्ति प्रदर्शन**

# शहर का कचरा कभी लोयाबाद तो कभी झरिया में डंप करना चाह रहा निगम : आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद नगर निगम के समक्ष प्रदर्शन करते मार्क्सवादी युवा मोर्चा के नेता-कार्यकर्ता।

**धनबाद।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा की जिला कमेटी ने 55 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को लुबी सर्कुलर रोड स्थित नगर निगम कार्यालय के समक्ष जोरदार पर्दशन किया। इससे पूर्व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गोल्फ ग्राउंड से जुलूस निकाला गया। जुलूस पार्क मार्केट, रणधीर वर्मा चौक, एसएसएलएनटी कॉलेज होते हुए निगम कार्यालय पहुंचा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, जबकि संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने किया। प्रदर्शन में विशेष रूप से मासस के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो और केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी शामिल हुए। अपने संबोधन में आनंद महतो ने कहा कि नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है। नगर आयुक्त के पास कोई दूदर्शिता नहीं है। निगम धनबाद का कचड़ा कभी ग्रामीण क्षेत्र तो कभी लोयाबाद, तो कभी झरिया में डंप करना चाह रहा है। निगम क्षेत्र में मुख्यमार्ग की नियमित सफाई, पानी छिड़काव नहीं होने से पूरा कोयलांचल प्रदूषण की चपेट में है। स्ट्रीट लाइटों की स्थिति ठीक नहीं है। मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो ने कहा कि निगम क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में सड़क को काटकर पाइपलाइन बिछाया गया पर सड़कों पर गड्ढों से निकले आए हैं। कचरा सड़क पर ही छोड़ दिया गया है। योजनाएं सिर्फ कागजों पर बन रही हैं। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बीसीसीएल निगम क्षेत्र में मनमानी कर रहा है। रैयतों का हक अधिकार छीना जा रहा है। इस मौके पर जीप सदस्य बादल बाउरी, दिल मुहम्मद, सुबुर गोराई, एएम पाल, शेख रहीम, संदीप कौशल, राजू महतो, हेमलता देवी, बिजली देवी, पार्वती चक्रवर्ती, सुरजीत चंद्रा, अशोक यादव, प्रिंस सिंह, याकूब अंसारी, निरंजन महतो, देवीलाल महतो, सुखलाल महतो और सुभाष महतो आदि मौजूद थे।

## सावन की सातवीं सोमवारी और नागपंचमी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



शिवालय में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक के लिए उमड़े श्रद्धालु।

**फुसरो/बेरमो।** भगवान भोले शंकर का पवित्र श्रावण महीने की सातवीं सोमवारी और नाग पंचमी के अवसर पर विभिन्न मंदिरों (शिवालय) में सोमवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की आपार भीड़ देखी गई। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र अर्पण कर जलाभिषेक किया। शिव मंदिरों के पूजारी क्रमवार श्रद्धालुओं को वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना करा रहे थे। क्षेत्र के फुसरो के मेन रोड, रानी बाग, बेरमो ब्लॉक के समीप, मकोली, शारदा कॉलोनी, सेंट्रल कॉलोनी, करगली बाजार, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, पुराना वीडियो ऑफिस, करगली गेट, सुभाष नगर, जवाहर नगर, अमलो, ढोरी बस्ती के रेहवाघाट, बड़कीटॉड़, सोतारडीह, कदमाडीह, बालुबैकर, सिंगारबेडा, पिछरी, चलकरी, अंगवाली आदि में श्रद्धालु प्रातः से दोपहर तक मंदिरों में आते रहे। नया रोड फुसरो शिवालय मंदिर के पुजारी पंडित रजजीकांत पांडेय ने श्रद्धालुओं को पुजन कराया।

## सद्भाव-एकजुटता से ही राष्ट्र, राज्य और क्षेत्र का विकास संभव : वीरेंद्र



विजय कुमार सिंह

**बेरमो (आजाद सिपाही)।** ग्राम संसद सद्भाव कार्यक्रम में सोमवार को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम नबीनगर प्रखंड के महुआंव पंचायत अंतर्गत तेतरहर ग्राम, अंकोरहा पंचायत अंतर्गत माड़र ग्राम और कंकेर पंचायत अंतर्गत कंकेर ग्राम में आयोजित हुआ। यहां जनसंवाद के आयोजन में नेताद्वय ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) के सर्वमान्य व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बड़ी स्पष्ट सोच है। उनका मानना है कि सामाजिक सद्भाव और मिल्लत के वातावरण में ही राज्य और देश की तरक्की हो सकती है। एकजुटता और सामूहिकता से ही विकास कार्य निर्बाध गति से हो सकता है। इसी आलोक में 15 अगस्त से ग्राम संसदः सद्भाव की बात अभियान के माध्यम से राज्य और देश में अमन चैन और भाईचारा का संदेश देकर सभी नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। पूर्व सांसद वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूर दृष्टि का ही परिणाम है कि बिहार राज्य विकास के मामले में 10.64 फीसदी की दर से देश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

## राजापुर परियोजना वर्कशॉप में चोरी करने पहुंचे चोरों के दो गुटों में झड़प

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनसार।** बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर परियोजना वर्कशॉप में रविवार की रात लोहा चोरों ने जमकर उत्पाद मचाया। वर्कशॉप के पिछले हिस्से की दीवार तोड़कर लोहा चोरों के एक ग्रुप ने लोह स्क्रैप की गैस सिलेंडर से कटिंग शुरू कर दी। इसकी सूचना पाकर लोहा चोरों के दूसरा ग्रुप वहां पहुंच गया। पहले से लोहा काट रहे चोरों से दूसरे ग्रुप के चोरों के बीच तू-तू मैं-मैं शुरू हो गया। बात बढ़ी तो मारपीट व पथराव शुरू हो गया। परियोजना में रात्रि पाली में काम कर रहे कई बीसीसीएल कर्मी चोरों की आपसी भिड़ंत को देख भयभीत हो गए। बीसीसीएल कुर्मी खुद को परियोजना क्षेत्र में बने अन्य सेक्शन के रूम में बंद कर लिया। इस दौरान लोहा चोरों के दोनों गुट में करीब एक घंटे तक झड़प व पथरबाजी होती रही। लोहा चोरी करने वाले ग्रुप ने खुद को दूजरे ग्रुप से कमजोर पाता देख फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। जिसके बाद दूसरे ग्रुप के लोहा चोर देख लेने की धमकी देते हुए भाग गए। सोमवार की सुबह पूरे मामले की दबी जुबान बीसीसीएल कर्मी आपस में चर्चा करते दिखे। वहीं समाचार लिखे जाने तक बीसीसीएल प्रबंधन ने चोरों द्वारा तोड़े गए सुरक्षा दिवार की मरम्मत नहीं कराई थी।

**कार्यक्रम : चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन**

## मेरी माटी, मेरा देश एक प्रेरणादायक अभियान, देश और माटी से जुड़ने को करता है प्रेरित: सुशील मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



चित्रांकन प्रतियोगिता में शामिल स्कूली बच्चे।

**धनबाद/जामताड़ा।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय धनबाद इकाई की ओर से अमृत महोत्सव अंतर्गत प्रधानमंत्री के आह्वान पर मेरा माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान पर मंगलवार को दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन जामताड़ा जिला के जेबीसी हाई स्कूल में किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें स्थानीय सांसद सुनील सोरेन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के जागरूकता के लिए सोमवार को प्री-पब्लिसिटी अभियान चलाया गया जिसमें जेबीसी उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच रंगोली, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार मरांडी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश एक प्रेरणादायक अभियान है जो हमें अपने देश और अपनी माटी से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। मैं अपने सभी विद्यार्थियों से आग्रह करूंगा कि वह आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और विद्यालय प्रांगण में लगने वाले फोटो प्रदर्शनी को अवश्य रूप से देखें और उससे प्रेरणा लें। वहीं, केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने प्रधानमंत्री द्वारा जुलाई में रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मेरी माटी मेरा देश अभियान के बारे में की गई शुरूआत के बारे में विस्तार से बताया। इससे संबंधित पंच प्रण के बारे में भी जानकारी दी और सभी विद्यार्थियों को इस अवसर पर अपने देश की माटी को नमन और शहीदों का वंदन करने का सुझाव दिया। इस दिन आयोजित प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान के साथ विद्यालय के शिक्षकों मनोज कुमार सिंह, दिवाकर मंडल, विक्की चौधरी, अशोक कुमार, श्रीमति फुलमनी समद, श्रीमति अनिता डांग ने अहम भूमिका निभाई।


**सं0सं0:–18/आरोप–01–104/2021**
**झारखण्ड सरकार**
**स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा डॉ0 भावना, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मरकच्चो, कोडरमा को सूचित किया जाता है कि दिनांक–02.06.2017 से अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने के संदर्भ में विभागीय संकल्प सं0–747(18) दिनांक–13.12.2021 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही में विभागीय जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं उपलब्ध अभिलेखों के सम्यक समीक्षोपरान्त झारखण्ड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के नियम–14(xi) के तहत आपके विरूद्ध सेवा से बर्खास्तगी एवं National Medical Council Conduct, Etiquette and Ethics regulation, 2002 की कंडिका–8.1 एवं 8.2 के तहत निबंधन रद्द करने हेतु National Medical Council एवं State Medical Council से आपके निबंधन रद्द किए जाने की अनुशंसा किए जाने का दण्ड प्रस्तावित है।

अतएव विभागीय प्रशाखा–18 जाँच प्रतिवेदन की प्रति प्राप्त करते हुए उक्त प्रस्तावित दण्ड के सापेक्ष दिनांक–30.08.2023 तक द्वितीय कारण–पृच्छा का जवाब समर्पित करें।

निर्धारित अवधि तक जवाब अप्राप्त रहने पर यह समझा जाएगा की इस संबंध में आपको को कुछ नहीं कहना है एवं तद्नुसार आपके विरूद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

(विद्यानन्द शर्मा पंकज)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 305105 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।
अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग

ई–टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)–652/2023–24
दिनांक :– 19.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बंता–राहे–बुंडू पथ के कि0मी0 19वें में गार्डवाल निर्माण कार्य। |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | 80.00 (अस्सी लाख) रुपये मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | 1.60 (एक लाख साठ हजार) रुपये मात्र.। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | (2) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25.08.2023 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 01.09.2023 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे TenderOnline Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन (UCAN) निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

PR 305126 Road (23-24)D

कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।



सं0सं0:–18/आरोप–01–99/2021
झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा डॉ0 राजीव कुमार चंदन, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गौरियाकरमा, बरही, हजारीबाग को सूचित किया जाता है कि सिविल सर्जन, हजारीबाग के पत्रांक–857 दिनांक–05.07.2021 के अनुसार दिनांक–18.02.2021 से अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने के संदर्भ में आपके विरूद्ध विभागीय संकल्प सं0–762(18) दिनांक–21.12.2021 द्वारा संचालित विभागीय कार्यवाही में विभागीय जाँच पदाधिकारी से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं उपलब्ध अभिलेखों के सम्यक समीक्षोपरान्त झारखण्ड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के नियम–14 के तहत **"संचयात्मक प्रभाव से पाँच वार्षिक वेतनवृद्धि पर रोक"** का दण्ड प्रस्तावित है।

अतएव विभागीय प्रशाखा–18 से जाँच प्रतिवेदन की प्रति प्राप्त करते हुए उक्त प्रस्तावित दण्ड के सापेक्ष दिनांक–30.08.2023 तक द्वितीय कारण–पृच्छा का जवाब समर्पित करें।

निर्धारित अवधि तक जवाब अप्राप्त रहने पर यह समझा जाएगा की इस संबंध में आपको को कुछ नहीं कहना है एवं तद्नुसार आपके विरूद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

(विद्यानन्द शर्मा पंकज)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 305125 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)



**झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में अधिहरण वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, विवरणी निम्नवत् है :

| क्र0 सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | जप्ति पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | **जाहिद हुसैन**, पिता – स्व0 मिर्जा जमाल, साकिन – शिवपुर, थाना – सतगावाँ, जिला – कोडरमा। | 37/18 | टाटा 207 पिकअप भैन | BR-02M-1250 | जलावन | 15.06.18 | श्री बाबुलाल कुम्हार, प्रभारी वनपाल |
| 2 | **मनोज कुमार साहु**, पिता – अर्जुन साहु, साकिन+ थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 52/18 | पुराना 407 ट्रक | BR-13G-4656 | ढीबरा | 15.09.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 3 | **रवि हेम्ब्रम**, पिता – स्व0 लखन हेम्ब्रम, साकिन – खिरीकला, थाना – सतगावाँ, जिला – कोडरमा एवं अन्य 04 | 60/18 | (1) मोटरसाईकिल बजाज सीटी 100 (2) मोटरसाईकिल हीरो आई स्मार्ट | (1) बिना नम्बर का (2) JH-11N-4838 | जलावन | 26.10.18 | श्री बाबुलाल कुम्हार, प्रभारी वनपाल |
| 4 | **नन्हकु सिंह**, पिता – चन्द्रदेव सिंह, साकिन – तेतरियाडीह, डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 03/19 | महिन्द्रा जीप स्मार्ट | BR-47P-2391 | ढीबरा | 28.01.19 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 5 | **कृष्णा यादव**, पिता – स्व0 जगन यादव, साकिन+थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 02/19 | टाटा 407 मिनी ट्रक | BR-17G5175 | ढीबरा | 28.01.19 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 6 | **बिरेन्द्र कुमार मेहता, उर्फ बीरू मेहता**, पिता – शंभु मेहता, साकिन – मधैतिमहुआ, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 01/19 | दस चक्का ट्रक | JH-02E-9731 | ढीबरा | 23.01.19 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 7 | **मुकेश कुमार साव**, पिता – प्रकाश साव, साकिन – सपही, थाना – डोमचाँच, जिला– कोडरमा अन्य 01 | 20/19 | 709 मिनी ट्रक | BR-23G-8305 | ढीबरा | 23.10.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 8 | **चंदन कुमार साव**, पिता – महेन्द्र साव, साकिन – सवैयाटांड़, थाना – रजौली, जिला – नवादा (बिहार) एवं अन्य – 02 | 21/19 | टाटा 709 मिनी ट्रक | OR-02BF-8988 | ढीबरा | 23.10.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 9 | **बाबुलाल यादव**, पिता – भातु महतो, साकिन – कुंभियातरी, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा। | 40/20 | जे0सी0बी0 मशीन | बिना नम्बर का | --- | 01.09.20 | श्री सिद्धेश्वर प्रसाद, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 10 | **सुरेश मेहता**, पिता – प्रदीप मेहता, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 45/20 | 709 ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 10.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 11 | **मुन्ना अंसारी**, पिता – नामालूम, साकिन – बाराटांड़, थाना – रजौली, जिला – नवादा (बिहार)। | 46/20 | टेम्पू (ऑटो) | बिना नम्बर का | ढीबरा | 10.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 12 | **गोवर्द्धन यादव**, पिता – मुंशी यादव, साकिन – घरबरियाबर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 47/20 | बैलगाड़ी | ..... | लकड़ी | 09.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 13 | **बाबुलाल मेहता**, पिता – टोटो मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 48/20 | महिन्द्रा ट्रेक्टर, ट्राली सहित | 475DI, Eng. No.- RJNE00441, Chesis No- RJNE00441 | लकड़ी | 12.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 14 | **बंधु मेहता**, पिता – हेमन मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 49/20 | टेम्पू (ऑटो) | बिना नम्बर का | ढीबरा | 11.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 15 | **मुकेश साव, पिता – प्रकाश साव, साकिन – सपही, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 01** | 51/20 | (1) 407 ट्रक, (2) 407 ट्रक, (3) अपाची, (4) स्पलेंडर बाईक | (1) निबंधन सं0 JH-02M-0957, चेचिस नं0 UD40Q2601407, इंजन नं0 SF386Q2D01520 (2) बिना नं0 का, चेचिस नं0 UKY602912, इंजन नं0 XY003260GBR7128FC111 (3) बिना नं0 का, चेचिस नं0 MD634KE41B2A513, इंजन नं0 0E4AB2218491 (4) बिना नं0 का, चेचिस नं0 MBLHA108FFHE16843, इंजन नं0 HA10ERFHE265801 | दोनों ट्रक पर ढीबरा | 31.10.20 | श्री राकेश कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 16 | **सुरेन्द्र मेहता, पिता – काली मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच जिला – कोडरमा।** | 06/20 | हीरोहोण्डा सी0डी0 डिलक्श मोटर साईकिल | JH-12B-3930 | लकड़ी | 22.01.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 17 | **बीरेन्द्र मेहता, उर्फ बीरू मेहता, पिता – शंभु मेहता, साकिन – मधौतीमहुआ, थाना – डोमचाँच जिला – कोडरमा।** | 10/20 | दस चक्का ट्रक | JH-12B-0692 | ढीबरा | 29.02.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 18 | चंदन मेहता, पिता – गोपी मेहता, साकिन – कालीमंडा, डोमचाँच, थाना – डोमचाँच जिला – कोडरमा। | 11/20 | कम्प्रेशर ड्रील मशीन युक्त महिन्द्रा ट्रेक्टर 475 क़ | इंजन सं–006505439C1, DN011, SF07 | --- | 21.02.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 19 | लल्लु मेहता, पिता – लखन मेहता, साकिन – विघीन पीण्डा, डोमचाँच, थाना – डोमचाँच जिला – कोडरमा। | 13/20 | सफेद रंग का टाटा 407 मिनी ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 07.03.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 20 | सुबोध कुमार, पिता – लालो महतो, साकिन – टेहरो, थाना – सतगावाँ, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 01 | 14/20 | बैलगाड़ी | ---- | लकड़ी | 12.03.20 | श्री सुरेन्द्र कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 21 | परेश यादव, पिता – महरू यादव, साकिन – रामडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 01 | 15/20 | दो वाहन हीरो स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल | (1) निबंधन सं0 – JH12K-8713 (2) JH-12F-2061 | --- | 05.04.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 22 | विजयलाल मेहता, पिता – रामजीत मेहता, उर्फ रामी मेहता, साकिन – रूपनडीह, (बगीयापर) थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 01 | 16/20 | दो पुराना साईकिल | --- | --- | 06.04.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 23 | जितेन्द्र मेहता, पिता – घनश्याम मेहता, साकिन – पंचगावाँ, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 17/20 | पुराना होण्डा साइन मोटरसाईकिल | JH-12J-2599 | लकड़ी | 07.04.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 24 | फिरोज अंसारी, पिता – रजाक अंसारी, ग्राम – ढोढ़ाकोला, थाना – डोमचाँच जिला – कोडरमा। | 18/20 | 709 ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 04.05.20 | श्री राकेश कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 25 | पंकज राम, पिता – सहदेव राम, साकिन – देवीपुर, थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 03 | 20/20 | 03 (तीन) पुराना साईकिल | --- | --- | 20.05.20 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 26 | सुरेन्द्र पंडित, पिता – जयराम पंडित, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 21/20 | काला रंग का टेम्पु | बिना नं0 का | ढीबरा | 29.05.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 27 | दयानन्द मेहता, पिता – स्व0 जीवलाल मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला– कोडरमा एवं अन्य – 04 | 43/20 | बोलेरो पिकअप भैन | WB-73D-0007 | लकड़ी | 23.09.20 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |

उक्त अधिहरण वाद से संबंधित सभी अभियुक्तों एवं उक्त वाद में अन्तर्ग्रस्त जप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों पर अपना दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले में अगली सुनवायी हेतु तिथि 25.08.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना बचाव / दावा प्रस्तुत करें। साथ ही, निर्धारित तिथि 25.08.2023 के पूर्व कारण पृच्छा भी समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित तिथि को सुनवायी के दौरान दावा रखने वाले संबंधित व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय सुनवायी करते हुए अधिहरण वाद को निष्पादित कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल

PR305113 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

## न्यूज रील्स

### अहीर को बुद्धि 12 बजे के बाद आती है : ओपी राजभर

लखनऊ। भाजपा से हाथ मिलाने के बाद सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर और ज्यादा हमलावर हो गये हैं। सोमवार को राजभर ने अखिलेश यादव को उनके बुलडोजर वाले बयान पर घेरा। राजभर ने कहा, अहीर को बुद्धि 12 बजे के बाद आती है। इतना ही नहीं, राजभर ने अपने इस बयान को जातीय टिप्पणी मानने से भी इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में यह कहावत है। दरअसल, 18 अगस्त को फतेहपुर में अखिलेश यादव ने 'बुलडोजर कार्रवाई' पर बड़ा बयान दिया था।

### पीएमओ का प्रतिनिधि बता कर 20 लाख की ठगी

कानपुर। पीएमओ का प्रतिनिधि बता कर एक युवक ने कानपुर के एक प्रॉपर्टी डीलर से 20 लाख रुपये की वसूली की। हर दिन डिमांड बढ़ने पर पीड़ित ने कानपुर के बिठूर थाने में एफआइआर दर्ज करायी है। टाउनशिप पायनियर ग्रीन सिटी, सिंघपुर में एक विला में रहनेवाला आरोपी अभिषेक के रौब को देख कर पीड़ित दबाव में आ गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पंजाब में सड़कों पर किसान, लाठीचार्ज में एक की मौत

चंडीगढ़। पंजाब में एक बार फिर किसान सड़क पर उतर आये हैं। पंजाब के 16 किसान संगठनों ने मंगलवार से चंडीगढ़ में बड़े प्रदर्शन का एलान किया है। किसानों ने चंडीगढ़ कूच कर दिया है। जगह-जगह पर पुलिस उन्हें रोकने में लगी है। उधर, संगरूर जिले के लोंगोवाल में आंदोलन कर रहे किसानों और पुलिस में झड़प हो गयी। इसमें एसएचओ दीपइंदर सिंह जेजी समेत कई पुलिसकर्मी और किसान घायल हैं। लोंगोवाल से बड़बड़ जाते वक्त पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। एक किसान प्रीतम सिंह की मौत हो गयी है।

# ओड़िशा के 14 स्कूलों को 11 करोड़ 68 लाख रुपये मंजूर

- तालचेर में हांडीधुआ सरकारी स्कूल के लिए 1.10 करोड़ रुपये और ढेंकनाल बज्रनाथ बडजेना हाई स्कूल के लिए 1.50 करोड़ मंजूर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर, अंगुल।** स्कूली शिक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए स्टार्स और अन्य योजनाओं के तहत ओड़िशा के 14 स्कूलों को 11 करोड़ 68 लाख रुपये मंजूर किये हैं। विभाग ने बताया कि इसमें से अंगुल हांडीधुआ सरकारी स्कूल को 1 करोड़ 10 लाख रुपये और ढेंकनाल के बज्रनाथ बडजेना हाई स्कूल को 1 करोड़ 50 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं।

24 जून को केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तालचेर में स्थित 'हांडीधुआ प्राथमिक सरकारी स्कूल' का दौरा किया, जहां पर श्री प्रधान ने पढ़ाई कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने स्कूल के शिक्षक और शिक्षयित्री से बात की और वादा किया कि भारत सरकार स्कूल के विकास की जिम्मेदारी लेगी।

गौरतलब है कि इन दोनों स्कूलों के अलावा बरगड के रणाप्रताप हाई स्कूल को 54.10 लाख रुपये, ढेंकनाल भुबन ब्लॉक के पंचायतराज सरकारी हाई स्कूल को 1 करोड़ रुपये और महेंद्रगिरि नगरपालिका को 70 लाख रुपये दिए गए हैं। गजपति पारलाखेमुंडी महेंद्रगिरि पैरापालिका हाई स्कूल के लिए 70 लाख, इसी तरह गंजाम जिले के बेलगुंठ ब्लॉक में जी नुआ गांव उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए 55 लाख, जगतसिंहपुर जिले के नुआ गांव ब्लॉक में अलनाहाट हाई स्कूल के लिए 76 लाख, कलाहांडी जिले के केसिंगा ब्लॉक में सरकारी गर्ल्स हाई स्कूल के लिए 83.80 लाख, कंधमाल जिले के फूलबानी में स्थित सरकारी गर्ल्स हाई स्कूल के लिए 55 .95 लाख, भुवनेश्वर के चंद्रशेखरपुर फेज-2 सरकारी हाई स्कूल को 83.85 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं। इसके अनुसार, मालकानगिरी जिले के खईरीपुट ब्लॉक में काकिरीगुमा हाई स्कूल को 57 लाख रुपये, मयूरभंज जिले के उपरबेढा स्थित सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय को 1 करोड़ 10 लाख रुपये और बंगिरीपोसी स्थित भुआसुनी उच्च प्राथमिक विद्यालय को 1 करोड़ 5 लाख रुपये के साथ रायगड़ा गोविंदचंद्र उच्च विद्यालय को 56.85 लाखों का अनुदान दिया गया है।

# संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर तिसरी में भाजपा की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तिसरी।** बर्णवाल धर्मशाला में छह सितंबर को राजधनवार में आयोजित संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रखंडस्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील अग्रवाल, धनवार सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, तिसरी सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण मोदी, जिला कार्यकारणी सदस्य रामचंद्र ठाकुर उपस्थित थे। बैठक में संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु पंचायतवार प्रभारियों से फीडबैक लिया गया और जिम्मेवारी दी गयी कि संकल्प यात्रा में भारी संख्या में लोगों का जुटान करना है।



बर्णवाल धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा की भाजपा देश हित में कार्य करती है। भाजपा की शासन में सभी जाति वर्ग के साथ महिला और किसानों के उत्थान के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय एक रुपये में पचास लाख की जमीन राजिस्ट्री होती थी। किसानों को तीन माह में छह हजार रुपया मिलता था, लेकिन हेमंत सरकार ने यह महत्वपूर्ण योजना बंद कर दी। यह सरकार महिला के उत्थान और किसान विरोधी सोच वाली पार्टी है। इन मुद्दों को लेकर कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र के लोगों को बतायें। बैठक में चंदोरी मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित, सुनील शर्मा, नरेश यादव, किशुन यादव, दिनेश विश्वकर्मा, उदय साव, मोहन लाल, अर्जुन साव, राजू विश्वकर्मा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल को सामाजिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के सामाजिक और आर्थिक विकास में उनके उत्कृष्ट और निरंतर सकारात्मक योगदान के लिए प्रतिष्ठित सीएसआर टाइम्स लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। शालू जिंदल को सोमवार को नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सीएसआर सम्मेलन 2023 में उज्बेकिस्तान के राजदूत दिलशोद अकतोब से यह प्रतिष्ठित




पुरस्कार मिला। इस अवसर पर मेजर जनरल रवींद्र सिंह, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन, सीएसआर टाइम्स के कार्यकारी संपादक रविशंकर और सीएसआर टाइम्स के संपादक हरीश चंदर और वरिष्ठ कॉर्पोरेट प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर भारत सरकार के राज्य मंत्री (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) एसपी बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद श्रीमती जिंदल ने कहा कि मैं अपने सामाजिक और सांस्कृतिक प्रयासों के लिए इस मान्यता के लिए आभारी हूं। यह मंच मुझे और अधिक करने के लिए प्रेरित करेगा।

जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष के रूप में और अपनी व्यक्तिगत क्षमता में शालू जिंदल ने देश भर में लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। सीएसआर टाइम्स द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में जेएसपी के अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर) प्रशांत होता ने दो पुरस्कार स्वीकार किये।

## भाजयुमो का नव मतदाता जागरूकता अभियान




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने प्रदेश कार्यालय में नव मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि जिन युवाओं और युवतियों की उम्र जनवरी 2024 तक 18 वर्ष हो जायेगी, उन्हें नयी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए भाजपा के पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सहयोग करेंगे। कार्यक्रम मतदाता सूची में नये मतदाताओं को जोड़ने पर केंद्रित था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नये भारत और नये ओड़िशा के निर्माण की पहल में आगामी 2024 के चुनाव में नये युवा मतदाता की भूमिका बेहद अहम है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष पंडा ने कहा कि नए भारत के निर्माण और आम चुनाव में जीत की तैयारी के लिए आज के युवाओं की उपस्थिति आवश्यक है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संवित पात्र, विपक्ष के मुख्य सचेतक विधायक मोहन माझी, प्रदेश साधारण संपादक शारदा प्रसाद शतपथि, वरिष्ठ नेता अशोक मिश्र, युवा मोर्चा के प्रदेश साधारण संपादक दीपक गोछायत उपस्थित रहे और लोकतंत्र में युवा मतदाताओं की भूमिका पर चर्चा की।

## मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का आरोप, जांच शुरू फर्स्ट इयर के छात्र की गर्दन पकड़ कर दाढ़ी काटी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी श्रीजगन्नाथ मेडिकल कॉलेज में रैगिंग करने का आरोप लगा है। प्रथम वर्ष के छात्र को द्वितीय वर्ष की छात्रों ने दाढ़ी काट दी। इस घटना पर कॉलेज के डीन ने पेंठकटा के मरीन पुलिस स्टेशन में एफआइआर दिया है। इसी आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। 3 छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 17 अगस्त शाम को प्रथम वर्ष का छात्र को कमरा नंबर 508 में बुलाया गया था। हालांकि उन्होंने अपनी दाढ़ी कटवा ली थी, लेकिन एक बार फिर उन्हें अपनी दाढ़ी काटने के लिए कहा गया। मना करने पर उसका गला घोंट कर जबरन उसकी दाढ़ी काट दी गयी। 18 तारीख को इस छात्र ने डीन से शिकायत की। उसने आरोप लगाया कि जब परीक्षा चल रही थी, तो ऐसी घटनाओं के कारण वह शारीरिक और मानसिक रूप से प्रभावित हुई थी। एंटी रैगिंग कमेटी की ओर से कार्रवाई करते हुए तीन सीनियर्स को छात्र संसद सदस्य पद से निष्कासित कर दिया गया है।











































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**